लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 19, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए सब मिलकर ज्ञान का दीप जलाएं व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 34.0° अधिकतम तापमान 27.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 51 सूर्यास्त 06 : 21

कानपुर, रविवार, 8 सितंबर 2024

अक्षय ने दिखाई नई फिल्म की झलक...15



दस दिवसीय गणेशोत्सव प्रारंभ : महाराष्ट्र समेत पूरे देश में 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू हो चुका है। उत्सव के पहले दिन मध्य मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग चा राजा गणेश मंडल में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। ● एजेंसी

सैनिक स्कूल से साकार हुआ पीढ़ियों के निर्माण का पवित्र उद्देश्यः योगी

मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर पहली बार गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति, पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल का किया लोकार्पण

- उपराष्ट्रपति ने जोड़ा गोरक्षभूमि का राजस्थान से रिश्ता, योगी को बताया चमत्कारिक नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैनिक स्कूल के जरिए आज पीढ़ियों के निर्माण करने वाला पवित्र उद्देश्य पूरा हो रहा है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण दिन है।

वे शनिवार को नवनिर्मित सैनिक स्कूल गोरखपुर में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इसके पहले पहली बार सपत्नीक गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 49 एकड़ में 176 करोड़ रुपये की लागत से बने स्कूल का लोकार्पण करते हुए गोरक्षभूमि का राजस्थान से रिश्ता जोड़ा और योगी के कार्यों को चमत्कारिक बताया। अन्य राज्यों से उप्र की तर्ज पर सोसाइटी बनाकर सैनिक स्कूल की स्थापना करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर के सांस्कृतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक और सामरिक महत्व बताते हुए विकास के नए आयामों से बनी गोरखपुर और उप्र की विशिष्ट पहचान गिनाई। कहा कि तीन वर्ष की अल्प अवधि में बनकर तैयार हुआ गोरखपुर का सैनिक स्कूल भविष्य की पीढ़ियों का निर्माण करेगा और जीवन के कर्तव्यों का बोध कराने में सहायक सिद्ध होगा। सैनिक संस्थान से निकले विद्यार्थी भविष्य में राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेंगे। योगी ने कहा कि सरकार नई पीढ़ी को उत्तम शिक्षा देने के लिए सर्वोत्तम प्रयास कर रही है।

फीता काटकर सैनिक स्कूल का उद्घाटन करते उपराष्ट्रपति। ● अमृत विचार

राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखाः उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिह्न लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है। उन्होंने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है, बल्कि सशक्त भारत है। संविधान निर्माताओं ने धारा 370 को अस्थायी बनाया था, लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उप्र 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' की संकल्पना के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए, क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है।

एक नजर

जबलपुर के पास पटरी से उतरे यात्री ट्रेन के दो डिब्बे

जबलपुर। मध्य प्रदेश में जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस के दो डिब्बे शनिवार सुबह पटरी से उतर गए। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 5 .40 बजे हुई इस दुर्घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। अधिकारी के अनुसार, मरम्मत का काम जारी है और घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। पश्चिम-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि जब यह घटना हुई, तब ट्रेन पांच किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही थी।

उमर के मंच से नेकां नेता का नफरती भाषण

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल क्षेत्र में शनिवार को उमर अब्दुल्ला की चुनावी रैली में नफरत भड़काने वाला भाषण देने के आरोप पर नेशनल कांफ्रेंस के एक नेता पर मामला दर्ज किया गया है। पूर्व सरपंच मोहम्मद अशरफ गनई ने अब्दुल्ला की मौजूदगी में चुनावी रैली के दौरान कहा कि पार्टी के झंडे का अपमान करने पर हम किसी को भी मार सकते हैं। नोडल अधिकारी ने चुनावी भाषण के दौरान हत्या शब्द का इस्तेमाल करने के लिए गनई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की सिफारिश की थी। इस घटना से जुड़े एक वीडियो में गनई को अब्दुला तुरंत रोकते दिख रहे हैं और उन्हें रैली को संबोधित करने से रोक दिया।

लखनऊ में तीन मंजिला इमारत ढहने से छह की मौत, 28 घायल

सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में कंटेनर बैक करते समय हुआ हादसा

- एनडीआरएफ, एसडीआरएफ पुलिस, अग्निशमन विभाग की टीम ने संभाला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्टनगर में शनिवार शाम 5 बजे कंटेनर बैक करने के दौरान तीन मंजिला हरिमिलाप भवन भरभराकर गिर गया। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं 28 घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया है। हादसे की सूचना पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने मोर्चा संभाला। तीन मंजिला इमारत में दवा, खिलौना और ऑटो पार्ट्स का गोदाम बना था। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे का संज्ञान लेते हुए पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को मौके पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

रेस्क्यू कार्य जारी है। मौके पर एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, डीएम सूर्यपाल गंगवार, मंडलायुक्त रोशन जैकब, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था अमित वर्मा और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह समेत कई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद हैं।

शहीद पथ से चंद कदम दूर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित हरिमिलाप भवन शनिवार शाम करीब 5 बजे कंटेनर के बैक करने के दौरान भराभराकर गिर गया। शुरुआती जांच में पता चला कि भवन के आसपास काफी पानी भरा है। पानी भरे रहने के कारण बिल्डिंग की नींव कमजोर हो गई। इसका रखरखाव भी लंबे समय से नहीं हो रहा था। इस वजह से यह गिरी है। बिल्डिंग के मलबे में कार और ट्रक भी दब गए। वहीं, मलबे में 30-35 लोगों के फंस गये थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य के लिए अग्निशमन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। मलबे से देर शाम तक 32 लोगों को बाहर निकाला गया। सभी को एंबुलेंस से लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। जहां चार की मौत हो गई। वहीं, एक घायल की अपोलो और एक की ट्रॉमा सेंन्टर में मौत हो गई।

मरने वालों में जुनाबगंज बंथरा का धीरज गुप्ता (38), आशियाना रजनीखंड के पंकज तिवारी(32), गोमतीनगर एल्डिको ग्रीन के जसमीत सिंघल (50) और कृष्णानगर नटखेड़ा के अरुण सोनकर (26), रामकिशोर (21) शामिल हैं। पांचवें मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। हादसे में 28 घायलों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से तीन की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। रेफर किए गए मरीजों में मूलतः फैजाबाद की ट्रांसपोर्ट नगर निवासी शान्ती देवी (65) पत्नी रामकरन, रामकुमार और परवीना शामिल हैं। खबर लिखे जाने तक राहत कार्य जारी रहा।

हादसे के बाद पहुंची एसडीआरएफ की टीम बचाव अभियान चलाते हुए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर भेजा

मुख्यमंत्री योगी ने हादसे का संज्ञान लेते हुए पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को मौके पहुंचने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों को उचित इलाज मुहैया कराने के भी निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलते ही एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश भी मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन व कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी भी देर रात तक डटे रहे।

हरियाणा : पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का भाजपा से इस्तीफा

जींद। हरियाणा के पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के बाद शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जींद जिले के सफीदों निवासी आर्य ने भाजपा द्वारा टिकट नहीं दिए जाने पर निराशा जताई। उन्होंने शनिवार को ही सफीदो सीट से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

- विस चुनाव का टिकट नहीं मिलने से थे नाराज

भाजपा ने इस बार जननायक जनता पार्टी (जजपा) के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम को सफीदों से अपना उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य साल 2019 के विधानसभा चुनाव में करीब तीन हजार मत से हार गए थे। भाजपा ने हरियाणा में अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इनमें से 67 नाम हैं, लेकिन सूची में अपना नाम न पाकर कई भाजपा नेता नाराज हैं। कुछ ने पार्टी से इस्तीफा भी दे दिया है। इनमें पलवल से दीपक मंगला, फरीदाबाद से नरेंद्र गुप्ता, गुरुग्राम से सुधीर सिंगला, बवानी खेड़ा से विसंम्भर वाल्मीकि और रनिया से रणजीत चौटाला सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट में गलत बयानी एसीएस राजेश को पड़ी भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने छीने सभी विभाग प्रतीक्षा सूची में डाला
- शीर्ष अदालत ने झूठे शपथ पत्र मामले में लगाई थी फटकार

अमृत विचारः सुप्रीम कोर्ट में ग़लतबयानी पर अपर मुख्य सचिव राजेश कुमार सिंह को शासन ने सभी पदों से मुक्त कर प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है। इसके पहले कोर्ट ने उनके शपथपत्र को झूठा पाया और राज्य सरकार को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोर्ट में सुनवाई का ब्योरा शासन में आते ही समीक्षा के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करते हुए तीन प्रमुख सचिवों एमपी अग्रवाल, अनिल गर्ग और वेंकटेश्वर लू में विभाग बांट दिए गए।

1991 बैच के आईएएस एसीएस राजेश कुमार सिंह कारागार और सहकारिता विभाग के मुखिया थे। सुप्रीम कोर्ट ने बीते मंगलवार को अदालत में कैदियों की सजा माफी मामले में उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन विभाग का जिम्मा देख रहे राजेश कुमार सिंह को फटकार लगाई थी। कहा था कि वह किसी आईएएस अधिकारी को न्यायालय के सामने झूठ बोलते हुए और सुविधानुसार अपना रुख बदलते हुए बर्दाश्त नहीं करेगा। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राजेश कुमार सिंह द्वारा 14 अगस्त को दिए गए शपथपत्र में लिया गया रुख उनके उन बयानों से पूरी तरह भिन्न है, जिन्हें इस अदालत के 12 अगस्त के आदेश में दर्ज किया गया है। पीठ ने राजेश कुमार सिंह के शपथपत्र को रिकॉर्ड पर लिया और कहा कि अदालत मामले की जांच करेगी और 9 सितंबर को आदेश पारित करेगी।

शीर्ष कोर्ट का रुख भांपकर हुई कार्रवाई

शासन ने शीर्ष अदालत का रूख भांपते हुए दो दिन पहले ही आईएएस राजेश कुमार सिंह से सभी विभाग छीनकर अपना सख्त रुख स्पष्ट कर दिया है। शासन ने एमपी अग्रवाल को प्रमुख सचिव सहकारिता का और अनिल गर्ग को प्रमुख सचिव कारागार का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है।

अस्पताल का बिल भरने के लिए तीन साल के बेटे को बेचा

कुशीनगर। जिले में एक व्यक्ति को निजी अस्पताल में भर्ती अपनी पत्नी और नवजात शिशु की छुट्टी कराने के लिए अपना तीन साल का बेटा बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। आर्थिक तंगी के चलते हताशा में किए गए इस कार्य की आलोचना होने पर स्थानीय प्रशासन तुरंत हरकत में आया।

- बिचौलिए समेत पांच गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, बरवा पट्टी निवासी हरीश पटेल ने अपनी पत्नी का सामान्य प्रसव कराने के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालांकि, अस्पताल की फीस भरने में असमर्थ रहने पर जच्चा-बच्चा को अस्पताल से नहीं जाने दिया गया। इससे निराश होकर बच्चे का पिता शुक्रवार को बच्चा गोद लेने की एक फर्जी समझौते के तहत महज कुछ हजार रुपये में अपने बेटे को बेचने के लिए राजी हो गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि इस अपराध में शामिल बिचौलिया अमरेश यादव समेत पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

आपराधिक साजिश में शामिल थे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने किया दावा

सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में दायर अपने नवीनतम पूरक आरोप पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस नीति के निर्माण और उसके क्रियान्वयन से जुड़ी आपराधिक साजिश में शुरुआत से ही शामिल थे। सीबीआई ने मामले में पांचवां और अंतिम आरोप पत्र दायर कर अपनी जांच पूरी की।

सीबीआई ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के मन में पहले से ही आबकारी नीति के संबंध में निजीकरण का विचार था। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद इस नीति को दिल्ली सरकार ने रद कर दिया था। सीबीआई ने कहा कि जब मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता वाले मंत्री समूह द्वारा नीति तैयार की जा रही थी, तब उन्होंने (केजरीवाल ने) मार्च 2021 में अपनी पार्टी के लिए वित्तीय सहायता की मांग की थी। सिसोदिया इस मामले में सह-आरोपी हैं।

दो दिवसीय दौरे पर आज भारत आएंगे यूएई के क्राउन प्रिंस

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता के लिए रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि अल नाहयान की यात्रा भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी तथा नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस रविवार को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर बातचीत करेंगे। द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, दोनों नेताओं के बीच इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न समग्र स्थिति पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।

- प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय मुद्दों पर करेंगे चर्चा

मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, 5 की मौत

इंफाल/कोलकाता, एजेंसी

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार सुबह हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह सो रहा था, वहीं चार लोग दो विरोधी समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच गोलीबारी में मारे गए।

अधिकारी के मुताबिक उग्रवादी जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुसे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर दो विरोधी समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन उग्रवादियों सहित चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। इस सप्ताह के शुरुआत में जिले में संदिग्ध ग्रामीण स्वयंसेवकों ने बोरोबेक्रा पुलिस थाने के जकुराधोर में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के तीन कमरों के खाली पड़े मकान को जला दिया था।

- घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या, फिर कुकी-मैतेई के बीच फायरिंग में चार की जान गई

पुलिस तैनात करेगी ड्रोन रोधी प्रणाली

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने कुकी उग्रवादियों के हमलों से नागरिकों की रक्षा के लिए ड्रोन रोधी और अन्य उच्च तकनीक वाली मशीनरी का उपयोग करने का निर्णय लिया है। खुफिया विभाग के महानिरीक्षक के . कबीब ने बताया कि मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं और सुरक्षा स्थितियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। लगातार ड्रोन हमलों का सामना करने के बाद मणिपुर पुलिस ने इससे निपटने के लिए ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब तक सभी ड्रोन और मिसाइल हमले मणिपुर के कांगपोकपी, जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों से हो रहे हैं और सेना के हेलिकॉप्टरों द्वारा निगरानी और गश्त शुरू कर दी गई है। कबीब ने कहा कि संवेदनशील इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है।

रानीखेत विधायक का भाई 40 कारतूस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता, बनबसा/हल्द्वानी

- नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने चेकिंग के दौरान दो लोगों को पकड़ा

अमृत विचार : सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 57वीं बटालियन के जवानों ने चेकिंग के दौरान भारत-नेपाल बॉर्डर से दो व्यक्तियों को 40 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में रानीखेत विधायक का भाई व उसकी कार का चालक है।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार देर शाम एसएसबी के सहायक कमांडेंट जसोबंता सेनापति की अगुवाई में सीमा चौकी बनबसा पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान भारत से नेपाल जा रही वरना कार को रोका गया। तलाशी ली गई तो बैग से 7.65 एमएम के 40 जिंदा कारतूस मिले। चालक से पूछा तो उसने बताया कि बैग कार में बैठे व्यक्ति का है। इस बीच कार में सवार दूसरा व्यक्ति कार लेकर नेपाल की तरफ फरार हो गया। एसएसबी की टीम ने उसका पीछा भी किया। पकड़े गए आरोपियों में कार चालक दिनेश चंद्र तथा सतीश नैनवाल बताया। सतीश नैनवाल रानीखेत के भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल का भाई है।

विवादित आईएएस पूजा खेडकर तत्काल प्रभाव से बर्खास्त

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने विवादों में घिरी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की 2023 के महाराष्ट्र कैडर की अधिकारी पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। खेडकर पर धोखाधड़ी करने और सेवा में अपना चयन सुनिश्चित करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और विकलांगता कोटा लाभों का गलत तरीके से फायदा उठाने का आरोप था। हालांकि उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया था।

नीट पीजी | अधिक रैंक वाले अनुत्तीर्ण चिकित्सकों को मेरिट सूची में शामिल करने का आरोप

पीएमएसएच के डॉक्टरों की जारी सूची की शुचिता पर उठे सवाल

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचारः नीट पीजी काउंसिलिंग में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के चिकित्सकों की मेरिट सूची सवालों के घेरे में आ गई है। अधिक रैंक वाले अनुत्तीर्ण चिकित्सकों को मेरिट सूची में शामिल किए जाने के आरोप लग रहे हैं। इस सिलसिले में प्रभावित अभ्यर्थी चिकित्सकों ने स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक प्रशिक्षण को लिखित शिकायत भेजकर सूची संशोधित करने की मांग की है।

अभ्यर्थी चिकित्सकों का आरोप है कि नीट परीक्षा में अनुत्तीर्ण (कटऑफ से कम) अभ्यर्थियों को महानिदेशक प्रशिक्षण की ओर से नियमों के विपरीत निर्धारित भारांक दे दिया गया, जिससे तमाम अयोग्य अभ्यर्थी डीएनबी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए योग्य माने गए हैं। विभाग की ओर से डीएनबी के लिए 155 व एमडी-एमएस के लिए 161 योग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि नेशनल इलीजिबिलिटी-कम-इंट्रेन्सटेस्ट (एनईईटी) द्वारा नीट परीक्षा में सामान्य वर्ग में 50% प्राप्तांक पाने वाले पीएमएस चिकित्सकों को उत्तीर्ण माना है, ओबीसी वर्ग में 45% और एससी-एसटी में 40% प्राप्तांक पाने वाले चिकित्सकों को कांउसिलिंग में शामिल होने के लिए अर्ह किया गया है। लिहाजा निर्धारित अंक से कम प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी चिकित्सकों को स्वतः कांउसिलिंग से बाहर हो जाना चाहिए था, पर ऐसा नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विभाग की ओर से 27 अगस्त को मात्र तीन दिन में आवेदन मांगे गए थे।

> स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवा समयावधि के आधार पर निर्धारित भारांक देकर अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। अगर कोई शिकायत आती है, तो उसे जांच कर ठीक कराया जाएगा।
> -डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग उप्र.

क्या है मामलाः 11 अगस्त 2024 को नीट पीजी की परीक्षा संपन्न हुई थी। वर्ष 2022 के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस चिकित्सकों (पीएमएस) को पीजी (विशेषज्ञ) करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में सेवा समयावधि के आधार पर विशेष भारांक (10 से 30 अंक तक) दिया जाता है। नीट परीक्षा के प्राप्तांक में भारांक को शामिल कर प्रदेश स्तर की मुख्य मेरिट सूची चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जाती है। इससे पीएमएस चिकित्सकों को पीजी (एमडी-एमएस) में दाखिला मिलना आसान हो जाता है। वहीं, सरकारी अस्पतालों में संचालित विभिन्न विषयों के डीएनबी पाठ्यक्रम में पीएमएस चिकित्सकों को मौका मिलता है। इसमें उन्हें भारांक नहीं दिया जाता है। नीट परीक्षा में मिले अंक की मेरिट के अनुसार कांउसिलिंग में शामिल होने का मौका दिया जाता है।

एआरटीओ दफ्तर: ढुलमुल हुआ प्रशासन तो फिर से दलाली शुरू

दलालों की फाइलों पर बाबू कर रहे काम, पटल की खिड़कियों से दी जा रहीं फाइलें

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

अमृत विचार। इधर प्रशासन ढीला पड़ा तो एआरटीओ कार्यालय में फिर दलाली शुरू हो गई है। पटल की खिड़कियों से दलाल फाइलें जमा कर रहे हैं। यही नहीं कार्यालय के अंदर निजी कर्मचारी फिर पटल संभाल काम करने लगे हैं। खास यह कि यह सब एआरटीओ की मौजूदगी में किया जा रहा है। शासन से पत्र आने के बाद एआरटीओ कार्यालय में हो रही दलाली बंद व निजी कर्मचारियों के हाथों से पटल की जिम्मेदारी कुछ दिन हटी रही। इससे कार्यालय का जहां काम प्रभावित हुआ वहीं वाहनों के काम लेकर आने वाले लोगों को दिक्कत हुई। यह क्रम करीव डेढ़ माह तक चला। यही नहीं जिलाधिकारी ने खुद व अन्य अधिकारियों को भेज कर इस तरह के दलालों व निजी कर्मचारियों को निकालने के निर्देश दिये। अधिकारियों के छापे से दलाल व एआरटीओ के निजी कर्मचारी खुद भाग गये। अब पुलिस के साथ मीडिया की दखलंदाजी कम हुई तो दलाल फिर से सक्रिय हो गये हैं। यही नहीं निजी कर्मचारी फिर से कार्यालय में दाखिल हो गये। शनिवार को दोपहर 12 बजे के करीव जब अमृत विचार संवाददाता ने एआरटीओ कार्यालय की हकीकत जांची तो पहले की तरह दलाल फिर से सक्रिय मिले। अंदर से लेकर बाहर तक बाबुओं से काम की फाइलें लेकर काम कराते दिखे। यही नहीं निजी कर्मचारी भी एआरटीओ कार्यालय के अंदर फाइलों की जिम्मेदारी निभाते मिले। जब संवाददाता कार्यालय में दाखिल हुआ तो दलाल देख कर कैमरे की नजरें बचाते नजर आये। इसके बाद भी एआरटीओ कार्यालय की पटल खिड़की व कार्यालय के अंदर बाबू के पास दलाल खड़े होकर काम कराते कैद हो गये। आरआई टेक्निकल का केबिन बंद था। वह शायद अवकाश पर थे। एआरटीओ इज्या तिवारी अपनी केबिन में बैठी थी। पटलों पर दलाल काम संबंधी फाइलें लेकर लगे थे।

एआरटीओ कार्यालय के पटल खिड़की पर फाइल लेकर खड़े लोग। एआरटीओ कार्यालय के अंदर बाबू से बात करते लोग। अमृत विचार।

बाबुओं के चहरे पर लौटी रौनक

कन्नौज। एआरटीओ कार्यालय में दलाली शुरू होने से बाबुओं के चेहरे पर रौनक लौट आई है। करीब डेढ़ माह तक दलाल कार्यालय से दूर रहे। इससे बाबुओं को काम के बदले अधिक रुपये नहीं मिले। इससे उनको अपनी पगार से ही खाना-पानी मकान का किराये समेत अन्य खर्च करना पड़ा। अब पूरे दिन बाबुओं के पास दलाल फाइलें लेकर जा रहे हैं। इससे उनकी ऊपरी आमदनी होने लगी है। पहले वाहन स्वामी खुद काम की फाइल लेकर पहुंच रहा था तो उससे बाबू ऊपरी रुपये की मांग नहीं कर पाते थे।

दलाल बोले, दादा बहुत हो गया, अब बस करो

कन्नौज। एआरटीओ कार्यालय से दलाली समाप्त करने की मुहिम चला रहा संवाददाता परिसर में दाखिल हुआ तो कैमरे की नजरों से बच रहे दलाल बोले- दादा बस करो बहुत हो चुका। दो वक्त की उनको भी रोटी की व्यवस्था कर लेने दो। इन डेढ़ माह में एक-एक पान मसाला को तरस गये हैं। अब माफ करो।

नवाब मामले में पुलिस हुई व्यस्त तो खुला रास्ता

कन्नौज। दलालों को जेल भेजने में लगी पुलिस के सामने बड़ा मामला नवाब सिंह दुष्कर्म कांड आ जाने से वह व्यस्त हो गई तो एआरटीओ कार्यालय में दलालों का रास्ता साफ हो गया। सीधे फाइल लेकर पहुंचने बाले लोगों को नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इससे थक हार कर वह दलालों के पास तीन से चार गुना रुपया देकर फाइले सौंप रहे हैं।

> कार्यालय में कोई दलाल सक्रिय नहीं है। कोई भी सीधे आकर शुचितापूर्वक अपना काम करा सकता है। ऐसा कोई मामला पाया जाता है तो जांच कराकर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> – इज्या तिवारी, एआरटीओ

सर्पदंश से युवक की मौत, कराता रहा झाड़फूंक

कन्नौज। विषैले सर्प के डसने से युवक की झाड़फूंक के दौरान मौत हो गई। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लेलेपुर निवासी आका(25) पुत्र बृजराज को शुक्रवार की शांम को बिषैले सर्प ने काट लिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल न आकर झाड़ फूक कराते रहे।

इससे उसकी हालत और गंभीर होती चली गई। सुबह के समय उसकी मौत हो गई। इस पर मृतक का चाचा अखिलेश शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डाक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की। इसके बाद परिजन कोई कार्रवाई कराने से इंकार करते हुए शव घर लेकर चले गये।

सक्षम हेड ब्वाय तो अंशिका बनी हेड गर्ल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने को सुभाष अकादमी में कराए गए चुनाव
- उम्मीदवारों ने पोस्टर, फ्लेक्स और सोशल मीडिया से भी प्रचार किया।

अमृत विचार। फर्रुखाबाद रोड स्थित सुभाष अकादमी में छात्र-छात्राओं में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चुनाव कराया गया। इसमें कड़े मुकाबले में सक्षम हेड ब्वाय तो अंशिका हेड गर्ल चुनी गईं।

शनिवार को प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारों ने नामांकन के बाद अपने-अपने प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान, उम्मीदवारों ने स्कूल में भाषण और बहस की। उम्मीदवारों ने पोस्टर, फ्लेक्स और सोशल मीडिया से भी प्रचार किया। शनिवार को छात्रों को मतपत्र प्राप्त हुआ और उन्होंने हेड ब्वाय और हेड गर्ल के लिए वोट किया। मतगणना के बाद भाभा सदन के सक्षम द्विवेदी ने अपने प्रतिद्वंद्वी जे.सी. बोस सदन के सनी शाक्य को 47 मतों से हराकर हेड ब्वाय तो कलाम सदन की अंशिका द्विवेदी ने सी.वी. रमन सदन की खुशी शर्मा को 53 मतों से हराकर हेड गर्ल का चुनाव जीता। चुनाव निष्पक्ष सम्पन्न करवाने में प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, मो. कामरान, दिनेश कमल, शोएब अख्तर, पवन कुमार, दीपक कुमार, रामभक्त शर्मा, धीरज सिंह, अमित मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

सुभाष अकादमी में वोटो की गिनती करते शिक्षक। अमृत विचार

दिल्ली पहुंच महाआंदोलन को बनाएं सफल

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में 11 सितम्बर को होने वाले महाआंदोलन को सफल बनाने के लिए नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित गेस्टहाउस में बैठक की गई। इसमें महाआंदोलन सफल बनाने की रणनीति बनाई। मंडल उपाध्यक्ष छविराम जाटव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जरिए हमारे अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के आह्वान पर 11 सितम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वर्गीकरण के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन होने जा रहा है। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष वीरू खरे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता 10-10 लोगों को लेकर चलेगा। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि कन्नौज से भारी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली को कूच करेंगे। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह खटिक, जिला प्रभारी पवन गौतम, सह संयोजक पातीराम बौद्ध जिला महासचिव अखिलेश कबीर, सर्वग्य गौतम, जिला सचिव सर्वेश गिहार, विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत दिवाकर, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू कठेरिया, तफ्तीश, इमरान, ओमनरायण, ओमप्रकाश आदि रहे।

बैठक के दौरान मौजूद आजाद समाज पार्टी न भीम आर्मी के पदाधिकारी-कार्यकर्ता।

पूरे दिन में केवल एक घंटे ही मिली बिजली, भड़का गुस्सा

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- ग्रामीणों ने तहसील में जताया आक्रोश विधायक ने बुलाया एसडीओ को

अमृत विचार। बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर आक्रोश जताया। उन्होंने जिम्मेदारों से समस्या के निस्तारण की मांग की। विधायक ने शिकायत सुन एसडीओ को बुलाकर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील क्षेत्र के दौलतपुर, गुलरिया, सूरजपुर, शीतलपुर्वा, ककराह समेत अन्य गांव में भीषण बिजली कटौती से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चौबीस घंटे में एक घंटे बिजली देकर खानापूर्ति की जा रही है। इससे फसलों की समय पर सिंचाई नही हो पा रही। शनिवार को विधायक कैलाश राजपूत के तहसील पहुंचने की जानकारी पर कई ग्रामीण भी पहुंच गए। यहां समस्या पर गुस्सा जताते हुए विधायक व्यवस्था सुधार करवाने की मांग रखी। इस पर विधायक ने एसडीओ कुलदीप राजपूत और एक्सईएन को बुलाकर ग्रामीणो की समस्या का निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीओ ने बताया कि गांव के तार जर्जर हो चुके हैं। गांव के कनेक्शनों को दूसरे फीडर से जोड़कर आपूर्ति सही कराई जाएगी। जल्द लोवोल्टेज व कटौती की समस्या से निजात मिल सकेगी। इस मौके पर कृपाराम, राजू, अमर सिंह, ओमप्रकाश, पप्पू आदि मौजूद रहे।

मंदिर आए श्रद्धालु की उमस भरी गर्मी से मौत

गुरसहायगंज, कन्नौज। थाना तालग्राम के ग्राम रोहली स्थित जाहरा देवी मंदिर में दर्शन कर लौट रहा श्रद्धालु उमश भरी गर्मी के कारण अचेत होकर जमीन पर गिर गया। मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन उसे कस्बा के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। औरैया के थाना सहार के ग्राम फतेहपुर निवासी होरीलाल (35) बाइक से गांव के लोगों के साथ जाहरा देवी मंदिर में दर्शन के लिए आया था। दर्शन के बाद वह रोहली से पैदल वापस अतरौली के लिए लौट रहा था। जहां पर उसकी बाइक खड़ी थी। वहां पर भीषण गर्मी के कारण पेड़ की छाया बैठ गया और गिरकर बेहोश हो गया। पुलिस उसे सीएचसी तालग्राम ले गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉ. सिदार्थ चौधरी ने बताया कि अधिक समय तक उमस भरी गर्मी में रहने के कारण युवक की मौत होने की आशंका है।

बिजली कर्मचारियों ने जानी ई-ऑफिस की बारीकियां

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने दिया प्रशिक्षण

अमृत विचार। विभागों का कामकाज पेपरलेस करने के क्रम में विद्युत विभाग के कर्मचारियों को ई ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया।

शनिवार को इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के केंद्रीय कम्प्यूटर सेंटर में संस्थान के निदेशक प्रो.रचना अस्थाना, कुलसचिव व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.बीडीके पात्रो के नेतृत्व में जानकारियां दी गईं। एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि प्रशिक्षण डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और कागजी प्रक्रिया से मुक्त कराने के उद्देश्य से किया गया। मुख्य उद्देश्य कागजी से डिजिटल कार्यप्रणाली में परिवर्तन, डिजिटल फाइलिंग, ई-नोटिंग और ई-फाइल ट्रैकिंग को अपनाने, ई-ऑफिस के जरिए कार्य को तेज़ी से निपटाने, कार्यों को ऑनलाइन ट्रैक करके जवाबदेही और निगरानी में सुधार करना जैसे विषयों पर केंद्रित रहा। कर्मचारियों ने ई-ऑफिस प्रणाली का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। इससे विद्युत विभाग में फाइलों के आदान-प्रदान और कार्य अनुमोदन में सुधार होगा।

सार-संक्षेप

बेहरिन के आईटीआई में साक्षात्कार देने पहुंचे युवा। अमृत विचार

साक्षात्कार के बाद प्रशिक्षण के लिए 41 युवा चयनित

कन्नौज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेहरिन के प्रधानाचार्य दीपक यादव ने बताया कि दो दिन तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। जिसमें राजकीय/ निजी आईटीआई उत्तीर्ण 217 अभ्यर्थी शामिल हुए। इसमें हौंडा मोटर साइकिल एवं स्कूटर इंडिया लिमिटेड, मानेसर राजस्थान के ओर से पंजीकृत युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में अप्रेंटिस के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हुआ। जिसमें 41 युवाओं को शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव से विभिन्न क्षेत्र में जॉब के अवसर खुल रहे हैं। यह पहल रोजगार की दिशा में युवाओं के लिए सुखद संकेत है। जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के उन युवाओं को योग्यता के अनुसार जॉब मिलने की संभावनाएं बढ़ रहीं हैं।

बच्चों के विवाद में युवक को पीटा, दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। बच्चों के झगड़े के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। क्षेत्र के ग्राम सौसरापुर निवासी अकील पुत्र बली मोहम्मद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 04 सितंबर की शाम वह अपने घर में था। तभी बच्चों के विवाद को लेकर गांव के वकील, शकील, सायरा, सीमा दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिजली बोर्ड ठीक करते समय करंट लगने से अधेड़ की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। घर का खराब पड़ा विद्युत बोर्ड ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। नगर के मोहल्ला सैय्यद वाडा निवासी 45 वर्षीय नईम पुत्र मुस्तकीम मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को करंट लगने से उनकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिसे परिजनों में मातम छा गया। मृतक की पत्नी रिहाना बेगम ने बताया कि घर में एक बिजली का बोर्ड खराब पड़ा था। उसे सही करते समय करंट की चपेट में आ गया।

वृद्धा से रेप के आरोपी को दबोच भेजा जेल

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। मानसिक बीमार वृद्धा को झाड़ियों में खींचकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा है। बता दें कि जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में मानसिक रूप से बीमार 90 साल की बुजुर्ग महिला गांव के बाहर घूम रही थी। इस दौरान शुक्रवार की शाम करीब छह बजे क्षेत्र के रूपेकापुर्वा गांव निवासी सतीश नाथ पुत्र पूरननाथ उसे तालाब किनारे खड़ी झाड़ियों में खींच कर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

नर्सिंग कॉलेज में खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवा

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

अमृत विचार। जिले में पांच सितंबर से फाइलेरिया से बचाव की दवा के सेवन का माप-अप राउंड चलाया जा रहा है। इसी के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला मुख्यालय पर स्थित अर्शी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज में पहुँच बच्चों को फायलेरिया की दवा खिलाई। इस दौरान प्राचार्य दशरथ सिंह व डॉ० मुशीर अहमद की अध्यक्षता में कालेज के 198 बच्चों व 10 स्टॉफ ने फाइलेरिया से बचाव की दवा खाई। जिला मलेरिया अधिकारी यूपी सिंह ने सबसे पहले बच्चों व अध्यापकों को फाइलेरिया रोग के विषय में जानकारी दी। पीसीआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि सुनील गुप्ता ने भी सभी को फाइलेरिया के लक्षणों से अवगत कराते हुए बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों की टीम घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रही है। इस दवा का सेवन दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को करना है। केवल गर्भवती और अति गंभीर बीमार लोग यह दवा नहीं खाएं।

अर्शी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज में फाइलेरिया रोधी दवा खाते बच्चे व मौजूद स्टाफ

- स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने कराया गया फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन

शिकायतों का अंबार

मल्लपुर्वा निवासी रंजीत ने ताऊ का मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल न देने की शिकायत की

शौचालय दिया ही नहीं, खुले में जाने को मजबूर महिला व बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भले ही जनपद खुले में शौच से मुक्त घोषित हो चुका है लेकिन अब भी कई जरूरतमंद हैं जिनको शौचालय की दरकार है। शौचालय न होने की वजह से वह खेतों की ओर जाते हैं। ऐसे ही एक मामले की शिकायत तहसील सदर सभागार में सीडीओ रामकृपाल चौधरी के पास पहुंची है। उन्होंने बीडीओ कन्नौज अमित सिंह को कार्रवाई के लिए लिखा है।

ब्लॉक सदर क्षेत्र के गांव मियांगंज निवासी मोहम्मद इसुक की पत्नी शबाना ने बताया कि शौचालय बनवाने के लिए आवेदन किया था पर अब तक लाभ नहीं मिला है। सचिव व प्रधान बराबर आश्वासन दे रहे हैं। शौचालय न होने से वह व उसके बच्चे खुले में शौच जाते हैं। गांव अमरौली निवासी नीलेश की पत्नी शिल्पी ने शिकायती पत्र देकर कहा कि वह पॉलिथीन व छप्पर डालकर गुजर-बसर कर रही है। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती है। आमदनी का कोई जरिया नहीं है जिससे वह आवास बनवा सके। उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। मल्लपुर्वा गढ़िया बलिदासपुर निवासी रंजीत कुमार ने बताया कि उसके ताऊ बादशाह सिंह का तीन जनवरी 2015 को निधन हो गया था। जरूरी कार्य के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल की जरूरत है। पूर्व में एसडीएम ने बीडीओ गुगरापुर को समाधान कराने के निर्देश दिए लेकिन अब तक हल नहीं निकला है। कुल 73 मामले संपूर्ण समाधान दिवस में आए, जिसमें सात का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम रामकेश, बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, बीईओ सदर विपिन कुमार, जलालाबाद से शिवेंद्र वर्मा, ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी, सीडीपीओ विजय लक्ष्मी दुबे व प्रभारी सीडीपीओ अर्चना वर्मा मौजूद रहीं।

कन्नौज तहसील सभागार में समस्याएं सुनते सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एसडीएम सदर रामकेश। छिबरामऊ में फरियादियों की शिकायतें सुनते एएसपी अजय कुमार। अमृत विचार

मियांगंज की शबाना ने लगाया सचिव व प्रधान पर आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एएसपी अजय कुमार के पास 141 शिकायतें आईं। शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व लेखपालों की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। जिसमें 28 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम उमाकांत तिवारी व तहसीलदार अभिनव कुमार मौजूद रहे।

लंबी लाइन देख जिलाधिकारी ने लगवाए अतिरिक्त काउंटर

तिर्वा, कन्नौज। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने शिकायतकर्ताओं की लंबी लाइन देखकर पंजीकरण काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए। उसके बाद तीन अन्य काउंटर लगवाए गए। जिसमें कुल 170 शिकायतें आईं। जिसमें 11 का मौके पर ही निस्तारण हो गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा, प्रत्येक दशा में शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। कोई भी शिकायत लंबित नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक योजनाएं जनता तक पहुंचे इसके लिए जागरुकता कार्यक्रम किए जाएं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ की शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सात दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। इस मौके एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार मौजूद रहे।

बार-बार कार्रवाई से आहत दुकानदार नहीं करेगा व्यापार

तिर्वा, कन्नौज। छह माह में किराने की दुकान से खाद्य विभाग ने दो बार नमूना लेकर कार्रवाई की। लगातार कार्रवाई से दुकानदार भयभीत होकर व्यापार करने में असमर्थ हो गए हैं। तहसील के समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कस्बा निवासी महेश गुप्ता ने पीड़ा बताई है। प्रार्थना पत्र में बताया कि किराने की दुकान का संचालन कर वह परिवार का भरण पोषण कर रहा है। बाजार में व्यापारियों के नेता बनकर घूम रहे दलाल खाद्य विभाग के नाम पर रुपयों की मांग करते हैं। रुपये न देने पर खाद्य विभाग से कार्रवाई करवाने की धमकी दी जाती है। इसी वजह से खाद्य विभाग ने छह महीने में दुकान से दो नमूने लिए। कहा कि पहली बार भरे गए नमूने का मामला एडीएम न्यायालय में विचाराधीन है इसके बावजूद भी गुरुवार को खाद्य अधिकारी ने दोबारा नमूना भर लिया। महेश गुप्ता का कहना है कि लगातार खाद्य विभाग की कार्रवाई से मन बहुत ही भयभीत है। पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाते हुए व्यापार हित में कदम उठाने की बात कही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैं **शैलेन्द्र पुत्र जगदीश, निवासी- ग्राम-अलीपुर बाजार, पोस्ट-अनिरुद्धपुर, कादीपुर, सुलतानपुर,** मेरा हाईस्कूल यू0पी0बोर्ड का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र जिसका रोल नं0 2320279 वर्ष 2012, इंटरमीडिएट यू0पी0बोर्ड अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुकमांक -1697381 वर्ष 2014 एवं बीए अंतिम वर्ष का अंक पत्र अनुक्रमांक 15286392 वर्ष 2017 (राम मनोहर लोहिया अवध वि0 विद्यालय अयोध्या) का अंकपत्र वास्तव में खो गया हैं।

सूचना

सूचित हो कि मैं **रजत अवस्थी पुत्र अरविन्द अवस्थी, निवासी- ग्राम कुतुबनगर, परगना व तहसील-मिश्रित, जिला-सीतापुर।** मैने परशुराम इण्टर कालेज, कुतुब नगर जिला- सीतापुर से हाईस्कूल की परीक्षा 2021 में उत्तीर्ण की थी जिसका रोल नं0- 210971991 के अंक पत्र की मूलप्रति वास्तव में खो गयी है।

सूचना

मैं **जैनेन्द्र सिंह पुत्र गिरजा शंकर सिंह, नि0-म0सं0-26, गली नं-6, कौशलपुरी, खरगापुर, गोमतीनगर लखनऊ,** मेरे जमीन रजिस्ट्री के कागज बही सं0-1, जिल्द सं0-10141, पृष्ठ सं0-331 से 366, क्रमांक- 12231 दिनांकित 27.08.2010 वास्तव में कहीं खो गई है, इसका कहीं भी प्रयोग अवैध होगा।

सूचना

मैंने अपने पुत्र मथुरा प्रसाद उनकी पत्नी गीता देवी व दूसरे पुत्र कुलदीप व उनकी पत्नी प्रीती की गलत आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ती से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **-राम दुलारे पुत्र दुजई जगपाला पत्नी रामदुलारे निवासी-वार्ड नंबर आठ, मोहल्ला- कटरा बाजार, नगर पंचायत- परशादेपुर, तहसील- सलोन, जनपद- रायबरेली।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कपिल कुमार है जबकि कुछ सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम गलती से कपिल कुमार शुक्ला लिखा हुआ है जबकि मेरा असली नाम कपिल कुमार ही है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **कपिल कुमार पुत्र दयानंद, निवासी- ग्राम नवगवां पोस्ट देवाइत अयोध्या।**

आज का मौसम

रविवार को धूप रहेगी। दोपहर में हल्की बारिश की संभावना है।

34.0°	27.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 52	सूर्यास्त 06 : 23

विराजे गणपति बप्पा, जिले भर में उत्सव

घर और पंडालों में विराजे गजानन, जिले के 110 से अधिक स्थानों पर पंडाल में महोत्सव शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। गणेश चतुर्थी पर गणपति बप्पा की धूम जिले भर में देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में घरों और मोहल्लों के पंडालों में विराजित करने के लिए लोग गणपति प्रतिमा ढोल-नगाड़ों के साथ ले जाते नजर आए। शहर के कटरा मोहल्ला में विशाल गणेश महोत्सव का अयोजन शुरू हुआ। यहां गणपति की 15 फिट ऊंची प्रतिमा स्थापति की गई। पंडालों में सीसीसटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

शनिवार को महुर्त के अनुसार जिले के 110 से अधिक स्थानों पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश महोत्सव का आयोजन शुरु हुआ। घरों में भी लोगों ने गणेश की प्रतिमा की स्थापना की। दस दिनों तक धार्मिक आयोजन चलेंगे। शहर के कटरा मोहल्ला के अलावा कचहरी टोला में 9 फिट ऊंची, विशुनपुर टीला, सरायमीरा स्थित ठेकेदार गली, कुतलूपुर समेत करीब 35 स्थानों पर गणेश पंडाल लगाए गए। महोत्सव के दौरान पंड़ालों में आरती, गणेश पूजा, कीर्तन, झांकी, श्रीमद्भागवत कथा, सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

कटरा मोहल्ला में विराजे गणपति के समक्ष पूजन करते श्रद्धालु।गणेश प्रतिमा की स्थापना के दौरान हवन पूजन करते भक्त।

गुरसहायगंज में भी बप्पा की धूम

गुरसहायगंज, कन्नौज। शनिवार को गणेश चतुर्थी पर नगर सहित क्षेत्र के देवालयों व घरों में गणेश प्रतिमाओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से स्थापित किया गया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर गजानन की आरती वंदना की और मोदक का भोग लगाया। गणेश महोत्सव के चलते नगर के विभिन्न मन्दिरों व अलग अलग स्थानों रामकिशन नगर, तिर्वा रोड, जवाहर नगर, जीटी रोड, पावर हाउस, इन्द्रा नगर, रामगंज, अशोक नगर, किदबई नगर, चकोर गली आदि स्थानों पर पंडाल लगाकर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। विभिन्न स्थानों पर प्रमुख समाजसेवी अशोक गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, संताषे चतुर्वेदी, भाजपा नेता देवेन्द्र देव, राजेश खन्ना, दीपक पाठक, टीटू गुप्ता, मानव गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सौरिख में गणेश की आरती करते नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता।

सौरिख में जगह-जगह विराजमान हुए विघ्नहर्ता

सौरिख कन्नौज। कस्बा के मोहल्ला कुम्हर मंडी में स्थित सोमनाथ मंदिर, संजय नगर में पहाड़ी बाबा मंदिर, काली देवी मंदिर, आजाद नगर में स्थित सरकारी कॉलोनी परिसर में, सुभाष नगर शिवाला शिव मंदिर, कायमपुर में स्थित पंचायत घर, सदर बाजार अस्पताल रोड पर स्थित मंदिर समेत क्षेत्र में कई जगह हवन पूजन एवं पूजा अर्चना के उपरांत भगवान गणेश को स्थापित कराया गया। कुम्हार मंडी में स्थित सोमनाथ मंदिर में चेयरमैन राहुल गुप्ता एवं ईओ सचिन कुमार पटेल, एवं कायमपुर में प्रधान प्रतिनिधि अनिल राजपूत ने हवन पूजन किया।

- गाजे-बाजे के साथ लाई गईं प्रतिमाएं, शुभ मुहूर्त में हुई स्थापना

सिकंदरपुर में भी बप्पा मोरिया के जयघोष

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर कस्बे में गणेश महोत्सव को लेकर नगर के बजरिया रोड शिव मंदिर और भगत सिंह नगर में हनुमान मंदिर पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही गणेश महोत्सव का धूमधाम से शुभारंभ शुरू हुआ हो गया। जय गोपाल कमेटी का नगर के निवासियों ने पूरा सहयोग किया बजरिया रोड स्थित शिव मंदिर पर व भगत सिंह नगर में हनुमान जी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। मुख्य आयोजन स्थल बजरिया रोड सिकंदरपुर शिव मंदिर व भगत सिंह नगर में हनुमान मंदिर पर भव्य पंडाल सजाए गए हैं। सिंटू दुबे, संजू मिश्रा, अमित दीक्षित, राजू गुप्ता, आशीष सैनी, अमित गुप्ता, नितिन गुप्ता, सुमित शुक्ला, नरेश गुप्ता, सोनू गुप्ता, सुशील सैनी, हनी ठाकुर, व जय गोपाल कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

ताइक्वांडो, जूडो में दिखाया अपना दम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पहली बार जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न

अमृत विचार। शहर के सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज में जनपदीय ताइक्वांडो व जूड़ो प्रतियोगिता पहली बार हुई। इसमें माध्यमिक व यूपीएस समेत नौ विद्यालयों के 72 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह व प्रधानाचार्य एसएल सिंह ने किया।

विद्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि ताइक्वांडो अंडर-17 बालक वर्ग में 35 किलोग्राम में आकाश, 35 से 38 किलोग्राम में मंजीत, 38 से 41 में शिवा, 41 से 45 में मंशाराम, 45 से 48 में रुकमंगल सभी श्रीदेव दरबार आश्रम कॉलेज के विद्यार्थी व 48 से 51 किलोग्राम में केके इंटर कॉलेज के छात्र प्रांशु राजपूत विजेता रहे। अंडर-14 बालक वर्ग में 23 से 25 साल में योगेश, 25 से 27 में अंश, 27 से 29 में सौरभ प्रथम व अमन द्वितीय, 29 से 32 में शिवांशू, 32 से 35 में रामजी, 35 से 38 में कमल, 38 से 41 में देव व 41 किलोग्राम से अधिक में आलोक विजयी रहे। सभी विजेता जूनियर हाईस्कूल तहसीपुर के हैं।

कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

अंडर-17 बालिका वर्ग में सुशीला देवी इंटर कॉलेज की अन्नू प्रथम रहीं। जूडो प्रतियोगिता अंडर-14 में 27 किलोग्राम में हुमैरा, 27 से 32 में शिवानी, 36 से 40 में साधना व 40 से 44 किलोग्राम में प्रांशी सभी जूनियर हाईस्कूल तहसीपुर प्रथम स्थान पर रहीं। इसी तरह अंडर-17 बालिका वर्ग ताइक्वाइंडो 32-35 किलोग्राम में बबली, 38 से 42 में प्रथम पूनम व द्वितीय अनु, 44 से 46 किलोग्राम में रोली व 46 से 49 किलोग्राम में प्रांशी विजेता रहीं। कार्यक्रम में विनोद कुशवाहा भी मौजूद रहे।

एक नजर

युवक से मारपीट कर धमकी देने की रिपोर्ट

गुरसहायगंज, कन्नौज। किसी बात को लेकर युवक के साथ मोहल्ले के ही तीन लोगों ने गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी इमरान खान पुत्र इकलाख खान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 05 सितंबर की शाम वह अपने घर में था। तभी मोहल्ले के शहनवाज, शबनम, खुशबू उसके दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइकें भिड़ीं युवक घायल

छिबरामऊ। एन एच 34 हाईवे पर दो बाइकों में हुई भिड़ंत में एक युवक घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोला नगरिया निवासी अजब सिंह पुत्र हेतराम शनिवार को बाइक से रोहलिन के मेले में घूमने जा रहा था। तभी फूटी मस्जिद के पास एन एच 34 हाईवे पर रॉन्ग साइड से आ रहे दूसरे बाइक चालक से जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में अजब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

राशन वितरण शुरू

कन्नौज। डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि सात सितंबर से कार्डधारकों को राशन वितरण शुरू हो गया है। 25 तारीख तक चलने वाले इस वितरण में अंत्योदय कार्डधारकों को प्रथम आवक प्रथम पावक के तहत प्रतिकार्ड दो किलोग्राम बाजरा भी स्टॉक रहने तक मिलेगा। कुल 14 किलो गेहूं व 19 किलो चावल भी दिया जाएगा। बाजरा समाप्त होने पर 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल मिलेगा। पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों को दो-दो किलोग्राम गेहूं व चावल और एक किलोग्राम बाजरा मिलेगा। डीएसओ ने बताया कि बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर 3 किलो चावल व 2 किलो गेहूं मिलेगा। अंत्योदय कार्डधारकों को जुलाई, अगस्त व सितंबर के सापेक्ष 3-3 किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलोग्राम दी जाएगी।

हड़ताल से टली सह आरोपियों की रिमांड पर सुनवाई

नवाब रेप कांड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में साक्ष्य प्रभावित करने के आरोप में जेल में बंद सहआरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव और पीड़िता की बुआ से पूछताछ के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर सुनवाई शनिवार को नहीं हो सकी। पॉक्सो कोर्ट में मामले की सुनवाई होनी थी, लेकिन बार एसोसिएशन की हड़ताल से टल गईष अब सोमवार पुलिस की अर्जी पर सुनवाई होगी। वहीं सहआरोपी बुआ की जमानत याचिका पर भी तारीख बढ़ा कर 10 सितंबर कर दी गई है। जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट में शनिवार को किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सहआरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव व पीड़िता की बुआ की कस्टडी रिमांड पर सुनवाई होनी थी। कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कन्नौज बार एसोसिएशन की तरफ से शनिवार को हड़ताल कर दी गई। एसोसिएशन ने शुक्रवार को बैठक कर कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण कर हत्या करने के विरोध में शनिवार को हड़ताल करने की फैसला लिया था।

जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि दोनों सह आरोपियों से पूछताछ के लिए कस्टडी रिमांड पर सुनवाई होनी थी। अब सोमवार को सुनवाई होगी।

गोवंश की तस्करी करने वाले 2 पकड़े

कन्नौज। सौरिख पुलिस ने गोवंश तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। अमित बजरंगी पुत्र राजू निवासी सुभाषनगर थाना सौरिख जनपद कन्नौज ने डीसीएम गाड़ी के चालक धनवीर पुत्र शिवसिंह निवासी मोहल्ला बंशीनगर थाना शिकोहावाद जनपद फिरोजाबाद व डीसीएम मालिक विजय सिंह पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला ओमनगर मैनपुरी रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद द्वारा 6 गाय व 4 बछड़े गोवंशों को वध हेतु ले जाते हुए पकड़े जाने के सम्बन्ध में थाना सौरिख में गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता का केस दर्ज किया गया। शनिवार को थाना सौरिख पुलिस ने दोनो को। गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को 15 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कोचिंग से लौट रही छात्रा को अगवा कर इलाहाबाद ले गया था अभियुक्त
- पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर पश्चिल बंगाल से दोनों को किया था बरामद

अमृत विचार। कोचिंग पढ़कर घर लौट रही छात्रा का अपहरण कर लिया गया। अभियुक्त छात्रा को बुलेरो में बैठाकर इलाहाबाद ले गया। वहां एक कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ दो माह तक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने मोबाइल पाकर मामले की सूचना पिता को दी। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन पताकर दोनों को पश्चिम बंगाल से बरामद कर लिया। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई कर अभियुक्त को दोषी करार कर 15 साल कारावास और 27 हजार रुपये जुर्माना अदा करने का फैसला सुनाया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की सजा और भुगतने का आदेश दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि घटना की प्राथमिक रिपोर्ट पीड़िता के नाना

ने तालग्राम थाने में दर्ज कराई थी। चार नवंबर 2017 को दर्ज कराई रिपार्ट में बताया था कि 16 वर्षीय नातिन 30 अक्टूबर 2017 शाम को छह बजे सरायप्रयाग से कोचिंग पढ़कर घर लौट रही थी। तभी रास्ते में फर्रुखाबाद जनपद के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बराकेसव नवाबगंज गांव निवासी प्रांशू उर्फ पंकज यादव ने बुलेरो में बैठाकर उसका अपहरण कर लिया। मोबाइल पर मैसेज कर धमकी दी। अभियुक्त पीड़िता को इलाहाबाद ले गए। वहां एक कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। दो माह तक उसे कमरे में ही रखा। किसी तरह पीड़िता ने एक मोबाइल से पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की। पुलिस ने पीड़िता व अभियुक्त को पश्चिम बंगाल से बरामद किया था। अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में विशेष लोक अभियोजक किशोर कुमार दोहरे व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे द्वारा मामले की पैरवी की गई। सुनवाई पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए फैसला सुनाया।

हादसे में मौत के 30 साल पुराने मामले में 1 साल की सजा

कन्नौज। मेला से लौट रहे जीजा-साले को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार टक्कर से जीजा की मौके पर ही मौत हो गई। 30 साल पहले हुए सड़क हादसे के इस मामले में दोषी कार चालक को एक साल की सजा सुनाई गई है।

छिबरामऊ के अधिवक्ता दानिश जमाल ने बताया कि 25 अप्रैल 1994 को दोपहर दो बजे वेदराम के दामाद किशनलाल व पुत्र नरेंद्र छिबरामऊ से मेला देख कर लौट रहे थे। प्रेमपुर क्षेत्र में एक नीम के पेड़ के पास वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने उनको टक्कर मार दी। किशनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल नरेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया था। वेदराम ने छिबरामऊ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच कर मामले की चार्जशीट न्यायालय में पेश की। शनिवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलोनी रस्तोगी ने अंतिम सुनवाई करते हुए अभियुक्त विनोद कुमार को दोषी पाया। एक साल का कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

142 टीमें घर-घर जाकर खोजेंगी टीबी का रोगी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आबादी का 20 प्रतिशत लक्ष्य 4 लाख की होगी जांच

अमृत विचार। साल 2025 तक टीबी को जड़ से खत्म करने का प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए सोमवार से टीबी स्क्रीनिंग अभियान शुरू होगा। जिलेभर में चार लाख लोगों की स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य रखा गया है। 142 टीमें सोमवार को घर-घर जाकर टीबी रोगी खोजेंगी।

जिले की 20 प्रतिशत आबादी को टीबी स्क्रीनिंग अभियान के लिए लक्षित किया गया है। जिले में नौ सितंबर से 20 सितंबर तक सक्रिय टीबी रोग खोजों अभियान चलेगा। मदरसों, ईट भट्ठों, वृद्धाश्रम, फल मंडी, सब्जी मंडी, मलिन बस्ती, नवोदय विद्यालय, घने आबादी वाले इलाकों में लोगों की स्क्रीनिंग

की जाएगी। इसमें 142 टीमें घर-घर भ्रमण कर टीबी रोगी खोजेंगी। इन टीमों पर 28 सुपरवाइजर काम की निगरानी करेंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी ने बताया कि स्क्रीनिंग के दौरान संदिग्ध मरीजों के बलगम का सैंपल लेकर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच के लिए भेजा जाएगा। टीबी संक्रमित मिलने पर मरीजों का इलाज शुरू होगा।

महिला अधिवक्ता के हत्यारों पर हो सख्त कार्रवाई

संवाददाता छिबरामऊ/तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। कासगंज में महिला अधिवक्ता के हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग करते हुए वकीलों ने छिबरामऊ और तिर्वा तहसीलों में प्रदर्शन किया। कार्रवाई न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

शनिवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार को दिए ज्ञापन में कहा गया कि अभी तक जनपद कासगंज की पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार नही कर सकी है, जिससे प्रदेश की पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। इससे पूर्व 30 जुलाई को जनपद हरदोई के वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मल्होत्रा को उनके आवासीय चेम्बर में गोली मारकर निर्मम हत्या कर

छिबरामऊ में तहसीलदार अभिनव कुमार को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

दी गई थी। मुख्यमंत्री से मांग की कि हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी कर उन पर रासुका, गैंगस्टर, हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। मृतक अधिवक्ता के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नही होती है तो प्रदेश के समस्त अधिवक्ता आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, राजीव सिंह राठौर, संजीव दुबे, चन्द्रजीत यादव, पंकज मिश्रा, संदीप चौहान, अमित अग्निहोत्री, योगेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, अवनीश वर्मा, अमित राजपूत, रजनीश यादव, शिवम शर्मा, आशीष श्रीवास्तव,

- वकीलों ने प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

अनिल यादव, गुलाम हुसैन, आशीष कश्यप, रूपेश दुबे, आलोक दीक्षित व स्नेहलता गुप्ता सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार महिला वकील की हत्या के विरोध में वकीलों ने काली पट्टी बांधने के साथ तख्ती पर स्लोगन लिख कर प्रदर्शन किया और डीएम को सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंप वकीलों के हित में सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग की। शनिवार को तहसील की लायर्स, बार, न्यू, बार एसोसिएशन के वकीनों ने हत्यारोपियो की गिरफ्तारी के साथ मृतक के परिजनो की आर्थिक मदद की मांग की। एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

सार-संक्षेप

शिविर में रक्तदान करते अधिकारी व मौजूद स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

रक्तदान कर बने महादानी, बचाएं दूसरों का जीवन

जलालाबाद, कन्नौज। बैंक ऑफ़ इंडिया आर सेटी बहेलियनपुरवा अनौगी में 119 वें स्थापना दिवस पर शनिवार को रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कृषि उपनिदेशक प्रमोद सिरोही, मत्स्य विभाग अनुपम रॉय, अजय सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, जिला उद्योग केंद्र उपायुक्त धनंजय सिंह व डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार शाक्य की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के डॉ. विभांशु चतुर्वेदी ने अधिकारियों व प्रशिक्षार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, कृषि उपनिदेशक प्रमोद सिरोही, जिला उद्योग उपयुक्त धनंजय सिंह व संकाय सदस्य देवेंद्र सिंह ने रक्तदान किया। संस्थान के निर्देशक नितिन कटियार ने बताया कि रक्तदान महादान है। स्थापना दिवस पर 119 पौधों को रोपित किया गया। 13 दिवसीय कृषि उद्यमी के प्रशिक्षार्थियों को स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान अभिषेक प्रजापति, मिथिलेश कुमारी, राहुल कुमार, मोहम्मद शफी, महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, सोनू कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

जाहरा देवी मंदिर में लगे मेला का निरीक्षण करते सीओ सिटी। अमृत विचार

रोहली के जाहरा देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

गुरसहायगंज, कन्नौज। भादौ मास के तीसरे शनिवार को मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। जीटी रोड सहित तालग्राम व रोहली मार्ग पर वाहनों का जमघट रहा। कई बार जाम की स्थित उत्पन्न हो गई। प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। देर रात तक श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। ग्राम रोहली स्थित जाहरा देवी मंदिर में प्रतिवर्ष भादौ मास के प्रत्येक शनिवार को देवी दर्शन व मेला का आयोजन किया जाता है। इस शनिवार को भक्तों ने अनाज, फल, फूल, दक्षिणा आदि का चढ़ावा चढ़ाया। हजारों की भीड़ व भारी संख्या में पहुंचने वाले वाहनों को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग और अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर देवी के दर्शन किए। इसके बाद जोत के दर्शन कर रोग, दोष, कष्ट आदि से बचाव के लिए देवी से प्रार्थना की। सुरक्षा व्यवस्था में तालग्राम प्रभारी शशिकांत कनौजिया सहित कांस्टेबल, होमगार्ड जगह-जगह तैनात रहे।

कार्रवाई अन्य कब्जेदारों को जगह खाली करने का दिया नोटिस

लश्करी तालाब के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। कई दशक पुराने लश्करी तालाब के अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन में बुलडोजर से ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त कराया। शनिवार को एसडीएम ने लेखपालों की टीम के साथ पैमाइश करा कर अवैध निर्माण को गिरा दिया। अन्य कब्जेदारों को नोटिस जारी कर कब्जा खाली करने का कहा गया।

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत कई दशक पुराना तालाब है। यह तालाब शहर के मुख्य रोड के किनारे पर है। शहर के बीच में होने के चलते चारों तरफ से अतिक्रमण होने से इसका आकार संकरा हो गया है। मुख्य सडक के एक दुकानदार के द्वारा दुकान के पीछे तालाब की

लश्करी तालाब के अतिक्रमण पर चलती जेसीबी। अमृत विचार

खाली जमीन पर निर्माण कराया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर शनिवार को एसडीएम उमाकांत तिवारी राजस्व टीम व भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पहले यहां हो रहे निर्माण को बंद कराया। इसके साथ ही कानूनगो व लेखपालों की टीम के साथ तालाब

- एसडीएम ने लेखपालों की टीम के साथ पैमाइश करा कर अवैध निर्माण गिराया

की पैमाइश कराई गयी। इसके साथ तालाब की सीमाओं का सीमांकन किया गया। इसके साथ ही तालाब की जमीन पर हो रहे निर्माण को लेकर नगर पालिका ने बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया। निर्माण गिराये जाने के दौरान दुकानदार व अधिकारियों के बीच नोंकझोक हुई। यहां मौजूद पुलिस ने आरोपितों को कब्जे में लेकर विवाद को शांत कराया। पैमाइश के दौरान कानूनगो कौशलेन्द्र दुवे, प्रेमकिशोर मिश्रा, सतेन्द्र शुक्ला, लेखपाल विमल मिश्रा, गजेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, 1 घायल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- सौरिख रोड पर हुए हादसे के बाद कार छोड चालक फरार

अमृत विचार। सौरिख रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होते ही चालक अपनी कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा खोजीपुर निवासी 40 वर्षीय मुस्ताक मंसूरी पुत्र सिकंदरबख़्श, तौहीद पुत्र इसरार के साथ बाइक से छिबरामऊ आ रहा था। रास्ते में सौरिख रोड पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही चालक कार छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने मुस्ताक को देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल तौहीद को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मुस्ताक मंसूरी दिल्ली में रहकर बेकरी में कार्य करता था। 5 दिन पूर्व ही वापस अपने घर आया था। वह अपने पीछे पत्नी रीना बानो तथा चार पुत्रियों व एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया।

गंगा चेतावनी बिंदु के पार, दर्जनों गांव जलमग्न

नरौरा बांध से 86603 क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 52999 क्यूसेक, हरिद्वार बैराज 86437 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा का जलस्तर शनिवार को 25 सेंटीमीटर बढ़कर चेतावनी बिंदु के पार 136.80 मीटर पर पहुंच गया है। गंगा का चेतावनी बिंदु का निशान 136.60 मीटर दर्ज है। जिससे गंगा का पानी फिर गावो में घुसने लगा है।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक नरौरा बांध से गंगा में 86603 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बिजनौर बैराज से 52999 क्यूसेक , हरिद्वार बैराज 86437 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे गंगा का जलस्तर और बढ़ने की आशंका है।

उधर रामगंगा का जलस्तर 10 सेंटीमीटर बढ़कर समुद्र तल से 134.90 मीटर ऊंचाई पर स्थिर है। जो चेतावनी बिंदु 136.60 से 170 सेंटीमीटर नीचे है। खोह , हरेली , रामनगर बैराज से 11155 क्यूसेक पानी रामगंगा में छोड़ा गया है। इससे रामगंगा का जलस्तर बढ़ने की आशंका है। गंगा नदी चेतावनी बिंदु से ऊपर पहुंचते ही गांव बरुआ के किसानों के खेत फिर जलमग्न हो गए है।गांव बरुआ की रहने वाले योगेंद्र सिंह राठौर,सुआ सोमवंशी,अवधेश सिंह बताते है की गंगा का जल स्तर चेतावनी बिंदु लांघते ही दो दर्जन से अधिक गावो में गंगा का पानी घुस जाता है। एक बार गंगाफ़िर तबाही मचाने जा रही है। जिसको लेकर यहां के वाशिंदों की रात की नींद व दिन का चैन उड़ गया है।

गांव में घुसा गंगा का पानी। अमृत विचार

- रामगंगा चेतावनी बिंदु 136.60 से 170 सेमी नीचे

दवा वितरित करते डाक्टर। अमृत विचार

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नाव से पहुंचकर बांटी दवाइयां

फर्रुखाबाद। राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय किराचन ने जनपद के राजेपुर ब्लॉक के बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित ग्राम आशा की मड़ैया में नाव से जाकर बाढ़ पीड़ितों के लिए नि :शुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर लगवाया । जिसमे कुल 192 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी को दवाइयों का वितरण किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने सभी बाढ़ पीड़ितों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी। इस शिविर के आयोजन मे चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सिंह के साथ कक्ष सेवक श्री बृजेश कुमार और ग्राम प्रधान श्री रामबरन सिंह और अन्य ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।

कायमगंज में खूब वोट मिलने पर सपाई खुश

फर्रुखाबाद। विधानसभा कायमगंज के शमशाबाद नगर के शहनाई गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीयों की बैठक हुई। इस बैठक में गत लोकसभा चुनाव के परिणाम की समीक्षा एवं कायमगंज विधानसभा से सबसे अधिक वोट मिलने पर आभार भी व्यक्त किया गया।

समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि कायमगंज विधानसभा से लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी विजयी हुई है। कायमगंज विधानसभा प्रभारी सर्वेश अंबेडकर ने कहा आने वाले चुनाव में भी मतदाता सपा का साथ देंगे। जिला महासचिव इलियास मंसूरी, इजहार खान, सोमेंद्र यादव, अवधेश पांडे, नवाब सिंह यादव, बंटी यादव, युसूफ, लालमन यादव ,सोनू यादव, साहब खान,प्रवेश यादव, राम प्रकाश यादव, दयाराम यादव, रामपाल प्रधान, नौशाद खान, नाजिम खान, मुकीम खान, राजीव कुमार शाक्य,अखिल, अनिल यादव, इंद्रजीत सिंह रहे।

सड़क हादसों में मामा भांजे समेत 14 घायल

संवाददाता, अमृतपुर फर्रुखाबाद

- पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया

अमृत विचार। फर्रुखाबाद व कायमगंज क्षेत्र में शनिवार को विभिन्न सड़क हादसों में 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

शनिवार सुबह आठ बजे स्कूली इको कार प्राइवेट स्कूल के छात्रों को लेकर राजेपुर जा रही थी। तेज रफ्तार इको कार ने ग्राम खानपुर के पास सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे थाना अमृतपुर के मड़ैया तौफीक निवासी बाइक सवार अमित व प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों घायलों को राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया और परिजनों को सूचना दी। दोनों छात्र रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद में पढ़ने के लिए जा रहे थे। वहीं जिला शाहजहांपुर थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव जरियनपुर निवासी नंदकिशोर का 16 वर्षीय पुत्र मिर्जापुर से अपने घर जरियनपुर जा रहा था। तभी कस्बा मिर्जापुर के पास ही अज्ञात वाहन ने प्रशांत की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट आने से उसको हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। इसी क्रम में जिला हरदोई थाना हरपालपुर क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी 28 वर्षीय शिवम अपने 16 वर्षीय भांजे हिमांशू को बाइक से लेकर जा रहा था। तभी पांचालघाट गंगा पुल के पास कार ने शिवम की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें मामा-भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया।

इस क्रम में कायमगंज के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में 7 लोग घायल हो गए।एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी नीलेष व आषीष, क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी संगीता, शमसाबाद क्षेत्र के गांव चिलसरी निवासी सरवन, कंपिल क्षेत्र के गांव सींघनपुर निवासी कैलाश 10 वर्षीय पुत्र अजीत, 8 वर्षीय पुत्री चांदनी, नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी दिनेश का 16 वर्षीय पुत्र नैतिक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए।

वहीं थाना राजेपुर क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर तेज रफ्तार दूध वैन अनियंत्रित होकर पलट कर खड्ड में जा गिरी। जिससे चालक परिचालक ग्राम बिरसिंह पुर निवासी अवनेश और अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी राजेपुर ले लाया गया। जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया है।

एक नजर

3 लोगों ने पीया कीटनाशक हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के नगर से सटे एक गांव निवासी शमा, गांव शिवरई वरियार निवासी सौरभ, अमलईया मुकेरी निवासी बुजुर्ग प्रमोद ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनो को जानकारी हुई। परिजन सभी को अस्पताल लेकर आए। जहां तीनों को गंभीर हालत में प्राथमिक इलाज के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

ग्रामीण को जहरीले सांप ने काटा, सीएचसी में भर्ती

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव बढ़ार निवासी नन्हेलाल को जहरीले सांप ने काट लिया। चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन उसे सीएचसी लेकर दौड़े। जहां उसका इलाज किया गया।

षडयंत्र कर लोगों को फंसा रही पत्नी व पुत्री

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह अपनी पत्नी के चाल चलन से से परेशान है। उसका कहना है कि उसकी पत्नी दामाद के साथ मिलकर समाज के भले लोगों को अपने जाल में फंसा कर उनका उत्पीड़न करती है। उसका आरोप है कि उसकी पत्नी व बेटी लोगों को झूठ बलात्कार के मुकदमे में फसाने की धमकी देकर पैसा ठगती है। उसका कहना है कि 2019 में उसकी पत्नी क्षेत्र के गांव निवासी के खिलाफ बलात्कार से संबंधित एक प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया था जिसके बाद पंचायत में उसने अच्छी खासी रकम लेकर मामला रफा दफा कर दिया ।उसकी पत्नी और उसकी बेटी ने 2021 में नगर के तीन युवकों पर बलात्कार का मुकदमा लगवा कर उन्हें जेल भिजवा दिया।

2 सहेलियों की मौत में पिता ने लगाई सहायता की गुहार

कायमगंज फर्रुकगबाद। दो सहेलियों की मौत मामले में पीडित पिताओं ने जिलाधिकारी से आर्थिक सहायता की गुहार की है। क्षेत्र के एक गांव की दो सहेलियो की फांसी से मौत के मामले में दोनो के पिता जिलाधिकारी से मिले।

घरों, पंडालों में बिराजे गणपति बप्पा की दिन भर हुई पूजा

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गणेश चतुर्थी पर्व शनिवार को शहर से लेकर कस्बों तक मे गणपति प्रतिमाएं स्थापित करने की धूम रही। घरों और पंडालों में बिराजे गजानन की दिन भर पूजा अर्चना की गई। गणेश महोत्सव 17 सितंबर तक चलेगा। गणपति को भोग लगाने के लिए मिष्ठान की दुकानों पर मोदक की जमकर बिक्री हुई। मिष्ठान बिक्रेता खेलत बताते है कि 100 रुपये तक में मोदक बिका। पंडित अशोक शास्त्री के मुताबिक विघ्नहर्ता को मोदक सबसे ज्यादा प्रिय है। इस वजह बिना मोदक के उनकी पूजा अधूरी मानी जाती है। गणपति पूजन से जिले का माहौल गणेशमय हो गया।

हमारे कमालगंज प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को नगर के प्रेमपुष्प गेस्ट हाऊस में 15 बें श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन पूजन के साथ हुआ। आचार्य सोहित व्यास, प्रेमशंकर तिवारी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, राजू मिश्रा ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच गजानन की प्रतिमा की स्थापना कराई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अमित गुप्ता ,गौरव गुप्ता, सौरभ चौरसिया, राघव शुक्ला ,महेन्द्र पाठक ,मृदुल विशनोई, प्रबल वर्मा ने यज्ञ में आहुतिया डालकर क्षेत्र एवं देश की सुख समृद्धि की प्रार्थना की।बाद में वाद्य यंत्रो की धुन पर प्रथम पूज्य की आरती उतारी गई।

जिला जेल फतेहगढ में जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने गणपति बप्पा की मूर्ति की विधि विधान से स्थापना कराई। जेल अधीक्षक ने कहा कि ईश्वर भक्तों की सच्चे मन से की गई पुकार सुनते है। जिला कारागार फतेहगढ़ में अनोखा पंडाल जेल के कैदियों ने सजाया है। महिला बंदी व महिला स्टाफ ने पूजा अर्चना की । जेलर गिरीश कुमार, उपजेलर वैभव कुशवाह, सरोज देवी, कृष्ण कुमारी ,मुकेश गौड़ ने विधि विधान से पूजा कर के गणेश पूजन का आरंभ किया। पूजा पंडाल सजाने में जेल वार्डन संजय सिंह, सोनू सिंह, अंकित , महिला जेल बार्डर प्रियंका, रोहिणी आदि ने भूमिका निभाई है ।

क़ायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार श्री शिव गणेश कमेटी लोहा पटवन गली,पृथ्वीदरवाजा द्वारा भगवान गणेश जी की प्रतिमा बड़ी धूमधाम के साथ लोहाई गली मे स्थापित की गईं। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डाक्टर शरद गंगवार,उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष मनोज कौशल,नरेश चन्द अग्रवाल,विनोद अग्रवाल,अम्बुज गंगवार,यश अग्रवाल ने पूजन आरती कर 9 दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया।कमेटी के सदस्यो ने मुख्य अतिथि को पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर गणेश कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र,व्यापार मंडल के नगर महामंत्री एवं गणेश कमेटी के मुख्य व्यवस्था प्रमुख अमित सेठ,सुनील सेठ,अंकुर माहेश्वरी,रितेश सेठ,अमित पालीवाल,विनीत सेठ,बबलू टेलर, आलोक पाटकर,पायल सेठ,सुचिता सेठ,रिषभ सेठ,सुमित सेठ सहित भगवान के भक्त उपस्थित रहे। फर्रुखाबाद से आए विद्वान आचार्य शैलेन्द्र दीक्षित ने पूजन कराया। अंत मे सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

पंडाल में गणपति के दर्शन को लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

जिला जेल में स्थापित गजानन की मूर्ति।

- 100 रुपये तक में बिका गजानन का प्रिय मोदक

भीगी बोरियां देख चढ़ा जिलाधिकारी का पारा

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। चीनी मिल में निरीक्षण के दौरान भीगी बोरियों को देख कर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया। उन्होंने पानी रोकने के इंतजाम के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था का भुगतान रोकने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अमले के साथ दि किसान सहकारी चीनी मिल पहुंचे। जहां परिसर में चीनी भंडारण की नवनिर्मित गोदाम का निरीक्षण किया। वहां टीनशेड की तरफ से चीनी की बोरी के पास पानी भरा मिला। इससे चीनी की काफी बोरिया खराब मिली। उन्हे दीवार पर सीलन मिली। गोदाम के अंदर जगह जगह पानी मिला। इस पर जिलाधिकारी नाराज हुए। उन्हें बताया गया कि यह बरसात का पानी है और बौछार से आ गया है। टीनशेड का कार्य कार्यदाई संस्था ने किया था। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए और कहा इस कार्य को कराया जाए। इस पर महाप्रबंधक ने कार्यदाई संस्था को पत्र लिखा गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अग्रिम आदेश तक कार्यदाई संस्था का भुगतान रोक दिया जाए। इसके बाद वह मशीन कक्ष में पहुंचे। वहां मशीनों के बारे में जानकारी की। जहां जीएम ने बताया गया कि कुछ मशीनों की मरम्मत हो रही है। वायलर के पास दीवार चटकी होने पर उसे सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चीनी बनाने के संबंध में भी जानकारी की। जहां बताया गया दो तरह की चीनी निर्मित होती है। चीनी मिल के अंदर टीनशेड टूटा होने पर उसे बनाने के निर्देश दिए इस दौरान चीफ इंजीनियर नरेंद्र सिंह, चीफ केमिस्ट विवेक यादव, डिफ्टी केमिस्ट आरएस दोहरे, सीसीओ प्रमोद सिंह, लेखाधिकारी मेवाराम पासी आदि मौजूद रहे।

पानी से भीगी चीनी की बोरिया। अमृत विचार

- कार्यदायी संस्था के भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश

कर्मियों ने उठाई मानदेय बढ़ाने की मांग

कायमगंज फर्रुखाबाद। चीनी मिल के न्यूनतम वेतन भोगी धर्मेंद्र कुमार, दुष्यंत, ब्रजेश, सुभाष, सतीश, विनोद कुमार, ताराचंद्र, न्याजुल हसन खां आदि ने जिलाधिकारी को पत्र सौपा कहा कि वह लोग 12 वर्ष से कार्य कर रहे है। उन्हे न ही पीएफ मिल रहा है। न ही कोई अवकाश मिलता है। सिर्फ तीन लोगो को अवकाश दिया जाता है। कई बार लेखाधिकारी को अवगत करा चुके है। लेकिन उन्होंने रुचि नहीं ली। इसके अलावा मिल के बेसिक मूल वेतन वाले कर्मचारी लोकेंद्र सिंह, अमित कुमार, पंकज, आयुष निगम, अजीत सिंह, रजनेश कुमार, रितेश सिंह, भरतलाल, संतोष कुमार, शशीप्रकाश आदि ने जिलाधिकारी को दूसरा पत्र दिया और कहा उन्हे 2017 से लगातार ढाई सौ रुपए के हिसाब से मानदेय मिलता है। इससे गुजर बसर नहीं हो पा रहा है।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में मौजूद स्वरूप। अमृत विचार

युगल जयंती महोत्सवः अष्ट सखी पूजन में आए न्यायिक अधिकारी

फर्रुखाबाद। श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहई रोड में युगल जयंती महोत्सव के अंतर्गत अष्ट सखी पूजन विद्वान पंडितो ने वेद मंत्र स्वास्तिक वचनों के साथ संपन्न कराया। श्री राधा रानी के दिव्य रूप में अनन्या मिश्रा, श्री कृष्ण के रूप में आराध्या मिश्रा का दिव्य श्रृंगार के दर्शन भक्तों ने किये एवं अष्ट सखी के रूप में ललिता, विशाखा, चित्रा, इंदुलेखा, चंपकलता, सुदेवी, तुंगविद्या, रंगदेवी के रूप में हर्षिता चतुर्वेदी आराध्या ,आयुषी, शाम्भवी ,आयुषी तिवारी गौरी दुबे, अनन्या मिश्रा, आराधना, अश्वनी मिश्रा, सिदाधिक दुवे, बालिकाओं ने अष्ट सखी के स्वरूप में मंदिर को वृंदावन बरसाना बना दिया ।स्वरूपों का श्रृंगार शिशिर टंडन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में शैली राय (एडीजे) प्रथम, श्रीमती अंजू कम्बेज (एडीजे), अंकित कुमार मित्तल (एडीजे), डॉ निशा द्विवेदी, डॉक्टर के एम द्विवेदी, डॉक्टर मनोज मेहरोत्रा, सुरेंद्र सफ्फर, रेनू सिगतिया, अंजुम दुबे ने श्री राधा कृष्ण का पूजन किया और आशीर्वाद लिया। डॉक्टर मनोज मेहरोत्रा ने अष्ट सखियों के महत्व पर विचार व्यक्त किए। अंजुम दुबे ने अष्ट सखियों उनकी मंजरियों का आध्यात्मिक इतिहास नंद गांव बरसाना वृंदावन के रहस्य पुण्य भूमि का विचार व्यक्त किया। श्री राधा श्याम शक्ति महिला मंडल की महिलाओं नेअष्ट सखियों सहित श्री भगवान कृष्ण का पूजन किया। विजेंद्र श्रीमाली, रामकृपाल मिश्रा, रोहित सफ्फर, जितेंद्र अग्रवाल, हर्षित सिगतिया, संजीव सिगतिया, बीके सिंह समाजसेवी, संजय गर्ग, अश्वनी गुप्ता, रोहित अग्रवाल, कन्हैया लाल जैन, रविंद्र भदोरिया, अंजु अग्रवाल, रेनू सिगतिया, बीना जालन ,वैशाली सफ्फर, उपासना शर्मा, ज्योति गोयल ने पारिकर गोपी सखियों मंजरियों ने राधा रानी भगवान कृष्ण अष्ट सखियों सहित पूजन किया और उपहार दिए। कार्यक्रम का संचालन अंजुम दुबे ने किया।

किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा 8 सूत्रीय ज्ञापन

कायमगंज फर्रुखाबाद। भारतीय किसान यूनियन के दर्जनो पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां किसान नेताओं ने कहा कि बाढ़ से खराब हुई सड़को का सर्वे कराकर मरम्मत कराई जाए। किसानों की नष्ट फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। नगर के बाजार के अंदर मीट मछली की दुकाने बंद कराई जाए। तहसील रोड पर अतिक्रमण हटाया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को पूरी दवाईया नहीं मिलती है। जबकि अस्पताल के स्टोर रहती है। जब एक्सपायर हो जाती है। गंगा व अन्य जगह फेंक दी जाती है। गंगा में फेंकने से मछली मर रही है और पानी दूषित हो रहा है। ऐसे लोगो पर कार्रवाई की जाए। ग्राम पंचायत चौरसिया मझोला में तालाबो के कब्जा मुक्त कराया जाए। इस दौरान किसान नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डा. प्रेमचंद्र सक्सेना, अजय कुमार, कश्मीर सिंह, मोतीलाल, गंगाराम, नौरंगी लाल, जयवीर सिंह, हुकुम सिंह, जयदेव सिंह शाक्य, महेंद्र मोहन, रमेश चंद्र, मंजेश कुमार आदि रहे।

परिजनों ने किशोर का शव रखकर हंगामा काटा

फर्रुखाबाद। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में परचून की दुकान पर नौकरी कर रहे किशोर का शव रख कर परिजनों ने जम कर हंगामा किया। पुलिस ने दबाव बना कर शव का अंतिम संस्कार करा दिया। थानां क्षेत्र के मोहल्ला रकाबगंज तहसील के निकट के निवासी 15 वर्षीय किशोर पिंन्टू का शव शुक्रवार को कांशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया के निकट नाले में पड़ा मिला था। परिजनों ने परचून दुकानदार व उनके पुत्र पर पिंन्टू की हत्या करने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत पानी में डूबने से होने की पुष्टि हुई थी। परिजन शव घर ले गए थे। शनिवार सुबह उन्होंने हत्याकी रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग कर हंगामा शुरू कर दिया। टाउनहाल तिराहा पर शव रखकर महिलाओं ने जाम लगाने की धमकी दी। मऊदरवाजा थानाध्यक्ष भोलेंद्र चतुर्वेदी फोर्स के साथ मौजूद थे। पुलिस ने दबाव बनाकर शव पांचालघाट स्थित स्वर्गधाम ले गयी। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

सर्प दंश से महिला की मौत, सीएचसी में झाड़-फूंक होती रही

फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी संध्या देवी पत्नी को शुक्रवार को सांप ने काट लिया ।परिजन आनन फानन में महिला को लेकर जिला अस्पताल लोहिया आए ।उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों में मातम छा गया। परिजन शव लेकर घर आ गए। शनिवार को परिजन पुन : शव लेकर सीएचसी राजेपुर पहुंचे। डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूचना के आधार पर थाना राजेपुर पुलिस भी आ गई। लेकिन परिजनों ने पुलिस को पंचायतनामा भरने से रोक दिया और पहले झाड़ फूंक करने की बात कही। जिसके बाद वहां पर भारी भीड़ हो गई। जिसके बाद परिजनों ने एक बाहर से तांत्रिक को बुलाया। सीएचसी में ही झाड़ फूंक होती रही। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मचारी और अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। आधे घंटे तक वहां पर तांत्रिक महिला के शव के ऊपर पानी डाल कर, कपड़ा डाल कर जिंदा करने का प्रयास करता रहा ।जिसके बाद तांत्रिक ने ही महिला के शव को घर ले जाने की बात कही ।तब परिजन शव लेकर घर गए ।वही शाम को पुन : पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। शाम को पंचायतनामा शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया। सीएचसी राजेपुर के प्रभारी डॉ आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि अस्पताल में परिजन तांत्रिक को बुलवाकर झाड़ फूंक करवाना चाह रहे थे। जब मामला संज्ञान में आया तो तत्काल लोगों को मौके से भगा दिया गया है अस्पताल में कोई झाड़ फूंक नहीं हुई है।

समस्या लेकर आए — 207 शिकायतें आई, मौके पर 12 का हुआ निस्तारण, अन्य शिकायतों का जल्द समाधान करने का अधिकारियों को निर्देश

संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी, एसपी ने सुनी फरियाद

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सम्पर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस मौके पर 207 शिकायतें आई। जिसमें 12 को मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा. वीके सिंह, एसपी आलोक प्रियदर्शी की मौजूदगी में हुआ। फरियादियों में क्षेत्र के गांव नीवलपुर के ग्राम प्रधान नरेंद्र ने शिकायत की गांव में जलनिगम द्वारा पाइप लाइन के लिए खुदाई हुई थी लेकिन 8 महीने बीतने के बाद भी पाइप नहीं डाले गए है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। क्षेत्र के गांव पचरौली निवासी उपेंद्र सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने फरियाद की और कहा उनके घरों से बिजली लाइन निकली है। कई बार आग लग चुकी है। अनहोनी हो सकती है। तारो को हटाया जाए। नगर के मोहल्ला सदबाड़ा निवासी कमलेश कुमारी ने फरियाद में कहा कि पीएम आवास का ठेका मोहल्ला चिलांका के एक राजमिस्त्री को दिया था। मकान निर्माण के दौरान राजमिस्त्री का परिवार बीमार हो गया। इस पर उसने रुपए की मांग की तो उसने मजदूरी में रुपए काटने की बात कहकर 11 हजार रुपए दे दिए। अब राजमिस्त्री उसका अधूरा कार्य घर छोड़ कर भाग गया। पुलिस के शिकायत के बाद उसने 5 हजार रुपए दे लेकिन अभी तक बकाया रुपए नहीं दे रहा है। क्षेत्र के गांव उतमाननगर निवासी ह्रदयेश कुमार ने फरियाद की कि आटा चक्की के लिए बिजली कनेक्शन लिया था। एक साल कनेक्शन चलाया। बीते माह उसने कनेक्शन कटवा दिया। इसके बाद भी बिल आ रहा है। अब विभाग उस पर 7 लाख जुर्माना की बात कह रहा है। इस पर एक्सईएन को जांच के निर्देश दिए गए है। नगर के मोहल्ला सदबाड़ा निवासी धर्मपाल ने मोहल्ले में नगर पालिका की स्ट्रीट लाइन न जलने की शिकायत की। क्षेत्र के गांव जैदपुर शरीफपुर छिछनी देवेंद्र ने कुछ लोगो पर ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की और कहा कि जगह में 6 कमरे व किचेन बना लिया है। कंपिल क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी रामसेवक दुबे ने फरियाद की कि 3 सितंबर को रेलवे रोड के एक दुकानदार ने अपने साथियों के साथ यूकेलिप्टस 25 पेड़ कटवा दिए। इसकी कीमत दो लाख रुपए है। शिकायत करने पर जानमाल की धमकी देता है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने डीएम को रोते हुए फरियाद कि साहब उसकी पत्नी के चाल चलन सही नहीं है। उसकी पत्नी व पुत्री कई लोगो को फंसा चुकी है। उसे भी परेशान करती है। उसने जांच की मांग की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए है कि आज से ही निस्तारण के लिए जुट जाए। न्यायोचित निस्तारण करे। उन्होंने वीरपुर क्षेत्र के लेखपाल सौरभ को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी, विधायक डॉ सुरभि ने कई लाभार्थियों को वरासत व घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए।

सीडीओ अरविंद्र कुमार मिश्रा, सीएमओ डा. अवनींद्र कुमार, एसडीएम रवींद्र सिंह, सीओ जयसिंह परिहार, नायब तहसीलदार सृजन कुमार, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, मनीष वर्मा समेत जिले व स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।

अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता मे किया गया। जिसमे कुल 106 प्रार्थना पत्र आए। 6 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। कुलदीप सिंह निवासी आसमपुर ने सफाई कर्मी द्वारा सफाई न करने, मुकेश शर्मा निवासी करनपुर दत्त ने पीसीएफ किसान सेवा केंद्र पुनः चालू करवाने, रामश्री निवासी पिथनापुर ने रुकी हुई पेंशन चालू कराने, ओमदास निवासी वीरपुर ने चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवाने के संबंध मे आदि प्रार्थना पत्र आए।

अपर जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस के बाद तहसील का निरीक्षण किया उन्होंने रजिस्ट्री दफ्तर, नजारत, राजस्व लिपिक पटल, तहसीलदार न्यायालय, एसडीएम न्यायालय का निरीक्षण किया। न्यायालयों मे कर्मचारियों को फाइलों के सही तरीके से रखरखाव के निर्देश दिए तथा पुरानी फाइलों का अवलोकन कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

फरियाद सुनते जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह। अमृत विचार

वकीलों ने कार्य से विरत रहकर किया प्रदर्शन

कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जताया रोष, जिला जज व जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 3 सितम्बर को हुई थी महिला अधिवक्ता की हत्या
- 1 करोड़ रुपये व सरकारी नौकरी का मांगा मुआवजा

अमृत विचार। कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण करने के बाद हत्या और शव को नहर में फेंक देने से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। शनिवार को अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सुरक्षा व मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। वकीलों ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन जिला जज व जिला मजिस्ट्रेट को दिया। शनिवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लेते हुए न्यायिक कार्य नहीं किया।

डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने बताया कि बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सदर हवालात के सामने एकत्र होकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बहुत बड़ी संख्या में ज्ञापन देने जिला जज के यहां पहुंचे। जिला जज को दिए ज्ञापन में कहा गया कि घटना 3 सितम्बर की है और शव 4 सितम्बर को बरामद हुआ। आज 7 सितम्बर है और अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने अविलम्ब उक्त प्रकरण पर गिरफ्तारी की जोरदार मांग की है।

कचहरी में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

उधर उप्र बार कौंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने भी समस्त उत्तर प्रदेश के बार संघों से कहा है कि वह ज्ञापन सौंपें। ज्ञापन में मृतक अधिवक्ता के परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा, अविलम्ब मुल्जिमानों की गिरफ्तारी हो तथा मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान की जाये। ज्ञापन में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट जो बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से ड्राफ्ट तैयार करके दिया गया है, उसे शीघ्र विधि आयोग से स्वीकृत कराकर प्रदेश में लागू किया जाये। सीबीए ने भी डीएम व जिला जज को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अनिल कुमार गौर , महामंत्री देवेन्द्र पाल, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह कुशवाहा के अलावा हैप्पी ठाकुर, अक्षय राज भदौरिया, आशुतोष दीक्षित, पवन कुमार मिश्रा, अनिल कुमार शाक्य, राम शरण यादव, कु. साक्षी शर्मा, मोहित भदौरिया, शिवम सेंगर, अतुल श्रीवास्तव, किरन राजपूत, मनोज दीक्षित, रूपेन्द्र सिंह चौहान, सुभाष राजपूत, राजीव त्रिपाठी, मुकेश बाबू, आलोक यादव, अल्लू यादव, उपेन्द्र यादव, देवेन्द्र सिंह भदौरिया, अनुज कुमार राजपूत, अवधेश पाल, सचिन पाल के अलावा तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

तिब्बती बाजार के विरोध में उतरा व्यापार मंडल

इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों नें पांच सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह को सौंपा। व्यापारियों का कहना था कि सर्दी के मौसम में शहर के गुरू तेगबहादुर ओवर ब्रिज के पास लगने वाले तिब्बती बाजार को अनुमति न दी जाये। बाजार में श्रम कानूनों का पूरी तरह उल्लंघन होता है। एक ही बिजली कनेक्शन लिया जाता है, फिर सब दुकनदारों को बिजली बेची जाती है, जो गैरकानूनी है। सभी दुकनदारों को अस्थायी व्यवसायिक कन्केशन लेना चाहिए । तिब्बती शरणार्थी के नाम पर जिले के हजारों टैक्स पेयर व्यापारियों का भारी नुकसान होता है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज,जिला सचिव जैनुल आबदीन,कामरान खान,युवा जिला महासचिव अजीत कुमार, शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला महिला कोषाध्यक्ष श्री मती बर्षा दुबे, महिला उपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, ज्योति जौहरी, मीडिया प्रभारी इश्तयाक कुरैशी, रोहित पाल, सलीम राईन सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा, 30 हजार का जुर्माना भी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने सुनाया फैसला
- 2020 में दोषी ने घटना को दिया था अंजाम

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रानी चौहान ने चार साल पुराने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाए जाने पर दस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर तीस हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार भरथना थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 2020 को उसकी चौदह साल की पुत्री अपने घर पर थी तभी अपनी रिश्तेदारी में रह रहे युवक इंद्रजीत उर्फ भोले उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने उसे बरामद कर आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया। बाद में पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला व अपर शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी ने पैरवी की।

सभी साक्ष्यों को देखते हुए कोर्ट ने उसे दस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर तीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

चोरी के दोषी को 2 साल की सजा

इटावा। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश आठ एक साल पुराने चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक को दोषी पाया और उसे दो साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दो हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। राजीव कुमार पुत्र रामदास राठौर निवासी विनीत विहार थाना फ्रेण्डस कालोनी की एक जून 2023 को बाइक चोरी हो गई थी। इस सम्बंध में उन्होंने फ्रेंण्डस कालोनी थाने में मामला दर्ज कराया था। खोजबीन के दौरान पुलिस ने बाइक के साथ सुब्रत निवासी ग्राम हविलिया थाना बढ़पुरा जनपद इटावा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश आठ की कोर्ट में हुई। अपर शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट में सुब्रत को दोषी पाया और उसे दो साल की सजा व दो हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

संपूर्ण समाधान दिवसः कई फरियादियों की शिकायतें दर्ज ही नहीं की गईं

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा ।

- राजस्व संबंधी शिकायतें दर्ज नहीं करते लेखपाल

अमृत विचार। मॉडल तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार और क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कई फरियादियों की शिकायतें दर्ज नहीं की गईं, जिससे उनमें मायूसी देखी गई।

इस दौरान भारी संख्या में फरियादियों को अपनी अपनी समस्याओं को कहते देखा गया था। लेकिन सिर्फ 8 फरियादियों की समस्याएं दर्ज की गईं। बाकी फरियादियों को लेखपालों ने दर्ज नहीं किया। बताया गया है कि तहसील में तैनात लेखपालों को फरियादियों की शिकायतें दर्ज करने के लिए बैठाया जाता है, लेकिन वे राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें नहीं लिखते हैं। पुलिस, विद्युत और नगर पालिका से संबंधित शिकायतें दर्ज कर ली जाती हैं। इस मामले में उच्च अधिकारियों को संज्ञान में लाने की आवश्यकता है।

ग्राम ज्वालापुर निवासी राजकिशोर शास्त्री ने बताया कि उनके गांव के मंदिर परिसर में विद्युत ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जिससे हर दिन फाल्ट होते हैं। जिससे बड़ी दुर्घटना या जनहानि हो सकती है। उसे हटवाने के लिए पिछले 6 वर्षो से शिकायत दर्ज कराई। अभी तक निस्तारण नहीं किया जा सका। इसी प्रकार ग्राम बाऊथ निवासी इंद्रवती ने घर के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को हटवाने की गुहार लगायी। महलई टोला निवासी मरजीना ने उसके घर की दीवार तोड़कर दबंगों द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत दर्ज करवा कर मदद की गुहार लगायी। बाऊथ के सुग्रीव सिंह धाकरे ने सिंचाई के लिए बंद की गई गूल को चलवाने की गुहार लगायी। लुधपुरा निवासी किशोरी ने राशनकार्ड कटने पर फिर से बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। लखेरे कुआं की रहने वाली लता पत्नी राजकुमार ने मारपीट करने की शिकायत दी है।फुलरई निवासी भानु प्रताप ने इलाके में तैनात लेखपाल पर समस्या निस्तारण करने में पक्षपात का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई ।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत

भरथना, इटावा । कस्बा के मोहल्ला महावीर नगर में छह साल पहले हुई एक महिला की संदेहजनक मौत हो गई ।

नगर में मोहल्ला महावीर नगर में शुक्रवार रात साढ़े 10 बजे घर के अंदर कमरे में 24 वर्षीय किरन पत्नी आकाश बिस्तर पर अचेतावस्था में पड़ी मिली। ससुराली जन उसे निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने मृतका के ससुरालीजनों पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। साथ ही कहा की जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

रैली को हरी झंडी दिखाते डायरेक्टर डॉ. संदीप पांडेय।

नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों ने निकाली रैली

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत चौ. सुघर सिंह नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज के डायरेक्टर डॉ संदीप पांडे व सुरेंद्र शर्मा ने पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रैली को हरी झंडी दिखाई।

विभागाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2024 की थीम है । उन्होंने रैली के माध्यम से सामुदायिक रूप से लोगों को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के महत्व के बारे में बताया। सभी के लिए पौष्टिक आहार की प्रासंगिकता छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न पोस्टर और चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया।जागरूकता रैली में कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग विभाग से निखिल कुमार व अंशु यादव ने भी बच्चों की रैली का नेतृत्व किया।

सार-संक्षेप

डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, 5 घायल

ताखा, इटावा। थाना ऊसराहार क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर शनिवार सुबह सात बजे किलोमीटर 126 के समीप कार चला रहे ड्राइवर को झपकी लग गई, जिससे कार डिवाइडर से टकराकर तीन चार बार पलटकर विपरीत दिशा में जाने वाले मार्ग पर जा गिरी। गनीमत यह रही कि उस समय विपरीत दिशा से कोई वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर एक्सप्रेस वे के चौकी इंचार्ज व यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मौके पर आ गए। कार में सवार नई दिल्ली में विजय नगर के रहने वाले अंकित शाह , निखिल सिंह उसका भाई आदित्य, अश्वनी तथा सूरज घायल हो गए सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। घायलों को यूपीडा की एंबुलेंस से सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया ।

निजी अस्पताल में गर्भवती की हुई मौत, परिजनों ने किया हंगामा

इटावा। निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वैदपुरा थाना क्षेत्र में रजमऊ गांव में रहने वाले औसान सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनकी पत्नी ममता को प्रसव पीड़ा हुई। जिस पर वह गांव की आशा के साथ शहर में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में आईटीआई चौराहा के पास निजी अस्पताल में पत्नी को लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टर ने इलाज करते हुए पत्नी को हाईडोज दे दी जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई, इस बारे में डॉक्टरों को अवगत कराया तो उन्होंने पत्नी को आगरा ले जाने को कहा। एंबुलेंस से आगरा के एक निजी अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने बताया कि महिला की बहुत पहले ही मौत हो चुकी थी। जिस पर परिजनों के साथ वापस शव को लेकर अस्पताल पहुंचे और हंगामा किया। हंगामा देखकर डॉक्टर और स्टाफ भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत किया ।

घर से नाराज होकर निकलीं तीन बहनें मिलीं

इटावा। परिजनों की डांट फटकार से नाराज होकर बड़ी बहन अपनी सगी और चचेरी किशोरी बहनों के साथ लापता हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने 12 घंटे तक आपरेशन मुस्कान व त्रिनेत्र चलाकर तीनों को खोजकर परिजनों के हवाले किया ।एसएसपी ने सफलता पाने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया थाना वैदपुरा क्षेत्र में एक युवती और उसकी किशोरी बहन का माता पिता का निधन होने पर परिवार के अन्य लोग पालन पोषण कर रहे थे। युवती इंस्ट्राग्राम पर किसी से देर तक बात करती थी, इसके तहत उसके चाचा ने डांट लगा दी। इससे नाराज होकर वह अपनी बहन तथा चाचा की बेटी को साथ लेकर बीते गुरुवार को दोपहर के समय घर से लापता हो गईं। परिजनों ने आसपास तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। थाना में सूचना दी। वैदपुरा थाना प्रभारी विपिन कुमार ने टीम के साथ आपरेशन मुस्कान व त्रिनेत्र चलाकर तीनों बेटियों का पता लगाकर नोएडा से बरामद कर लिया।

इमरजेंसी सेवाएं तत्काल शुरू करें : सीएमओ

इटावा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीता राम ने नबकेवर के 50 शैया अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने नॉर्मल तरीके से डिलेवरी कराने व रात के समय की भी इमरजेंसी चलाने के निर्देश सीएमएस को दिए। हालांकि अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ पिछले तकरीबन दो माह से अधिक समय अवकाश पर चल रही हैं। सीएमओ ने बताया कि अस्पताल में स्टाफ नर्स मौजूद हैं। ऑपरेशन जैसी स्थिति होने पर उनको 108 एंबुलेंस से रेफर कर जिला अस्पताल भेजने के लिए कहा गया है। इस दौरान सीएमएस डॉ वीरेंद्र भारती, वरिष्ठ परामर्श दाता डॉ संदीप गुलाटी, ईएमओ डॉ रविंद्र साहू, डेंटिस्ट डॉ शाहना, चीफ फार्मासिष्ट दिनेश प्रताप सिंह, मौजूद रहे।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

भरथना, इटावा । दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह साम्हों रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर पर लाइनों के मध्य एक अज्ञात 30 वर्षीय रेल यात्री घायलावस्था में अचेत पड़ा मिला। रेलवे ट्रैक मैन राकेश कुमार एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने चेकअप करके मृत घोषित कर दिया। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था, प्रथम दृष्टा में जहरखुरानी का शिकार प्रतीत हो रहा है ।अनुमान लगाया जा रहा है कि वह बेहोशी की हालत में वह ट्रेन से नीचे गिरा जिससे शरीर में चोटें आईं।

पर्यावरण जागरूकता पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं ।

पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। आचार्य आदि सागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में पर्यावरण बचाओ तथा जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक विशुन कुमार ने मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उदघाटन किया।

पर्यावरण बचाओ संबंधी नाटक व मनमोहक नृत्य छात्र और छात्राओं ने प्रस्तुत किए । पर्यावरण बचाओ तथा जल संरक्षण पर बहुत ही सुंदर प्रोजेक्ट गैलरी लगाई गई । जिसमें पर्यावरण को बचाने संबंधी नए-नए विचार प्रस्तुत किये गये। प्रबंधक विशुन कुमार ने कहा कि हमारी पृथ्वी एक अनमोल संसाधन है जो सभी का जीवन को बनाए रखती है, इसलिए इसे सुरक्षित रखना और संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सोहिनी यादव, विभा यादव, अचला वर्मा, राजकिशोर वर्मा,शि खा अग्रवाल,कंचन वर्मा, विपिन ,सुनील कुशवाहा आदि रहे।

125 लोगों की आंखों का किया परीक्षण

इटावा। शनिवार को श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में सभी के लिए ओपीडी निःशुल्क रखी गई । सभी जांचें और दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं।

चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि जिले के ग्राम भवानीपुर के मूल निवासी तथा वर्तमान में जयपुर में रह रहे आदेश मिश्रा के पुत्र वैभव मिश्रा जो अमेरिका के वाशिंगटन में इंजीनियर पद पर तैनात हैं, उन्होंने अपने जन्मदिन पर चिकित्सालय की ओपीडी एवं दवाएं आदि निःशुल्क रखकर जनता को लाभान्वित करने का आग्रह किया था। उसी उपलक्ष्य में शनिवार को अस्पताल के डॉ आरकेसी गुप्ता ने अपनी चिकित्सीय टीम के साथ 125 लोगों का निःशुल्क चिकित्सीय परीक्षण कर आंखों की जांच की । इनमें तीन मरीजों का ऑपरेशन होगा।

डीपीएस को मिला प्रोग्रेसिव रीडिंगअवार्ड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अपनी स्थापना के समय से ही नित नए शैक्षिक कीर्तिमान स्थापित करने वाले दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा ने इस बार राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रोग्रेसिव रीडिंग स्कूल अवार्ड प्राप्त किया है।

यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टेन ऑडिटोरियम नई दिल्ली में दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा की प्रिंसिपल भावना सिंह को प्रदान किया गया। 'प्राइमरी प्लस फाउंडेशन' ने अवार्ड डिस्ट्रीब्यूशन के लिए यह भव्य शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल एजुकेशन एंड लिट्रेसी भारत सरकार के सेक्रेटरी संजय कुमार, सीबीएसई के सेक्रेटरी हिमांशु कुमार (आईएएस), एग्जाम कंट्रोलर सीबीएसई डॉ संयम भारद्वाज, डायरेक्टर नेशनल बुक ट्रस्ट युवराज मलिक आदि हस्तियां मौजूद थीं। सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के देश भर से जुड़े सैकड़ों प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा की प्रिंसिपल को उनके स्कूल को बेस्ट कांप्रीहेंसिव एकेडमिक परफॉर्मेंस के लिए यह अवार्ड प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि के लिए संस्था के चेयरमैन डॉ विवेक यादव एवं वायस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव ने प्रिंसिपल भावना सिंह एवं समस्त शैक्षिक स्टाफ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

डीपीएस की प्रिंसिपल भावना सिंह को पुरस्कृत करते सेक्रेटरी ।

- प्रिंसिपल भावना सिंह को शैक्षिक हस्तियों ने किया सम्मानित

गणेश महोत्सव | 16वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव की हुई भव्य शुरुआत, मंगल कलश यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

भक्तों ने निकाली मंगल कलश यात्रा, विराजे श्रीगणेश

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। श्री गणेश महोत्सव युवा समिति भरथना के तत्वावधान में शनिवार की सांय नगर भ्रमण को 16वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य शुरुआत हुई । कस्बा के आजाद रोड स्थित मन्दिर दानसहाय प्रांगण से बैण्ड बाजों की समधुर ध्वनियों के बीच मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

पीताम्बर वस्त्र पहने महिलाओं-युवतियों ने सिर पर कलश रखकर नगर के प्रमुख मार्गों आजाद रोड, बजाजा लाइन चौराहा, होमगंज,सरोजनी रोड, जवाहर रोड आदि के देवस्थानों के दर्शन व जल भरकर पुनः महोत्सव प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों की स्थापना करवायी गई। तदुपरान्त सांय उच्च सिंहासन पर विराजमान विघ्नहर्ता महाराज गणपति के भव्य स्वरूप के दर्शन भक्तों को कराये गये।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु । अमृत विचार

कलश यात्रा के दौरान समिति अध्यक्ष राजू माहेश्वरी, महामंत्री सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष रामजी तोमर, उपाध्यक्ष आशीष पोरवाल लालू, उपकोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा, मंत्री गोविन्द गुप्ता, नेक्से पोरवाल, सीटू गुप्ता, सौरभ वर्मा, पवन यादव, गोरे वर्मा, सचिन कौशल, पम्मी यादव, नीरज वर्मा, अवनीश कुमार, मुकेश सविता, बॉबी यादव, प्रेम वर्मा, विपिन पोरवाल, भरत पोरवाल, मनीष पोरवाल सहित समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

गणेश महोत्सव की मची धूमः बकेवर, इटावा। कस्बा बकेवर में गणेश चतुर्थी कार्यक्रम को लेकर लोगों भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर कस्बा में गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने रिद्धि सिद्धि के प्रतीक कलश को सिर पर रखकर नगर में भ्रमण किया।

राम जानकी मंदिर के सामने औरैया रोड पर बाबा परमहंस मंदिर पर गणेश जी का भव्य पंडाल सजाकर गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई। कलश यात्रा के दौरान नगर के लोगों ने पुष्पवर्षा भी की। इस मौके पर पंडित स्वदेश शास्त्री, बादल कठेरिया शिवम् तिवारी, राहुल तिवारी, दीपक शर्मा सहित कमेटी के लोग मौके पर उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने पुलिस बल तैनात किया गया

संस्कारशाला में बच्चों को मिलते हैं अच्छे गुण और संस्कार

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। जिला पंचायत इंटर कॉलेज हेंवरा में समारंभा फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्कार आधारित शिक्षा विषय पर संस्कारशाला का आयोजन किया गया।

उद्घाटन फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय एवं जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ शिव कुमार यादव ने कहा संस्कारशाला कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अच्छे गुण व संस्कारों की शिक्षा मिलेगी। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थी कोई भी चीज काफी जल्दी सीखते और समझते हैं। समारंभा फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय ने कहा एक अच्छे समाज के निर्माण में देश के नागरिकों की अहम भूमिका होती है। इसके लिए बच्चों में शुरुआत से ही हमें नैतिक शिक्षा व मूल्यों का समावेश करना चाहिए। इसी सोच के साथ समारंभा फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को अच्छे गुण व संस्कारों की शिक्षा देने के लिए संस्कारशाला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले कक्षा 6 से अनमोल,अनुष्का, रचना, शाएबा, कक्षा 10 से शुचेता, कामना ,कक्षा 11 से तान्या, विकास तथा कक्षा 12 से शिवानी और नीति रहे। जिन्हे फाउंडेशन की अध्यक्ष ने मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर शिक्षक अजय कुमार , राजपूत, आदित्य, रूपेंद्र सिंह चौहान, मनोज कुमार, संतोष कुमार, राजीव कुमार,प्रखर सिंह उपस्थित रहे।

संस्कारशाला में पुरस्कृत बच्चों के साथ ऋचा राय व डॉ. शिव कुमार ।

गणपति बप्पा मोरिया के साथ विराजे श्री गणेश

गणेश महोत्सव : गाजे-बाजे के साथ भक्तों ने निकाली कलश यात्रा, श्रद्धालुओं ने यात्रा पर की पुष्पवर्षा

संवाददाता कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर पंचायत कंचौसी के वार्ड नंबर तीन मुखर्जी नगर के नहर पुल-रेलवे फाटक रोड पर हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी गणेश महोत्सव के कार्यक्रम का आगाज हुआ, जिसकी कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ शनिवार को निकाली गई। जिसमें कंचौसी से जुड़े मुखर्जी नगर, दर्शन कनक नगर, के आदि भक्त सम्मिलित हुए।

कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से शुरू की गई। और रेलवे फाटक, पुरवा महिपाल, दर्शन कनक नगर होते नहर पुल पर कलशो को भरकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर समाप्त की गई। कलश यात्रा के दौरान भक्तों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस वर्ष महोत्सव के परीक्षित डॉ सुरेश गुप्ता व उनकी पत्नी को बनाया गया। आयोजक मंडल ने बताया है कि हर वर्ष के भांति इस साल भी गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर गणेश महोत्सव कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया है। कार्यक्रम 09 दिवस तक चलेगा। 07 सितम्बर दिन शनिवार की रात्रि 08 बजे से 09 महाआरती होगी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण होगा। 16 सितम्बर दिन सोमवार को गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया है कि गणेश जी मूर्ति 11 फिट लम्बी है। कलश शोभा यात्रा के दौरान डॉ सुभाष गुप्ता, दीपक गौर, डॉ आर्दश गुप्ता, राहुल सेंगर, सभासद अनूप गुप्ता कुलदीप, अनोल पोरवाल, पंकज राजपूत, अभय चौहान ऋशु, बऊआ पाल, सतीश शर्मा, लाला शर्मा, सागर शर्मा, शरद शर्मा, अभिषेक शर्मा, लवि गुप्ता, हर्षित गुप्ता राधे, अनमोल गुप्ता, विकास गुप्ता, विजय गौर कालू आदि तमाम की संख्या में भक्त समलित हुए।

कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

पीपल के पत्तों से बनाई गणेश प्रतिमा दिखाते बच्चे। अमृत विचार

उत्साह के साथ गणेश उत्सव की हुई शुरुआत

अयाना,औरैया। पीबीआरपी एकेडमी जसवंतपुर में शनिवार को गणेश चतुर्थी उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक दिनेश पांडेय ने गणेश जी की स्तुति और पूजा कर की और छात्रों को बताया कि गणेश जी को विघ्नहर्ता कहा जाता है। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने ओ माय फ्रेंड गणेशा, तू रहना साथ हमेशा के गीत पर नृत्य प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम पाठक ने बच्चों की कलात्मक और परिश्रम की सराहना की। विघ्नहर्ता गणपति की प्रतिमाओं को तैयार करने के लिए बच्चों ने विभिन्न रंग सामग्री और शिल्प कौशल का उपयोग किया जिससे हर प्रतिमा विशेष और आकर्षक बन गई। इस दौरान उप प्रधानाचार्य ममता द्विवेदी, को-ऑर्डिनेटर शरद दुबे, हरिओम त्रिपाठी, नैंसी पोरवाल, सौरभ भदौरिया, संजय सिंह, उत्कर्ष चतुर्वेदी, गोविंद सिंह, निशांत दुबे आदि शिक्षक मौजूद रहे।

विद्यालय में हुई गणेश बनाओ प्रतियोगिता

संवाददाता फफूंद,औरैया

अमृत विचार। कस्बा फफूंद के एक्सिस पब्लिक स्कूल में गणेश उत्सव के अवसर पर गणेश बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी कला और रचनात्मकता का परिचय देते हुए गणेश की अद्वितीय प्रतिमाओं को सजाया और उन्हें अनोखे तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढी ने बच्चों की कलात्मकता और परिश्रम की सराहना की। विघ्नहर्ता गणपति की प्रतिमाओं को तैयार करने के लिए बच्चों ने विभिन्न रंग, सामग्री और शिल्प कौशल का उपयोग किया।

इस अवसर पर एक्टिविटी इंचार्ज मोनिका त्रिपाठी, अंकित अवस्थी, शोएब सुदीप, देवराज आदि मौजूद रहे।

पंडालों और घर-घर में पहुंचे विघ्नहर्ता

फफूंद। कस्बे सहित क्षेत्र भर में गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर शुभ मुर्हत में जयकारों के साथ गणपति बप्पा विराजमान हुए। भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान गजानन की विशेष अराधना की और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए, जो देर रात तक चलते रहे। भक्त पूरी रात श्री गणेश की भक्ति में झूमते रहे। शनिवार को कस्बे के होमगंज गल्ला मंडी में तेरहवें गणेश महोत्सव की शुरुआत पूरे विधि विधान से हुई। सुबह गणेश का दुग्धाभिषेक कर चोला श्रृंगार, मंगल आरती और फिर पूजा अर्चना करके गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। इस मौके पर गणेश जी को लड्डुओं का भोग लगाया गया। मूर्ति स्थापना के बाद भजन कीर्तन और रामकथा का आयोजन देर रात तक चलता रहा, जिसमे आचार्य अमरदीप जी अवस्थी ने कथा का वर्णन किया। गणेश महोत्सव समिति के हरिशचन्द्र वर्मा, रामजी दुबे, भरतलाल स्वर्णकार, राम जी सोनी, अनुपम वर्मा, उमेश चन्द्र अवस्थी, आशीष, आदि मौजूद रहे।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ दहेज का मुकदमा

अजीतमल,औरैया। कोतवाली में न्यायालय के आदेश पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर, विवाहिता को मारपीट करना व घर से निकालने का ससुरालीजनों पर आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के श्री नगर अटसू निवासी रजनी पत्नी धर्मेंद्र ने कोतवाली में मुक़दमा दर्ज कराया है कि उनकी शादी मध्य प्रदेश के जनपद भिण्ड के धर्मेंद्र के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। ससुराली जनों ने पचास हज़ार रुपये व एक मोटरसाइकिल की अतिरिक्त मांग को लेकर एक राय होकर उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पति धर्मेंद्र, ससुर सुरेश, सास अंगूरी, देवर राहुल व लंबरदार पुत्र राम सनेही निवासी कौआ, भर्थना ज़िला इटावा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

डीसीएम की टक्कर से टूटा हाईट गेज

अछल्दा। कस्बा के हरी गंज बाजार स्थित बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाये गये हाईटगेज को शनिवार दोपहर लगभग ढाई बजे बिधूना की तरफ आ रहे एक डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे हाईटगेज झुक गया। हाईट गेज में टक्कर की सूचना पुलिस को दी। जब तक पुलिस पहुंचती तब तक चालक फरार हो गया।

सार-संक्षेप

बैठक को संबोधित करते सपा विधायक प्रदीप यादव। अमृत विचार

2027 में सपा की सरकार बनेगी : प्रदीप यादव

औरैया। शनिवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर में आयोजित की गई। मासिक बैठक में मौजूद दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव ने कहा 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। सांसद जितेन्द्र दोहरे ने कहा कि समाजवादी कार्यकर्ता 2027 में भाजपा सरकार उखाड़ फेंकने का कार्य करेंगे। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में औरैया जिला की हम सभी विधानसभा की सीटों पर समाजवादी पार्टी का जीतना यह दर्शाता है लोग अब मन बना चुके है सत्ता परिवर्तन का। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामनरेश यादव, ब्लाक प्रमुख धीरेन्द्र दोहरे, शिवनारायण यादव, ,अनवर यादव,तेहराज यादव,विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र राजपूत,विनय यादव,लालता प्रसाद शंखवार, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग के अमित यादव, मनोज कोरी, सुदीप चतुर्वेदी, गौरव यादव एवं मीडिया प्रभारी शोभित यादव हीरू सहित एक सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्रकार का हालचाल पूछते जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे। अमृत विचार

जिला पंचायत अध्यक्ष ने लिया पत्रकार का हालचाल

बिधूना,औरैया। एक मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला प्रेस क्लब औरैया के उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह गौर उर्फ राघव को उनके गांव खरगपुर देखने पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने प्राथमिक विद्यालय खरगपुर से पुसौली संपर्क मार्ग तक सीसी सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार गौर के अनुरोध पर इस मार्ग को कार्ययोजना में शामिल किया गया था और स्वीकृत भी कर दिया गया है। उन्होंने श्री गौर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर किशनू चौहान आदि मौजूद थे।

साप्ताहिक बंदी का श्रम विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बिधूना,औरैया। कस्बा बिधूना में जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी की सख्ती के चलते शनिवार की साप्ताहिक बंदी का असर दिखाई दिया। इस अवसर पर खान-पान मेडीकल स्टोर को छोड़कर ज्यादा तर दुकानें बंद रहीं। साप्ताहिक बंदी का विभागीय अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया। साप्ताहिक बंदी को लेकर बिधूना व्यापार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी भी काफी सक्रिय दिखाई दिये। उन्होंने कस्बे के फीडर रोड, मेन बाजार लोहामंडी, दिबियापुर रोड, अछल्दा रोड, बेला रोड बाईपास, भगत सिंह चौराहे आदि मार्गो और बाजारों में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान इक्का दुक्का दुकान खुली मिली जिसे चेतावनी दे दी गई। बाजार में भ्रमण के दौरान प्रदीप कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी औरैया ने बताया कि मेडिकल, खानपान और बाल कटिंग की दुकानों को छोड़कर शेष दुकानों पर साप्ताहिक बंदी का पालन पूरी सख्ती के साथ कराया जाएगा, जो भी दुकानदार साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन करेगा उसके विरुद्ध जुर्माना आदि की कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर श्रम विभाग के मनोज कुमार के अलावा व्यापार संगठन के पदाधिकारी बाजार बंदी में अधिकारियों के साथ मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत

फफूंद,औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक वृद्ध किसान की मोपेड में सामने से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव दयाल नगर निवासी 65 वर्षीय किसान सेवाराम शनिवार सुबह वह मोपेड से अपने पौत्र को फफूंद कस्बे के स्कूल में भेजने गए थे।स्कूल में छोड़ने के बाद वह घर वापस आ रहे थे। फफूंद दिबियापुर मार्ग पर गांव के नजदीक पहुंचते ही सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी मोपेड में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। ग्रामीण और परिजन उन्हे दिबियापुर सी.एच.सी. ले गए जहां नाजुक हालत देख उन्हे कानपुर रेफर कर दिया गया।कानपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

खाटू श्याम की भक्ति में देर रात तक झूमे भक्त

अजीतमल,औरैया। कस्बा क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में भक्त बाबा खाटू श्याम के भक्ति के गीतों पर जमकर थिरके। शुक्रवार की रात में श्री श्याम सखा पांडेय परिवार मित्रमंडल द्वारा अजीतमल में बाबा खाटू श्याम का भव्य कीर्तन महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें छप्पन भोग लगाकर बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। कीर्तन की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। भजनों का दौर रात नौ बजे से प्रारंभ होकर अलसुबह चार बजे तक चला। कीर्तन के मुख्य गायक ग्वालियर मध्य प्रदेश के मनोज शर्मा व कानपुर की गायिका दीपांशी तिवारी ने परिवार मेरा तेरे हवाले, छानी कोणी तेरे से आंखड़ली चुराकर बाबा आदि भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। सुबह चार बजे महाआरती पश्चात महा प्रसादी वितरणकिया गया। अजीतमल, बाबरपुर सहित आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हाजरी लगाई। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक डॉ रामजी पांडेय ने सभी भक्तो का आभार प्रकट किया।

4 दिन से ठप है बीएसएनएल का नेट

अछल्दा। कस्बा में बने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर 4 दिन से बीएसएनल नेट ठप होने से कार्यालय का कार्य बाधित है। कार्य ठप होने पर बीएसएनएल कस्टमर केयर पर शिकायत भी दर्ज कराई गई लेकिन कोई फायदा नहीं हो सका। इस समय बीआरसी पर शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है जिसमें नेट ठप होने से परेशानी हो रही है।

प्रशस्तिपत्र के साथ खड़े शिक्षक व प्रशिक्षक। अमृत विचार

शिक्षकों को सिखाये छात्रों को पढ़ाने के गुर

संवाददाता अछल्दा,औरैया

- नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित 4 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम चरण का हुआ समापन

अमृत विचार। उ.प्र. सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार के निर्देशन में गतिमान नवीन पाठ्य- पुस्तक आधारित 4 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम चरण का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन किया गया। जिसमें 50-शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

मौखिक भाषा विकास, पठन अभ्यास, ब्रिज कोर्स, गणित खेल व खेल गीत आदि विषयवस्तुओं से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा अर्जित दक्षता की जांच हेतु आकलन तथा उनकी उपलब्धियों का ट्रैकर व तालिका में अद्धतनी करण आदि प्रविधियों से संवर्धित किया गया। प्रशिक्षण के चौथे व अन्तिम दिवस पर प्रथम बैच से उपस्थित जिला समन्वयक मुकेश कुमार द्वारा कक्षा- 4 और 5 की 42 दिन की पुनरावृत्यात्मक शिक्षण योजना एवं 120-दिन की पाठ्य-पुस्तक आधारित शिक्षण योजना से प्रतिभागियों को अनुसमर्थित किया गया। प्रशिक्षण की गुणवत्ता आंकने हेतु जिला एवं राज्य स्तरीय अन्वेषकों द्वारा अनुश्रवण किया गया।प्रशिक्षण अन्तिम दिवस पर क्विज सत्र में कम्पोजिट विद्यालय नगला उम्मेद से शिवम् गुप्ता ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय वीरपुर(दसेरा) से शिवम् त्रिपाठी ने द्वितीय एवं प्राथमिक विद्यालय गांसीपुर से संजय दुवे(स.अ.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर एआरपी आलोक सिंह राठौर, रामानन्द गौतम, सर्वेश कुमार, मु.जावेद, संजीव बाबू राजपूत तथा जिला समन्वयक मुकेश कुमार एवं समर सिंह रहे।

5690 पौधों का किया गया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- 5100 पौधे रोपने का था लक्ष्य पर्यावरण योद्धा मनीष पुरवार का किया गया अभिनंदन

अमृत विचार। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति औरैया द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों पर विश्व पर्यावरण दिवस विगत 5 जून 2024 से 5100 पौधों के पौधारोपण हेतु निरंतर अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत देवकली मंदिर प्रांगण, औरैया में समिति द्वारा जीवनधारा पौधारोपण अभियान की समीक्षा के उपरांत समापन किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनूप गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, औरैया, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शिव कुमार पुरवार, ज्ञान सक्सेना व भीमसेन सक्सेना व देव स्थल के सेवादार शिवजी मौजूद रहे। समिति के सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। समापन समारोह के अंतर्गत समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने कहा कि 5100 पौधों के लक्ष्य से अधिक 5690 पौधों का पौधारोपण व लोगों के मनपसंद पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि समिति द्वारा लक्ष्य से अधिक पौधारोपण बहुत ही सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम को भीमसेन सक्सेना, मंदिर के सेवादार शिवाजी व ज्ञान सक्सेना ने संबोधित किया। समापन समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक व पर्यावरण योद्धा के रूप में समाजसेवी मनीष पुरवार (हीरु) का मंचासीन अतिथियों तथा समिति के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर जोरदार अभिनंदन किया गया।

समापन समारोह में प्रमुख रूप से औरैया नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. एस.एस. परिहार, बैंक से सेवानिवृत शेखर गुप्ता, तेज बहादुर वर्मा, राकेश गुप्ता व योगेश गुप्ता, सुनील अवस्थी, संजय अग्रवाल, संतोष कुशवाहा, लख्मीचंद समाजसेवी राजीव पोरवाल (रानू), आनन्द गुप्ता (डाबर), आदित्य पोरवाल, हिमांशु दुबे, संस्कार अग्रवाल, ज्ञान सक्सेना, शिवकुमार पुरवार, भीमसेन सक्सेना व सतीश पोरवाल आदि पर्यावरण प्रहरी मौजूद रहे।

कार्यक्रम संयोजक मनीष पुरवार को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित करते अतिथि।

दूधिया को मारपीट कर लूटे रुपये

अछल्दा,औरैया। थाना क्षेत्र के नगरिया गांव निवासी धीरेंद्र पाल शुक्रवार की देर शाम अछल्दा से दूध देकर गांव वापस जा रहे थे। तभी रेलवे पुल निकल कर वह फतेहपुर गांव के सामने पहुंचे ही थे। कि पीछे से चेहरा ढक कर आए बाइक सवार दो लुटेरों ने तमंचा सिर पर मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल पीड़ित ने बताया कि हमलावर लुटेरे उसके के पास मौजूद दो हजार रुपये व मोबाइल भी लूट ले गए।

दंडवत करते हुए अयोध्या पहुंचेंगे दिपेंद्रानंद

- 850 किलोमीटर की दूरी तय करके अयोध्या पहुंचेंगे महाराज

अजीतमल,औरैया। राजस्थान के किशनगढ़ अजमेर से 8 मार्च को अयोध्या की दंडवत यात्रा पर निकले दिपेंद्रानंद सरस्वती जूना अखाड़ा महाराज का शनिवार को सुबह अजीतमल में लोगो द्वारा स्वागत किया गया। महाराज जी यह यात्रा दंडवत करते हुए 850 किलोमीटर की दूरी तय करके अयोध्या पहुंचेंगे।

शनिवार को राजस्थान प्रांत के श्री वीर तेजा जी मंदिर मालियों की बाड़ी किशनगढ़ जिला अजमेर से 8 मार्च 2024 को अयोध्या राम मंदिर के लिए दंडवत यात्रा को निकले दिपेंद्रानंद सरस्वती महाराज जूना अखाड़ा का शनिवार को अजीतमल की सीमा में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। उनके साथी महंत श्री जी महाराज ने बताया कि अयोध्या मंदिर जाने के लिए रिक्शा से निकले महाराज के रिक्शे में एक मंदिर बना हुआ है जिसमें पिछले 6 महीने से 24 घंटे अखंड ज्योति जल रही है। वही दंडवत यात्रा कर रहे महाराज ने बताया की प्रभु राम जी की अखंड ज्योति जब तक मैं अयोध्या मंदिर नहीं पहुंच जाता तब तक जलती रहेगी।

दंडवत यात्रा करते हुए महाराज दिपेंद्रानंद।

संपूर्ण समाधान दिवस | जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के पास आईं 132 शिकायतों में 25 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

संवाददाता बिधूना,औरैया

अमृत विचार। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। कुल आई 132 शिकायतों में 25 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक चारू निगम, उपजिलाधिकारी निखिल कुमार राजपूत पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, तहसीलदार अविनाश कुमार, नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा ने पीड़ितों की समस्यायों को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनका एक पखवाड़े के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही फर्जी निस्तारण किए जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सार्वजनिक भूमि चारागाह तालाब खलिहान चक मार्ग आदि को सख्ती के साथ कब्जा मुक्त कराए जाने के साथ पात्रों को शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने को कहा।

इस अवसर पर, खंड विकास अधिकारी राजनरायन पांडे, बाल विकास परियोजना अधिकारी अभिषेक कठेरिया, नायब नाजिर अर्पित वर्मा,राजस्व निरीक्षक जगदेव यादव, केशव कुमार,सुधीर यादव, अनूप बाजपेई,योगेश शाक्य लेखपाल संघ अध्यक्ष,दीपक यादव रविकांत दीक्षित आदि मौजूद थे।

संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी एवं एसपी चारू निगम। अमृत विचार

- कहा, फर्जी निस्तारण पर की जायेगी कठोर कार्रवाई

अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम ने उपजिलाधिकारी अमित कुमार तिवारी एवं तहसीलदार जीतेश वर्मा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना तथा तत्काल निस्तारण के लिये सम्बन्धित विभागों के सुपुर्द किया।

उन्होंने उपस्थिति अधिकारियों को समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित करने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। समाधान दिवस में पहुचे क्षेत्रपंचायत सदस्य सहित मौहारी गॉव के ग्रामीणो ने अन्ना गोवंशों से निजात दिलाये जाने की गुहार लगायी है। वहीं मुरादगंज निवासी जाहिद हुसैन ने गुहार लगायी है कि वह अपने दलेल नगर स्थित मकान का 26 वर्ष पहले कनेक्शन कटवाकर पीडी करवा चुका है इसके बाद उसकी एक 176000 रुपये की आरसी काट दी गयी है। वहीं तहसील दिवस में आई कुल 108 शिकायतों मे 17 शिकायतों को मौके पर निस्तारण किया गया। बीडीओ अतुल यादव, नगर पंचायत अजीतमल से नरेन्द्र बाबू सहित समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

फरियादियों की शिकायत सुनते सीडीओ राम सुमेर गौतम एवं एसडीएम अमित कुमार तिवारी। अमृत विचार

- कुल आई 108 शिकायतों में से 17 का मौके पर हुआ निस्तारण

5 साल से अधिक पुराने वादों को जल्द करें निस्तारित

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- 5 वर्ष पुराने वादों की पत्रावलियां नहीं दे पाये पेशकार, जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बिधूना तहसील का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। विभिन्न पटलों से संबंधित पत्रावलियों के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की होने वाली गतिविधियों को देखा और वाद संबंधी लंबित पत्रावलियों का संज्ञान लेते हुए सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि 03 से 05 वर्ष तक के वादों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए। साथ ही 05 वर्ष से अधिक पुराने वादों को आगामी सप्ताह तक प्रत्येक दशा में निस्तारण करने के निर्देश एसडीएम को दिए।

जिलाधिकारी ने अन्य पटलों यथा अंश निर्धारण, खतौनी की नकल प्राप्त कराना तथा कर्मचारियों की जीपीएफ व सेवा पुस्तिका आदि के रख - रखाव को देखते हुए निर्देशित किया कि सभी संबंधितों की पंजिकाओं में की जाने वाली प्रविष्टियां अद्यतन रखी जाएं।

निरीक्षण के दौरान 03 से 05 वर्ष के पुराने वादों की कुछ पत्रावलियां मांगे जाने पर संबंधित पेशकार द्वारा उपलब्ध न करा पाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि पत्रावलियों को शीघ्र ढूंढकर निकाला जाए और यदि किसी पेशकार द्वारा असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पत्रावली गुम होने या जानबूझकर प्रस्तुत न करना कर्मचारी आचरण नियमावली के विरुद्ध है। इसके लिए दंड का प्रावधान है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बिधूना निखिल राजपूत,एसडीएम न्यायिक राम अवतार, तहसीलदार अविनाश कुमार, नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

घरों से लेकर पंडालों तक विराजे श्रीगणेश

10 दिन तक मनाए जाने वाले गणेशोत्सव की धूम, श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर लगाए गणपति के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बुद्धि, शुभता व सिद्धि के दाता भगवान गणेश का 10 दिवसीय उत्सव का शुभारंभ शनिवार से हो गया। इस बार विशेष संयोग बन रहा है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गजानन की स्थापना विधिवत कराई गई। इसके लिए पंडाल पहले ही सजाए जा चुके हैं।

गणेश चतुर्थी पर शनिवार को ऋद्धि-सिद्धि के दाता गणपति बप्पा का आगमन घरों से लेकर पंडालों तक हो गया। दस दिन तक मनाए जाने वाले गणेशोत्सव की शहर से लेकर ग्रामीणांचलों तक धूम दिखाई दे रही है। उत्साह से लबरेज श्रद्धालु पूजा अर्चना कर गणपति के जयकारे लगाते दिखाई दिए। दोपहर बाद अधिकतर पंडालों में विधिवत पूजा के साथ मूर्ति स्थापना कराए जाने के साथ ही कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

विधि विधान के साथ पांडाल में स्थापित हुई गणेश प्रतिमा। अमृत विचार

सिद्धिविनायक गजानन श्री गणेश को कोई सिर पर रखकर तो कोई वाहन से ले जाकर विराजमान करता दिखाई दिया। गणेश उत्सव समितियों ने आकर्षक पांडाल सजाकर विद्युत साज-सज्जा की है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में गणेश चतुर्थी को मंगल मूर्ति श्री गणेश का मंगल प्रवेश धूमधाम से हुआ। शहर के हजारी लाल फाटक, पक्का तालाब, जोशियाना, पीरनपुर, नउवा बाग, रेलबाजार सहित जिले के 30 स्थानों पर धूमधाम से बप्पा को पूरे विधि विधान से विराजमान किया गया। कई स्थानों पर सात दिवसीय तो कुछ स्थानों पर पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

नवयुवक कमेटी ने निकाली गणेश शोभायात्रा

- **जहानाबाद।** कस्बे में राम तलाई में शुक्रवार की देरशाम मंदिर से गणेश महोत्सव की शोभायात्रा ढोल-बाजों के साथ निकाली गई। नगर के थाना मोड, बाकरगंज, लालूगंज बाजार होते हुए बस स्टॉप से होते हुए मंदिर रामतलाई तक भ्रमण किया गया। जिसमें लल्लू ओमर, शुभम ओमर, प्रभात, सर्वेश कुमार, दीपू ओमर, राजा अग्निहोत्री, अनुज द्विवेदी, अंकित राजपूत समेत अन्य भक्त शामिल रहे।

असोथर में सजे विघ्न विनाशक के दरबार

- असोथर। मंगलमूर्ति की स्थापना के साथ ही गणेश महोत्सव का शुभारंभ हो गया। दर्शन व आशीष पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर पंचायत स्थित बढ़इन मोहल्ला में अखिलेश गुप्ता व काशी प्रसाद गुप्ता ने विघ्न विनाशक की स्थापना कर गणेश महिमा का गुणगान किया। संरक्षक संतोष गुप्ता व विनोद गुप्ता ने कहा कि दस दिन भगवान गजानन के दरबार में शाम होते ही भक्ति कार्यक्रम का आयोजन और प्रत्येक दिन प्रसाद और अंतिम दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी सदस्य राहुल गुप्ता, गोलू गुप्ता, मोनू गुप्ता, बउवा शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, कुमार गौरव आर्य, लक्ष्मी चंद्र आर्य, सभासद गुड्डी गुप्ता, सभासद आशीष अग्रहरि सहित नगर पंचायत वासियों का सहयोग रहता है।

घर में घुसकर चोरों ने लाखों का माल किया पार

असोथर। असोथर थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। रात में परिवार खाना खाकर सोने के बाद जब सुबह उठा, तो घर के सारे दरवाजे खुले मिले और अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। नकदी और लाखों के जेवर चोरी हो चुके थे। पुलिस ने मौके पर जांच की।

असोथर कस्बा के किलापर वार्ड नंबर 2 निवासी जगत पाल ने पुलिस को बताया कि वह और उसका परिवार शुक्रवार रात ऊपर वाले कमरे में सोने चले गए थे। कमरे में मकान की सभी चाबियां मेज पर रखी थीं। गर्मी के कारण कमरे की खिड़की खुली हुई थी। शनिवार सुबह जब जगत पाल को नीचे के कमरे का ताला खुला मिला। अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था, जिसमें दुकान की बिक्री के 70 हजार रुपये नकद और 1 लाख रुपये से ज्यादा के जेवर थे।

सार-संक्षेप

कर्ज में डूबे युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

फतेहपुर। प्राइवेट बैंक के कर्ज से परेशान युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं उसके इस कदम से परिजनों में कोहराम मचा रहा। खागा कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी छेदीलाल यादव का पुत्र राजेंद्र ट्रक चालक था। जिसने एक पुरानी डीसीएम प्राइवेट बैंक से कर्ज लेकर खरीदा था। जो मंडियों से हरी सब्जियां ढोने का काम करता था। भाड़ा न मिलने के कारण कर्ज की एक किस्त नही जमा हो पाई थी और दूसरी किस्त जमा करने का समय करीब आ गया था। बैंक कर्मचारी घर आकर किस्त जमा करने का दबाव बना रहे थे। ड्राइवर के पास पैसा ना होने के कारण वह काफी दिनों से परेशान रहता था। जिससे ड्राइवर राजेंद्र ने रसूलाबाद रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर जान दे दी। घटना के बाद परिजनो का रो रो कर बुरा हाल रहा। मामले में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

एएनएम गीता उत्तम निलंबित, जिला अस्पताल में संबद्ध

फतेहपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव रंजन गिरि ने मेडिकल स्टोर में नर्सिंग होम चलाने वाली एएनएम को निलंबित कर दिया है। एएनएम के इलाज से जच्चा की मौत होने के बाद अवैध नर्सिंग होम का खुलासा हुआ था। तेलियानी ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोराई में तैनात एएनएम गीता उत्तम नई तहसील के पास एक मेडिकल स्टोर में नर्सिंग होम संचालित कर रही थी। एक महीने पहले कथित नर्सिंग होम में एक जच्चा की मौत हुई थी। पीड़ित पति की शिकायत पर सीएमओ ने तीन सदस्यीय कमेटी से जांच कराई थी। इसमें फर्जी डाक्टर एएनएम गीता उत्तम के नाम का खुलासा हुआ था। सीएमओ ने बताया एएनएम गीता उत्तम को निलंबित कर जिला अस्पताल में संबद्ध किया गया है।

मकान निर्माण को लेकर चले ईंट-पत्थर, वीडियो वायरल

फतेहपुर। मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से ईट-पत्थर, लाठी-डंडे से मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट के दौरान एक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। असोथर थाना क्षेत्र के करुइया डेरा निवासी शिवनारायण और उनकी पत्नी रूपरानी के ऊपर जानलेवा हमला किया गया है। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। शिवनारायण के बेटे शिवपूजन को मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास योजना के तहत आवास मिला था, जिसका निर्माण चल रहा था। आरोप है कि गांव के विपिन, नीरज, रामू, और जगदीश सहित दर्जनों लोग शिवपूजन के मकान की सटरिंग हटा रहे थे। नीरज सटरिंग का मालिक है उसने सटरिंग हटाने से मना किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिवपूजन ने सरकारी जमीन पर निर्माण कर रास्ता बंद कर दिया है, जिससे विवाद उत्पन्न हुआ। मारपीट में घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदोई में भर्ती कराया गया। शिवनारायण की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। इस दौरान, मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे से हमला होते हुए साफ देखा जा सकता है। सरकंडी चौकी इंचार्ज विनोद निगम ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास किए हैं और जांच जारी है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है।

अभ्युदय कोचिंग से लाभान्वित हो रहे 356 छात्र-छात्राएं

फतेहपुर। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग से जिले के तीन सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कर रहे हैं। कोचिंग में प्रोफेशनल शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि दूरस्थ आंचलों के प्रतिभाशाली एवं उत्साही छात्र-छात्राएं, जिनके पास प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिये पर्याप्त साधन नहीं है, उन सभी को जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत नि:शुल्क प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से तैयारी करायी जा रही है। जिसमें सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। बताया कि शहर में राजकीय पुस्तकालय में सुबह प्रात: 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक नि:शुल्क पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें उपलब्ध हैं। वर्तमान में प्रशिक्षण केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज में यूपीएससी के 202, नीट के 68 एवं जेईई के 12, उपकेन्द्र सुखदेव इण्टर कालेज खागा में यूपीएससी के 55 एवं उपकेन्द्र राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खासमऊ खागा में नीट के 19 समेत कुल 356 छात्र-छात्राओं तैयारी के लिए संचालित कक्षाओं में प्रतिभाग किया जा रहा है।

एक नजर

बॉ की दो छात्राओं ने राज्य स्तर पर मारी बाजी

फतेहपुर। खागा नगर स्थित शुकदेव इंटर कालेज में आयोजित प्रयागराज मंडल की मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय असोथर की दो छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को दिखाते जनपद का नाम का नाम रोशन किया है। जिला समन्वयक विवेक शुक्ला ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय असोथर में अध्ययनरत कक्षा 9 की शिवरानी पुत्री रामहित एवं नेहा पुत्री छोटेलाल ने मण्डल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन मिर्जापुर में किया जाएगा। बालिकाओं के प्रदर्शन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी ने बालिकाओं की सराहना की।

दहेज की मांग पूरी न होने पर दी दूसरी शादी की धमकी

फतेहपुर। दो लाख की मांग पूरी न होने पर दूसरी शादी की धमकी दी है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

अधिवक्ता की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

- कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने सीएम को भेजा ज्ञापन
- कासगंज में तीन सितंबर को हुई थी अधिवक्ता की हत्या

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। कासगंज में महिला अधिवक्ता की निर्मम हत्या के मामले में हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की और पीडित परिवार को एक करोड़ रुपए सहायता राशि देने की मांग को लेकर डिस्ट्रक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा।

अधिवक्ताओं ने मांग किया कि महिला अधिवतक्ता के हत्या के मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिया। कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे डिसख्रिव्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन देने के बाद कहा कि कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की तीन सितंबर के दिन अपहरण कर निर्मम हत्या कर दिया गया था। महिला अधिवक्ता के हत्या से हम सभी अधिवक्ता काफी आक्रोशित है। इस मामले में हमारी मांग है कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी दी जाए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सुरक्षा के लिए स्पेशल टीम का गठन कर महिला अधिवक्ता कानून लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी प्रदेश सरकार से मांग है कि पीड़ित परिवार को रक करोड़ रुपए की सहायता राशि दी जाए। अध्यक्ष ने कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं। मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार के लिए न्याय की उम्मीद करते है। उन्होंने कहा कि अधिवत्ता के पास हर तरह का मामला आता है। केस लड़ने पर किसी को सजा होती है, तो वह हमें अपना दुश्मन मनाने लगता है। ऐसी स्थिति में अधिवक्ताओं के सुरक्षा पर कड़ा कानून जल्द बनाया जाए। उन्होने कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर उनकी मांगों को मना नही जाता, तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अधिवक्ता जगदीश सिंह, राकेश श्रीवास्तव, प्रमोद उपाध्यक्ष, राजा राम पाल, पूर्व अध्यक्ष बलिराज उमराव, मनोज मिश्रा आदि रहे।

कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे अधिवक्ता। अमृत विचार

पत्नी के प्रेमी ने दो लोगों को भेज कराई थी हत्या

फॉलोअप

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। ललौली थाने के शंकरपुरवा गांव के महेश रैदास की संदिग्ध हालात में मौत का मामला हत्या में तब्दील हुआ है। परिजनों की पूछताछ में पत्नी ने कबूला कि प्रेमी के भेजे हत्यारों ने तकिया से मुंह दबाकर महेश की हत्या की है। परिजनों ने मुकदमे की मांग को लेकर दरवाजे पर शव रखकर अंतिम संस्कार से मना कर दिया। करीब 36 घंटे बाद पुलिस पत्नी समेत छह पर मुकदमा दर्ज कराने के बाद शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार करा सकी।

शंकरपुरवा निवासी गांव के महेश रैदास की तीन सितंबर को मौत हो गई थी। शव घर के अंदर बरामदे से मिला था। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर पुलिस शांत हो गई थी। महेश के साथ पत्नी नहीं रहना चाहती थी। 2 साल बाद मायके से 1 सितंबर को पति के साथ ससुराल आई थी। ससुराल आने के बाद अरुणा का विवाद होता रहता था। पुलिस के पूछताछ में कई बार अरुणा बयान बदल रही थी। परिजनों ने हत्या के शक पर शव का गुरुवार को अंतिम संस्कार नहीं किया था। सूचना पर शुक्रवार को पुलिस गांव पहुंची और अंतिम संस्कार को कहा। महेश के बहनोई नंदलाल ने अंतिम संस्कार से मना कर दिया। बहनोई ने अतरहा गांव निवासी पत्नी अरुणा, ससुर वीरेंद्र, सास रामसखी, चचेरे ससुर धीरेंद्र व दो अन्य के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया। पुलिस की पूछताछ में पत्नी अरुणा ने हत्या की बात कबूली। अरुणा ने बताया कि वह पति के साथ नहीं रहना चाहती थी। प्रेमी ने दो लोग हत्या के लिए भेजे थे। पीछे के दरवाजे से दोनों आए और पति की तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर भाग निकले थे।

यतीमखाना के बेसमेंट में चलता मिला स्कूल

- जिला विद्यालय निरीक्षक को सीएफओ ने आवश्यक कार्रवाई के लिए लिखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अंजुमन यतीमखाना परेड में अग्नि सुरक्षा मानक चेक करने पहुंची अग्निशमन की टीम को बेसमेंट में गुलशन पब्लिक जूनियर हाई स्कूल संचालित मिला। इस पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए लिखा है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने जिलाधिकारी को जारी पत्र में कहा गया है कि जन सुनवाई संबंधित शिकायत निवारण प्रणाली उत्तर प्रदेश के संख्या 6000240148456 में आवेदक तैयब अली निवासी ग्राम मिल्कीपुर पोस्ट खैपुर तिलहर शाहजहांपुर ने मुस्लिम यतीमखाना 96/14 कानपुर के बेसमेंट में कोचिंग तथा गुलशन प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय की आड़ में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूल की अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था जांच करने के संबंध में शिकायत की है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के अनुसार प्रकरण में उक्त स्थल का पुनः स्थलीय निरीक्षण अग्निशमन द्वितीय अधिकारी कर्नलगंज द्वारा कराया गया तो सामने आया कि भवन में बेसमेंट, भूतल व अन्य 2 तल निर्मित हैं।

टेंपो और ऑटो के 20 स्टैंड चिह्नित

- नगर निगम यात्रियों के बैठने के साथ यूरिनल व पेयजल की करेगा व्यवस्था
- 27 रूटों पर होगा सवारी वाहनों का संचालन, पुलिस नहीं करेगी उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में टेंपो और ऑटो संचालन के लिए 20 स्टैंड चिह्नित किए गए हैं। इन स्टैंडों पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम को पत्र लिखा है। कुछ समय पूर्व टेंपो-आटो टैक्सी संयुक्त मोर्चा ने पुलिस कमिश्नर से स्टैंड निर्धारित करने की मांग की थी। उनकी शिकायत थी कि नगर निगम द्वारा स्थापित वैध टेंपो, टैक्सी स्टैंडों पर सेवा संचालन में पुलिस उत्पीड़न करती है।

टेंपो और ऑटो यूनियन की शिकायत के बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह को मामला सौंपा था। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि नगर निगम की ओर से शहर में 20 आटो, टेंपो, टैक्सी स्टैंड चिह्नित किए गए हैं, इन स्थानों पर निगम से यात्री सुविधाओं के लिए मूलभूत सुविधाएं टिनशेड, पेयजल, शौचालय व बैठने की व्यवस्था विकसित करने के लिए कहा गया है। तय स्टैंडों पर पुलिस ऑटो और टेंपो पर सवारियां बिठाने और उतारने से नहीं रोकेगी।

टेंपो वाले सड़क पर रोककर मनमाने ढंग से बैठाते है सवारी। अमृत विचार

यह स्थान स्टैंडों के लिए होगे मुफीद

रामादेवी से टाटमिल : चकेरी थाने के पीछे 100 मीटर दूरी पर बाईं ओर

रामादेवी से नौबस्ता : प्रयागराज फ्लाईओवर के नीचे

रामादेवी से फतेहपुर मार्ग : एचएएल गेट के पास फ्लाईओवर के नीचे

एक्सप्रेस रोड से शुक्लागंज : चौराहे से 70 मीटर दूरी पर बाएं तरफ

सुतरखाना से उन्नाव : सुतरखाना चौराहे से 500 मीटर दूर सुलभ कांप्लेक्स

घंटाघर से विजय नगर : सीपीसी मालगोदाम से 350 मीटर दूरी पर सुलभ शौचालय

घंटाघर से टाटमिल : चौराहे से 95 मीटर दूर सेंट्रल स्टेशन गेट नंबर-2 के आगे

फूलबाग से उन्नाव : किला तिराहे से 100 मीटर आगे फूलबाग अंडर ग्राउंड पार्किंग गेट के पास

पनचक्की से जाजमऊ, लालबंगला : पनचक्की और नरोना चौराहे के बीच सिंचाई विभाग की भूमि

जाजमऊ से पनचक्की : जाजमऊ चौराहे से 100 मीटर दूर सड़क के दाहिने तरफ

कल्याणपुर- बिठूर : कल्याणपुर ब्लॉक की बाउंड्री के बगल में समाज कल्याण की जगह

कल्याणपुर से चौबेपुर : शुगर इंस्टीट्यूट के सामने रेलवे बाउंड्री से जुड़ा गूबा गार्डन क्रासिंग के दाहिने ओर

इंद्रानगर से कल्याणपुर : कताई मील के बगल में समाज कल्याण की खाली पड़ी जमीन पर

रावतपुर से मेट्रो स्टेशन : राणी सती देवी मंदिर के सामने एनएचएआई की जमीन पर

रावतपुर से विजय नगर : रतनदीप हास्पिटल के सामने नगर निगम की खाली जमीन पर

नरेंद्र मोहन पुल : निरंजन पार्क के सामने नगर निगम की जमीन पर

रावतपुर तिराहा : रोडवेज कार्यशाला के आगे पीडब्ल्यूडी की जमीन पर

किदवई नगर चौराहा : किदवई नगर चौराहे व सुलभ शौचालय के बगल में

बारादेवी चौराहा : जूही थाने के सामने रामलीला ग्राउंड के बगल में

नौबस्ता से भौंती : धनवंतरि हॉस्पिटल के सामने

नौबस्ता से गल्लामंडी : स्वाती हास्पिटल के सामने व सुलभ शौचालय के बगल में

नौबस्ता से गौशाला : बिहारी ढाबा के सामने

बर्रा : आराध्या हॉस्पिटल के सामने

विजय नगर से अर्मापुर : विजय नगर चौराहे से 200 मीटर दूरी पर दाहिने

विजय नगर से फजलगंज : चौराहे से 50 मीटर की दूरी पर दाहिने ओर

गुजैनी : गुजैनी फुट ओवर ब्रिज के बगल में

झकरकटी बस अड्डा : प्रवेश द्वार से पहले बाएं साइड, तालाब के किनारे, झकरकटी बस अड्डा पुराने पुल के दाहिने

जमीन का जुर्म | 1000 करोड़ की नजूल जमीन पर कब्जे के प्रयास में चारों पर घोषित था 50-50 हजार का इनाम

जमीन कब्जा कांड में अवनीश के 4 फरार साथी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सिविल लाइंस स्थित मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की 1000 करोड़ की नजूल की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में जेल भेजे गए प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के चार फरार साथी जिन पर 50-50 हजार का इनाम घोषित था, क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए।

28 जुलाई को सिविल लाइंस में जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में लेखपाल विपिन कुमार और सैमुएल गुरुदेव सिंह ने दो एफआईआर कोतवाली थाने में दर्ज कराई थीं। इनमें कहा गया था कि प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित ने हरेंद्र मसीह, जितेश झा, राहुल वर्मा, अब्बास, विक्की चार्ल्स, मोहित बाजपेई, नौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अपर्ण एरियल, संदीप शुक्ला व 20-25 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर गार्ड संजय को बंधक बनाकर गेट पर अपना ताला डाल दिया था।

इस मामले में अवनीश को परेड स्थित क्रिस्टल पार्किंग से गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस अब तक राहुल वर्मा, विक्की चार्ल्स, संदीप शुक्ला को भी जेल भेज चुकी है। क्राइम ब्रांच और पुलिस की अलग-अलग टीमें फरार आरोपियों की तलाश में कई शहरों में छापेमारी कर रही थीं। कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि इस कांड में फरार जिन 9 आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम रखा गया था, उनमें से चार आरोपियों अर्पण एरियल, नौरिस एरियल, अभिषेक उर्फ सोनू एरियल, कमला एरियल निवासी निवासी मैथाडिस्ट चर्च को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

कथित पत्रकार ने बताई लखनऊ में लोकेशन

- पुलिस के भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि शहर के एक कथित पत्रकार ने चारों आरोपियों की लोकेशन लखनऊ बताई। इस पर पुलिस ने शुक्रवार शाम ही चारों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन खुलासा शनिवार को किया। सूत्रों ने बताया इसी कथित पत्रकार की सूचना पर पुलिस टीमें फरार हरेंद्र मसीह और जितेश झा की गिरफ्तारी में लगी हैं।

जगदीश अवस्थी 'जग्गू' के खिलाफ दो और तहरीर

- वसूली के आरोप में हैलट अस्पताल के डॉ मनीष सिंह ने दो दिन पूर्व पत्रकार जगदीश अवस्थी उर्फ जग्गू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में उच्चाधिकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। पुलिस जग्गू की तलाश में दबिश दे रही है। सूत्रों ने बताया कि शहर के दो और लोगों ने स्वरूप नगर थाने में जगदीश उर्फ जग्गू के खिलाफ दो नई तहरीर दी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वसूलीबाजों के फरार साथियों की तलाश में दबिश हुई तेज

- **कानपुर।** शहर में खबर चलाने की धमकी देकर लोगों से वसूली और ब्लैकमेलिंग करने वाले वसूलीबाजों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने चार अलग-अलग मामलों में अवनीश दीक्षित, नीरज अवस्थी, कमलेश फाइटर, सूरज वर्मा पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की तो उनके साथियों में हड़कंप मच गया। चारों आरोपियों के साथ रिपोर्ट में नामजद फरार चल रहे उनके साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही है। कानपुर प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित का मामला 28 जुलाई से शुरू हुआ जब उसने सिविल लाइंस में नजूल की करोड़ों की जमीन पर साथियों के साथ कब्जा करने का प्रयास किया। इस मामले में दर्ज दो एफआईआर में नामजद आरोपियों में कई अभी फरार हैं। वहीं अन्य मुकदमों में जो आरोपी फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए भी टीमें प्रयासरत हैं। इसी तरह संपत्ति पर कब्जा करने के आरोप में प्रेसक्लब के पूर्व उपाध्यक्ष नीरज अवस्थी, प्रदीप श्रीवास्तव समेत 50 पत्रकारों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस मामले में भी पुलिस उनका पता लगा रही है जो नीरज के साथ इस कृत्य में शामिल रहे हैं। कमलेश फाइटर के उन फरार साथियों की भी तलाश पुलिस कर रहीहै, जिनके नाम पूछताछ में उसने बताए थे। सूरज वर्मा के साथियों की भी पुलिस कुंडली निकाल रही है। कमिश्नरेट पुलिस नामजद आरोपियों के फरार साथियों की तलाश में उनके परिवार के लोगों के अलावा बाहर रहने वाले रिस्तेदारों के बारे में जानकारी कर रही है।

वक्फ बिल वापस लेने की शिया समुदाय ने मांग उठाई

कानपुर। ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट ने चेयरमैन शहाब रिजवी, महासचिव नायाब आलम की अगुवाई में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर मंडलायुक्त को सौंपते हुए सरकार से वक्फ संशोधन बिल वापस लेने, बिल पर गठित जेपीसी से इसे रद करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सरकार वक्फ कानून में बदलाव के लिए लाया बिल वापस ले और ऐसे कानून ना बनाए जिससे अल्पसंख्यक समाज को बेवजह परेशानी उठानी पड़े। वक्फ प्रॉपर्टी प्राचीन संस्कृति और देश की विरासत है। इससे गरीबों की मदद होती है। यूनिट के अध्यक्ष दानिश रिजवी ने कहा कि सरकार एक के बाद एक ऐसे कानून ला रही है जिससे अल्पसंख्यक समुदाय परेशान हो रहा है। शारिब अब्बास ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा देती है।

सीएसआर फंड से स्कूलों की सूरत बदलने की कवायद

- फंड के लिए उद्यमियों की तलाश हो रही है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शहर में स्कूलों की सूरत बदलने के लिए सीएसआर फंड को लेकर शिक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। यूडायस पोर्टल के जरिए स्कूलों में जरूरत का आकलन करके फंड के लिए उद्यमियों की सूची बनाई जा रही है। अभी विभाग के पास 27 दानदाता हैं।

हाल ही शहर आए मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को सीएसआर फंड से स्कूलों का कायाकल्प करने को कहा था। किस स्कूल को क्या जरूरत है, इसके लिए यू-डायस पोर्टल खंगाला जा रहा है, ताकि सीएसआर फंड से काम कराए जा सकें। फंड के लिए उद्यमियों की तलाश हो रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जल्द ही उद्यमियों के साथ बैठक कर सीएसआर फंड जुटाया जाएगा।

अलंकार योजना में वापस हो सकता 4.5 करोड़ बजट : सहायता प्राप्त स्कूलों में बेहतर सुविधा के लिए शुरू की गई अलंकार योजना में प्रबंधकों द्वारा अनिवार्य 25 फीसदी राशि का योगदान नहीं करने से जारी 4.5 करोड़ रुपये का बजट वापस हो सकता है। योजना में बेनी सिंह माधव इंटर कॉलेज, भीतरगांव को 50.09 लाख, लालमणि इंटर कॉलेज, रेउना, घाटमपुर को 25 लाख, एबी विद्यालय इंटर कॉलेज, मॉलरोड के लिए 63.48 लाख, जीएनके इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस को 55.57 लाख तथा सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, विजय नगर के लिए 66.83 लाख रुपये प्रस्तावित हैं।

शिक्षक चेतना का विकास है गुरु

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

शब्द ज्ञान श्रेय है,पर वही अंतिम नहीं। शब्द संसार के ध्वनि प्रतिनिधि हैं। यहां प्रत्येक वस्तु, पदार्थ के लिए शब्द है। इसलिए वे स्वयं एक विराट विश्व हैं। संसार में वन, उपवन, पर्वत और नदी समुद्र हैं तो शब्द संसार में वन, उपवन आदि शब्द हैं,लेकिन वे प्रत्यक्ष वन, पर्वत आदि नहीं हैं। केला, आम या अंगूर वास्तविकता में सुस्वाद फल हैं।

सर्वोत्तम हमारी सर्वोत्तम मनोकामना है। सर्वोत्तम हमारी गहन अभिलाषा है। यही अभिलाषा भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होती है। प्रतिस्पर्धा में प्रथम होने की इच्छा। धनसंग्रही होने की अभिलाषा। लोकसंग्रही होने की आकांक्षा और यश अभीप्सा। शिक्षा हमारे उत्तम को उभारती है और सर्वोत्तम में प्रकट करती है। लेबनानी चिंतक खलील जिब्रान की सुंदर पुस्तक है 'प्राफेट'। लिखा है, "शिक्षक ने पूछा कि शिक्षा के विषय में बताओ। उसे बताया गया। कोई व्यक्ति तुम्हारे सामने वही उद्घाटित कर सकता है,जो तुम्हारे भीतर हो।" शिक्षा हमारे ही सुप्त ज्ञान प्राप्ति का उपकरण है। ज्ञान के लिए चाहिए गुरु। तुलसीदास ने गाया है-"बिन गुरु होंहि कि ज्ञान"? इसी तरह शिक्षा के लिए शिक्षक की महत्ता है और ज्ञान के लिए गुरु की। शिक्षा का शिखर सर्वोत्तम ज्ञान है। ज्ञान का प्रारंभिक चरण शिक्षा है। शिक्षक का शिखर विकास गुरुत्व है। गुरुत्व विकास का मध्यवर्ती चरण शिक्षक है। गुरु होना हरेक शिक्षक की संभावना है। शिक्षक महत्वपूर्ण है। गुरु को भी शिक्षक होकर ही गुरुत्व मिलता है।

बीते 5 सितंबर को देश में शिक्षक दिवस था। विश्व प्रख्यात भारतीय दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन की जन्मतिथि (5 सितंबर) शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारत में शिक्षक को गुरु भी कहा जाता है। शिक्षक की भारतीय अनुभूति यही है। उत्तर वैदिक काल अनूठा है। इस काल में तमाम ज्ञान है, कर्मकांड भी हैं। कर्मकांड विरोधी अनेक चिंतन धाराएं भी हैं। चिंतन और दर्शन का विकास ध्यान देने योग्य है। इस काल में तैत्तिरीय आरण्यक के सातवें, आठवें और नवें अध्याय को तैत्तिरीय उपनिषद् कहा जाता है। उपनिषद् प्रारंभ होती है-शिक्षा व्याख्यास्यमः से। यहां शिक्षा की अतिसंक्षिप्त परिभाषा है। कुल तीन छोटे वाक्य हैं। पहला है-वर्णः स्वर। वर्ण स्वर का बोध शिक्षा है। दूसरा वाक्य पढ़ते हैं-मात्रा बलम्। मात्रा का ज्ञान, इन पर बल देने की जानकारी। तीसरा है-साम संतानः। गीता प्रेस के अनुवाद में साम का अर्थ वर्णों का समवृत्ति से उच्चारण है और संतान का अर्थ संधि है। फिर अंतिम वाक्य है-शिक्षा अध्याय समाप्त हुआ। शब्द ज्ञान श्रेय है,पर वही अंतिम नहीं। शब्द संसार के ध्वनि प्रतिनिधि हैं। यहां प्रत्येक वस्तु, पदार्थ के लिए शब्द है। इसलिए वे स्वयं एक विराट विश्व है। संसार में वन, उपवन, पर्वत और नदी समुद्र हैं तो शब्द संसार में वन, उपवन आदि शब्द हैं,लेकिन वे प्रत्यक्ष वन, पर्वत आदि नहीं हैं। केला, आम या अंगूर वास्तविकता में सुस्वाद फल हैं। इनके नाम केवल संज्ञा हैं। हमारे संज्ञान में वे मूल पदार्थों के प्रतिनिधि स्वर-वर्ण मात्र हैं। आम खाकर मिठाई का बोध होता है। आम कहकर स्वाद नहीं मिलता। वे केवल नाम हैं। नाम से रूप समझना शिक्षा है और देखकर रूप नाम बोलना भी। नाम, रूप, गुण, व्यवहार आदि का ज्ञान शिक्षा से होता है। शिक्षक यही बोध देते हैं। वे संसार का साधारण परिचय कराते हैं। तैत्तिरीय के ऋषि ने शिक्षा की ठीक परिभाषा की है। ऐसा ज्ञान दुखमुक्ति का उपकरण नहीं हो सकता। गांधीजी ने पीड़ा व्यक्त की है कि गणित, भूगोल, इतिहास आदि जानकर मुझे क्या मिला? गांधी सत्यप्रिय थे। सत्यधर्मान महान व्यक्ति। विश्व मानव। यह शिक्षा उनके काम नहीं आ रही थी। वे आगे बढ़े, सत्य के साथ हो गए। मैंने सम्मानित शिक्षकों से विज्ञान पढ़ा। मातृभाषा पढ़ी। माननीय शिक्षकों ने अंग्रेजी भी पढ़ाई। वह मातृभाषा है नहीं सो मात्र-अंश ही समझ में आई। अर्थशास्त्र पढ़ा एमए तक। उत्तम अंक मिले, ज्ञान गंध तो मिली,लेकिन तत्व ज्ञान नहीं मिला। दुखिया मन और दुखिया रहा। योरोपीय विद्वान और उन जैसे भारतीय विद्वानों ने भारत के प्राचीन साहित्य को धार्मिक आस्था वाला बताकर षडयंत्र किया था। वैदिक साहित्य विज्ञान और दर्शन की अनुभूतियों से भरापूरा है। यूरोपीय विद्वानों ने भारतीय दर्शन चिंतन को कमतर बताया है। अंग्रेजी सभ्यता ने राष्ट्रजीवन को आत्महीन बताया। अब अंग्रेजी हमारी बुद्धि में है। सभी भारतीय भाषाएं हमारी मां, मां जैसी या मौसी,लेकिन अंग्रेजी सुपिरिचत आत्मीय शत्रु। अंग्रेजी भारतीय अनुभूति के प्रकटीकरण में अक्षम है।

शिक्षक श्रद्धेय हैं। उम्र में छोटे हों तो भी। मनुस्मृति की बड़ी निन्दा होती है। इसमें शिशु 'दीक्षित' के सम्मान में भी 50-60 वर्षीय वरिष्ठजनों को सम्मान में खड़े होने के सुझाव हैं। तुलसीदास का "श्रीगुरु चरण सरोज रज/निज मन मुकुर सुधार" दोहा है। इसका अंग्रेजी अनुवाद कठिन है। अंग्रेजी में गुरु का समानार्थी शब्द है नहीं। चरण के लिए शब्द है,लेकिन सरोज का क्या करें? उसका ठीक अनुवाद हो भी तो सरोज रज का अनुवाद असंभव। शिक्षक की कठिनाई है। वे सुयोग्य हैं,लेकिन शब्द ज्ञान से ही काम नहीं चलता। डॉ. राधाकृष्णन भारतीय दर्शन की गहन समझ से भरेपूरे थे। उनकी पुस्तक "इंडियन फिलास्फी" ने सारी दुनिया को भारतीय चिन्तन की जानकारी दी। गीता का अंग्रेजी अनुवाद असंभव है। उन्होंने इसे संभव बनाया। उन्होंने अनुवाद में अपना कोई दृष्टिकोण नहीं जोड़ा। भारतीय शिक्षा और शिक्षकों में राष्ट्रीय आत्मा की सुवास रही है। शिक्षा अच्छे मनुष्य की निर्मिति है। अच्छा मनुष्य आदर्श मनुष्य होना चाहिए। भारतीय आदर्श का अच्छा मनुष्य लोकमंगल अभीप्सु मानव है। आत्मबोध में वह संपूर्ण विश्व का अंश है। शिक्षक पर ऐसा ही मनुष्य गढ़ने की जिम्मेदारी हैं। आदर्श मनुष्य गढ़ना आसान नहीं। शिक्षा मनुष्य के सर्वोत्तम को प्रकट करती है। इसके लिए ध्यान चाहिए। ध्यान यानी एकाग्रता। विवेकानंद ने कहा है, एकाग्रता ही वह विधि है,जिसके द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। मन की एकाग्रता ही शिक्षा का सार तत्व है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का यही सर्वोत्तम साधन है। विचारों की एकाग्रता के अभाव में ही मनुष्य भयंकर भूलें करता है,जो मनुष्य प्रशिक्षित होता है या जिनका मन एकाग्र होता है वह भूल नहीं करता। मनुष्य के चित्त की एकाग्रता के अनुपात में भिन्नता के कारण ही मनुष्यों में अंतर होता है। महान व्यक्ति का चित्त एकाग्र और साधारण व्यक्ति का मन कम एकाग्र या चंचल होता है।

हरेक मनुष्य अनूठा है। अद्वितीय है। उस जैसा दूसरा मनुष्य है ही नहीं। दूसरा हो भी नहीं हो सकता। इसलिए उसके अंतस को उसी स्वरूप में, उसकी निजता और वैशिष्ट्य में सर्वोत्तम तक विकसित करने का काम कठिन है। परिश्रमी शिक्षक भी संगीत प्रिय छात्र को अर्थशास्त्र का विद्वान नहीं बना सकता। शिक्षक और छात्र का संबंध महत्वपूर्ण है। शिक्षा देना आसान है,लेकिन छात्र का ग्राह्यता स्तर मापना कठिन है। उत्तर वैदिक काल में आचार्य और शिष्य साथ-साथ प्रार्थना करते थे-सहनोभुनुक्त, सहनाववतु शब्द आज भी जीवंत हैं। शिक्षा में संसार की उपेक्षा नहीं थी। तैत्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा की संक्षिप्त व्याख्या के बाद आचार्य और शिष्य प्रार्थना करते हैं "हम दोनो का यश साथ-साथ बढ़े। हम दोनों का तेज एक साथ बढ़े। हम लोक जानें। ज्योतियां जानें। विद्या (मुक्ति संधान) जानें और प्रकृति रहस्य भी। पृथ्वी पूर्व वर्ण है, अंतरिक्ष उत्तर वर्ण हैं। आकाश संधि है। वायु योजक हैं। आदि।" यहां शिक्षा का विस्तार अंतरिक्ष तक है। जहां तक शिक्षा है वहां तक शिक्षक का भी विस्तार है। इसलिए शिक्षक को आचार्य कहा गया। आचार्य अपने आचार शिक्षा देते थे। गुरु इसी शिक्षक चेतना का विकास है। शिक्षक दिवस गुरु उत्सव ही है।

गणेश होने का अर्थ

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पुराणों में वर्णित असंख्य देवताओं के बीच गणेश हमारे सबसे अलबेले और विचित्र देवता हैं। महादेव शिव और देवी पार्वती के पुत्र गणेश वस्तुतः कोई लौकिक अथवा अलौकिक अस्तित्व नहीं,प्रकृति की शक्तियों के विराट रूपक हैं। इस रूपक को प्रामाणिकता देने के लिए उसके आसपास असंख्य मिथक गढ़े गए। हमारे पूर्वजों ने गणेश के रूप में प्रकृति और मनुष्य के बीच सामंजस्य का एक प्रतीक गढ़ा है। गणेश का मस्तक हाथी का है। चूहे उनके वाहन हैं। बैल नंदी उनका मित्र, शिक्षक और अभिभावक। मोर और सांप उनके परिवार के सदस्य, पर्वत उनका आवास है। वन उनका क्रीड़ा-स्थल। आकाश उनकी छत। वे शक्ति के पुत्र हैं, लेकिन उनका प्रचलित रूप गढ़ने में नदी की बड़ी भूमिका रही है।

कहा जाता है कि शक्तिरूपा पार्वती ने अपने शरीर के मैल से एक छोटी-सी आकृति गढ़ी और उस आकृति को गंगा में नहला दिया। गंगा के स्पर्श से उस आकृति में जान आई। पार्वती ने उसे पुत्र कहा तो देवताओं ने उसे गांगेय कहकर संबोधित किया। गणेश गणपति के रूप में गणों के अधिपति तो हैं ही,उन्हें जल का अधिपति भी माना गया है। गणेश के चार हाथों में से एक हाथ में जल का प्रतीक शंख,दूसरे हाथ में सौंदर्य का प्रतीक कमल,तीसरे हाथ में संगीत का प्रतीक वीणा है और चौथे हाथ में शक्ति का प्रतीक परशु या त्रिशूल हैं। गणेश के शरीर का रंग हरा और लाल है। हरा रंग प्रकृति तथा लाल शक्ति का प्रतीक है। सृष्टि के रचेता ब्रह्मा की दो मानस पुत्रियां रिद्धि और सिद्धि उनकी दो पत्नियां हैं,जो वस्तुतः देह में हवा के आने और जाने अर्थात प्राण और अपान की प्रतीक हैं,जिनके बगैर कोई जीवन संभव नहीं।

गणेश और प्रकृति के एकात्म का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उन्हें महंगी पूजन सामग्रियां नहीं, प्रकृति में बहुतायत से मौजूद पेड़-पौधों की पत्तिया और घास सबसे ज्यादा प्रिय है। प्रकृति में बहुतायत से उपलब्ध हरी-भरी दूब उन्हें सर्वाधिक प्रिय है। जब तक इक्कीस दूबों की मौली अर्पित न की जाए,उनकी पूजा अधूरी मानी जाती है। शास्त्रों में उल्लेख है कि आम, पीपल और नीम के पत्तों वाली गणेश की मूर्ति घर के मुख्य द्वार पर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गणेश के मिट्टी से जुड़ाव का एक प्रमाण यह भी है कि किसी भी मंदिर, घर या दुकान में गणेश की मूर्ति रखते समय यह ध्यान देना अनिवार्य होता है कि उनके पैर जमीन का स्पर्श करें।

प्रकृति की शक्तियों के प्रतीक होने के कारण गणेश एक साथ मासूम, शक्तिशाली, योद्धा, विद्वान, कल्याणकारी, शुभ-लाभ और कुशल-क्षेम के दाता हैं। उनके सम्मान का अर्थ है प्रकृति में मौजूद सभी जीव-जंतुओं, जल, हवा, जंगल और पर्वत का सम्मान। उन्हें आदिदेव, देवताओं में प्रथम पूज्य और आदिपूज्य भी कहा गया है। इसका अर्थ है कि प्रकृति पहले, बाकी सब उसके बाद। हिन्दू धर्म और संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य का आरंभ करने के पहले 'श्री गणेशाय नमः' कहने और लिखने की परंपरा है।

मनुष्य तो क्या,त्रिपुरासुर के वध के पहले स्वयं उनके पिता शिव को भी उनकी आराधना करनी पड़ी थी। हमारे पूर्वजों द्वारा गणेश के इस अद्भुत रूप की कल्पना संभवतः यह बताने के लिए की गई है कि प्रकृति को सम्मान देकर और उसकी शक्तियों से सामंजस्य बिठाकर शक्ति, बुद्धि, कला, संगीत, सौंदर्य, भौतिक सुख, लौकिक सिद्धि, दिव्यता,आध्यात्मिक ज्ञान सहित कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। यही कारण है कि संपति, समृद्धि, सौंदर्य की देवी लक्ष्मी और ज्ञान, कला, संगीत की देवी सरस्वती की पूजा भी गणेश के बिना पूरी नहीं मानी जाती। गणेश के अद्भुत स्वरुप को समझना और पाना है तो उसके लिए उनके मंदिरों और मूर्तियों की स्थापना और भजन-कीर्तन का कोई अर्थ नहीं। गणेश हम सबके भीतर हैं। प्रकृति, पर्यावरण और जीवन को सम्मान और संरक्षण देकर हम अपने भीतर के गणेश को जगा सकते हैं।

गण के ईश्वर, गण के अध्यक्ष, गणपति

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गणपति के सूत्र भारत के बहुत बड़े क्षेत्र में बिखरे हुए हैं और उनको संकलित करने का बहुत बड़ा काम हमारे सामने है,जिसे कई प्रादेशिक भाषाओं के भाषाविदों और लोकवार्ताविदों को मिलकर करना होगा।

यह गण कितना शक्तिशाली रहा होगा? दूर-दूर तक इसका प्रभाव होगा। इसका टोटम या गणगोत्र हस्ति था। हस्तिनापुर के संबंध में डा. रामविलास शर्मा ने कहा था कि निश्चित ही इसका सूत्र हस्ति से जुड़ता है। एक बहुत पुरानी लोककहानी है,जिसमें गांधारी ने सोने के हाथी की पूजा की थी,किंतु जब कुंती पूजन को आई तो उसे मनाकर दिया गया, तब अर्जुन ने ऐरावत को धरती पर बुलवाया,जिसे हम आकाशगंगा कहते हैं उसे इस कहानी ने ऐरावत की गैल बतलाया है। अर्जुन इस रास्ते से ऐरावत को धरती पर लेकर आए।

सूत्र तो यहां हस्ति पूजन का ही है। यही टोटम शिव-महादेव के साथ जुड़ता है, जब पार्वती अपने मैल से पुतला बनाकर उसमें प्राण संचार करके द्वार पर नियुक्त कर देती हैं, शिव आते हैं तो द्वाररक्षक शिव महादेव को रोकते हैं, शिव त्रिशूल से गर्दन काट देते हैं,पार्वती रूठती हैं,कहती हैं कि इसे पुनर्जीवित करो। उधर हाल का जनमा हस्ति मिल जाता है और शिवमहादेव हस्तिमुख जोड़कर द्वारदेव को प्रतिष्ठित कर देते हैं। यही गणेश शिव-पार्वती की परिक्रमा करके प्रथम पूजा के अधिकारी बन जाते हैं। यह मिथक कथा है,लेकिन यह इतिहास का प्रसंग नहीं है। कथा के अभिप्राय को समझना आवश्यक होगा। कोई भी कार्य विघ्नेश्वर की पूजा के बिना संपन्न नहीं किया जाता। ये विघ्नेश्वर कैसे बने,इसे लेकर जनपदों में भिन्न-भिन्न कहानियां हैं। मूषक भी एक गण था। उसे लेकर भी लोक में कहानियां हैं। गणपति-अथर्वशीर्ष की शरण में आते हैं,तब हमें गणपति का जो स्वरूप मिलता है,वह लोक और शास्त्र की अंतर्भुक्ति का परिपक्व-रूप है। त्वं वाङ्मयः, त्वंचिन्मयः, त्वमानंदमयः, त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि। गणपति-अथर्वशीर्ष में यह स्पष्ट किया गया है कि 'गणेश की उपासना वास्तव में किसी कहानी के नायक की उपासना नहीं है,गणेश का शरीर हाडमांस का नहीं है,आनंद ही उनका शरीर है,संपूर्ण वाक् ही जिनका विग्रह है,समग्र चेतना उनका ही रूप है, संपूर्ण ज्ञान-विज्ञान गणेश ही तो हैं। यह ज्ञान-विज्ञान की उपासना है,आनंद की उपासना है, चेतना और वाक् की उपासना है।

त्वंप्रत्यक्षं ब्रह्मासि, त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि, लेकिन लोककथाओं का गणपति हमें मनुष्य के विश्वास की युगयात्रा में साथ लेकर चलता है। एक कहानी है कि गणेश चूहे पर सवार होकर जा रहे थे कि गिर पड़े, चन्द्रमा ने देखा तो हंसने लगा। गणेश ने उसे शाप दिया कि जो कोई तेरा मुख देखेगा,उसे कलंक लगेगा। बेचार चन्द्रमा डर की वजह से छिप गया कि मुझे इतने लोग बुरा कहेंगे। तब देवता आए,गणेशजी महाराज इसे माफ करो। अनुनय-विनय की तो गणेश जी बोले मेरा शाप तो अन्यथा हो नहीं सकता,किंतु हां, भाद्रपदमास शुक्ल पक्ष का चन्द्रमा देखने वाला निंदा का पात्र बनेगा। अपने मकान की दीवारों में पड़ी दरारों को देखकर तो मन कांप जाता है,परंतु यह देखकर राहत भी मिलती है कि नींव के पत्थर और छत को संभालने वाले स्तंभ सकुशल हैं। यह वाक्य लोकमान्य तिलक ने 18 सितंबर 1894 के केसरी में लिखा था।

निश्चित रूप से जातियों के बीच भेदभाव थे और हैं,किंतु इस भेदभाव की सतह के नीचे लोक जीवन के ऐक्यभाव का बड़ा प्रबल प्रवाह भी बह रहा है। भेदभाव को देखकर विषाद होना स्वाभाविक है,किंतु इस ऐक्यभाव के प्रवाह को देखकर कितना बड़ा आश्वासन मिलता है। मिलता है न। वास्तव में इस वाक्य की पृष्ठभूमि में था 19 सितंबर 1893 को उनके द्वारा प्रारंभ किया गया। गणेश उत्सव,जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों, वर्गों के वृद्ध नर-नारी सम्मिलित हुए थे। यह तो महाराष्ट्र का लोकोत्सव बन गया था। लोकोत्सव की परंपरा बन गया। इस उत्सव के रंगमंडप में जो भी सम्मिलित होता, वह देशभक्त होकर निकलता। ब्रिटिश-सरकार इस लोकोत्सव से परेशान हो गई,यहां प्रदर्शित होने वाले नाटकों को लेकर खुफिया रिपोर्टें इंग्लैंड भेजी जाती और उन नाटकों को प्रतिबंधित किया जाता,उन पर आरोप लगाया जाता कि ये ब्रिटिश अधिकारियों की हत्या करने को प्रेरित करने वाले हैं।

लार्ड मिंटो की हत्या के प्रयास और कलेक्टर जैकसन की हत्या के पीछे गणेश उत्सव को जिम्मेदार माना गया और कहा गया कि यह लोकोत्सव राजद्रोही है। आज तो गणेश की महंगी-महंगी प्रतिमाएं बनाई जाती हैं,पर गणेश तो लोकदेवता हैं,इतना सरल-सहज कि मिट्टी की ढेली को मौली का धागा पहना कर ही गणेशजी का आवाहन हो जाता है और गणेशजी अपनी दोनों पत्नी, बुद्धि और सिद्धि के साथ हमारे यहां पधार जाते हैं। भरत मुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में गणेश को महाग्रामणी नाम से याद किया है और निर्देश किया है। नृत्य के प्रारंभ में उसको नमन-मुद्रा से प्रसन्न किया जाना चाहिए। भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी को दक्षिण-भारत में नृत्यशिक्षा का प्रारंभ किया जाता है। नृत्यगणेश। जैसे पुरातत्वविद पुरावशेषों के आधार पर जीवन को खोजता है,उसी प्रकार लोकवार्ताशास्त्री भी लोकवार्ता में बिखरे हुए सूत्रों का अध्ययन करता है। गणपति के सूत्र भारत के बहुत बड़े क्षेत्र में बिखरे हुए हैं और उनको संकलित करने का बहुत बड़ा काम हमारे सामने है,जिसे कई प्रादेशिक भाषाओं के भाषाविदों और लोकवार्ताविदों को मिलकर करना होगा।

धर्म का दोहरा रूप

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

धर्म का जो भी पुराना अच्छा रूप रहा हो, आज के आदमखोर व्यवस्था में वह लौट के नहीं आने वाला। इसलिए धर्म अब बिल्कुल त्याज्य है। अब आप यह नहीं कहिएगा कि मैंने धर्म को समझा ही नहीं है।

धर्म का दोहरा रूप रहा है। एक समय था जब इसने आम लोगों को इंसान बनाया, एक दूसरे की भलाई करना सिखाया, मानवता से प्रेम करना सिखाया, समाज में सद्भाव की स्थापना की, लोगों को चरित्रवान बनाया, "परहित सरिस धरम नहीं भाई" की भावना का संचार किया, "आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति सः पंडितः" (जो अपने ही समान दूसरों को भी समझे, वही विद्वान है) बताया। धर्म का यह रूप मैंने पचास साल पहले देखा था और शायद धर्म का ऐसा ही स्वस्थ रूप भारत में सदियों से प्रमुखतः व्याप्त रहा। मुगलकाल की दो महानतम साहित्यिक हस्तियों–तुलसीदास और रहीम– की दोस्ती और एक दूसरे के प्रति सम्मान यही बात साबित करती है।

दूसरी ओर धर्म से ही जुड़े अंधास्था, चढ़ावा, पशुबलि, तंत्रमंत्र, संकीर्णता, मनुष्य की चेतना का अपहरण, अवैज्ञानिक चीजों में विश्वास आदि कर्मकांडों और नकारात्मक चीजों का प्रयोग करके धर्म के नाम पर ठग और धूर्त लोगों ने इंसानों के बीच नफरत पैदा किया है। अब धर्म आदमी को इंसान नहीं बना रहा है। इसका मुख्य काम अंधविश्वास फैलाना, तरह-तरह के छल प्रपंचों से आदमी का आर्थिक शोषण करना, सत्ताधारियों के लिए वोट का इंतजाम करना और समाज में अंदर नफरत पैदा करना हो चुका है।

धर्म का जो भी पुराना अच्छा रूप रहा हो, आज के आदमखोर व्यवस्था में वह लौट के नहीं आने वाला। इसलिए धर्म अब बिल्कुल त्याज्य है। अब आप यह नहीं कहिएगा कि मैंने धर्म को समझा ही नहीं है। आपके दिल में धर्म की जो भी व्यक्तिगत व्याख्या हो, धर्म की सामाजिक व्याख्या सम्प्रति यही है।

राजनीति का उल्टा चश्मा

जगपाल सिंह भाटी
बरेली

राजनीति एक ऐसा शब्द है, जिसके संपर्क में आते ही अन्य शब्द गूढ़ लगने लगते हैं। वैसे तो राजनीति का अर्थ उचित समय और स्थान पर उचित कार्यों को करते हुए शासन करना या जनता के जीवन स्तर को ऊंचा करने के लिए कानून बनाकर शासन करना है, परंतु आजकल राजनीति केवल अपने स्वार्थ और हित के लिए काम करना तथा अपने परिवार के जीवन स्तर को ऊंचा करने तक सीमित रह गई है। राजनीति भी किसी नशा से काम नहीं है, जिसको लग जाती है, उसको छोड़ना बहुत मुश्किल होता हैं।

आजकल सामाजिक, धार्मिक, जातिगत और किसान आदि संगठनों के लोग भी नेता ही कहलाते हैं। कोई भी आम आदमी किसी भी राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, जातिगत किसान संगठनों में जाने से पूर्व बड़ी समझदारी पूर्ण और अच्छी भली बातें करता हैं। उसका नजरिया एकदम स्वतंत्र, निष्पक्ष और सर्वहित का होता है, परंतु जैसे ही वह किसी भी संगठन की सदस्यता ग्रहण करता है उसका अंदाज़, नजरिया और भाषा सब कुछ बदल जाता है। ऐसा लगता है इन सभी संगठनों के पास अपना-अपना एक चश्मा होता है, जो हर सदस्य को पहनाया जाता हैं। उसका सदस्य उस चश्मे से ही सबको देखना शुरू कर देता है। यदि कोई पार्टी आम को सेब देखने का चश्मा पहना दे तो उसके कार्यकर्ता को कोई लाख आम बताता रहे वह उसे तमाम उदाहरणों से सेब ही सिद्ध करता रहता है। इसी तरह से सामाजिक, धार्मिक और किसान संगठन भी अपने-अपने चश्मे से ही वस्तुओं को देखते और बोलते हैं। इसे हम राजनीति का उल्टा चश्मा कह सकते हैं।

राजनीतिक पार्टियों में सीधा चश्मा पहनने वाले नेता इस समय नजर नहीं आते हैं। जैसा चश्मा कभी लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेई, जयप्रकाश नारायण, मुरारजी देसाई और राम मनोहर लोहिया ने पहना था। वैसा चश्मा आज की राजनीति में केवल एक-आध नेता ही पहने नजर आते हैं। लोग कहते हैं कि राजनीति में अच्छे लोगों की जगह नहीं होती है, लेकिन राजनीति में जब तक अच्छे लोग नहीं जाएंगे तब तक इनके चश्मे उल्टे रहकर आम को सेब और अमरुद ही दिखाते रहेगा। काश इन संगठनों के लिए कोई ऐसा चश्मा बनाया जाए,जिससे इन्हें सब कुछ सीधा और साफ दिखाई देने लगे ताकि देश और उसकी जनता का भला हो सके।

पारिस्थितिकी संतुलन में गिद्धों की भूमिका

डॉ.जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

उत्तर प्रदेश सरकार ने गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जटायु संरक्षण केंद्र की स्थापना गोरखपुर में की गई, जो एक प्रशंसनीय कदम है। 2006 में भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में डाइक्लोफेनाक के पशुपालन में उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

गिद्ध, जो प्राकृतिक सफाईकर्मी के रूप में जाने जाते हैं। पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्राणी हैं। गिद्धों की उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण स्वच्छ और रोग मुक्त रहे। दुर्भाग्यवश, मानवीय भूलों और गतिविधियों के कारण गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई है,जो विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। प्राचीन काल में गिद्धों को भारत, नेपाल और पाकिस्तान जैसे उपमहाद्वीपों में भारी संख्या में देखा जाता था। ये मांसाहारी पक्षी मृत पशुओं को खाकर पर्यावरण की सफाई में मदद करते थे,लेकिन पिछले कुछ दशकों में गिद्धों की कई प्रजातियां जैसे कि व्हाइट-बैक्ड गिद्ध, लॉन्ग-बिल्ड गिद्ध और स्लेंडर बिल्ड गिद्ध विलुप्त होने की कगार पर आ गए हैं।

गिद्धों की संख्या में यह गिरावट अचानक नहीं आई। 1990 के दशक के बाद दक्षिण एशिया में गिद्धों की संख्या में तेजी से गिरावट दर्ज की गई। इसके मुख्य कारणों में से एक है दवा डाइक्लोफेनाक का पशुपालन में उपयोग। डाइक्लोफेनाक एक दर्द निवारक दवा है,जो आमतौर पर मवेशियों और अन्य घरेलू पशुओं को दी जाती है। जब गिद्ध इन पशुओं के शव खाते हैं तो डाइक्लोफेनाक उनके शरीर में प्रवेश कर जाता है और गुर्दे की विफलता का कारण बनता है। इसके परिणामस्वरूप गिद्धों की बड़ी संख्या में मृत्यु हुई है। डाइक्लोफेनाक का प्रयोग शुरू में मनुष्यों के लिए किया गया था,लेकिन पशुपालन में इसके प्रयोग ने अनजाने में गिद्धों की जनसंख्या को भारी नुकसान पहुंचाया। यह मानवीय भूल प्रकृति के इस अनमोल घटक के लिए एक गंभीर संकट साबित हुई। इसके परिणामस्वरूप पिछले तीन दशकों में गिद्धों की जनसंख्या में लगभग 95 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक आवश्यक घटक हैं। उनके द्वारा किया जाने वाला शवभक्षण कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। गिद्ध मृत पशुओं के शव खाते हैं, जिससे वे वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखते हैं। यदि ये शव जमीन पर पड़े रहते हैं तो वे बीमारियों और संक्रमणों का कारण बन सकते हैं। गिद्ध इस संक्रमण चक्र को रोकते हैं। गिद्धों की तेज पाचन प्रणाली उन्हें उन बीमारियों से बचाती है, जो अन्य मांसाहारी जीवों को संक्रमित कर सकती हैं। वे रोगाणुओं और बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं,जो अन्य जीवों में बीमारी फैला सकते हैं। गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा होते हैं, जो अन्य मांसाहारी जीवों,जैसे कि कुत्तों और चीलों की जनसंख्या को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जब गिद्ध कम हो जाते हैं तो अन्य मांसाहारी जीवों की संख्या बढ़ जाती है,जो असंतुलन पैदा कर सकती है। गिद्धों की संख्या में गिरावट के गंभीर परिणाम हुए हैं। भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में गिद्धों की कमी के कारण कई अप्रत्याशित परिणाम सामने आए हैं। गिद्धों की अनुपस्थिति में जंगली कुत्ते और अन्य मांसाहारी जीव तेजी से बढ़े हैं। इससे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली कुत्तों की संख्या में वृद्धि हुई है,जो न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा है,बल्कि रेबीज जैसी बीमारियों का प्रसार भी करता है। गिद्धों की घटती संख्या को देखते हुए कई संरक्षण प्रयास शुरू किए गए हैं। भारत सरकार और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने गिद्धों की रक्षा व उनकी जनसंख्या को पुनःस्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जटायु संरक्षण केंद्र की स्थापना गोरखपुर में की गई,जो एक प्रशंसनीय कदम है। 2006 में भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में डाइक्लोफेनाक के पशुपालन में उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यह एक महत्वपूर्ण कदम था,लेकिन इसका प्रभाव अभी तक पूरी तरह से देखने को नहीं मिला है। इसके अलावा, इस दवा के अवैध प्रयोग की समस्या अब भी बनी हुई है। मेलोक्सीकैम एक सुरक्षित विकल्प है,जिसे गिद्धों के लिए हानिरहित माना जाता है। इसे डाइक्लोफेनाक के स्थान पर उपयोग करने की सिफारिश की गई है, लेकिन पशुपालक और किसान अभी भी इसके उपयोग के प्रति पर्याप्त जागरूक नहीं हैं। कुछ गिद्ध प्रजातियों के संरक्षण के लिए प्रजनन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां उन्हें कृत्रिम रूप से प्रजनन कर उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाता है। यह प्रक्रिया गिद्धों की विलुप्ति को रोकने में मदद कर रही है,लेकिन इसे और अधिक व्यापक रूप से लागू करने की आवश्यकता है। गिद्धों के संरक्षण के लिए जनता को जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ये कार्यक्रम लोगों को गिद्धों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति सचेत करने में मदद कर रहे हैं। गिद्धों की विलुप्ति को रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और जनता के बीच समन्वय आवश्यक है। गिद्धों के स्वास्थ्य, प्रजनन और पर्यावरणीय भूमिका पर अधिक अनुसंधान किया जाना चाहिए। गिद्धों के संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही सरकारों को वन्यजीव संरक्षण के लिए सख्त नीतियां और कानून बनाने चाहिए।

अधिक थके-थके रहते हैं कामगार

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट से जानकारी मिली है कि कम से कम 58 प्रतिशत भारतीय सुस्ती और कार्य स्थल पर थकान महसूस करते हैं,जो वैश्विक आंकड़े 48 प्रतिशत से काफी अधिक है। भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की) तथा बोस्टन कासल्टिंग ग्रुप की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व धारणा के विपरीत थकावट अधिक काम करने से नहीं अपितु आपसी सहयोग और बातचीत की जरूरत के कारण है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों के प्रति गहरी समझ होनी चाहिए, जिस तरह अपने ग्राहकों को समझते हैं इसी तरह अपने कर्मचारियों को प्रेरित रखने और खुश रखने के साथ अपने साथ बनाए रखने की कोशिश होनी चाहिए। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि संस्था को यह मूल्यांकन करना चाहिए इन भावनाओं पर कितनी अच्छी तरह से खरा उतरते हैं,कमी का पता लगाना चाहिए और सभी कर्मचारियों की मदद के लिए उनके देखभाल वाली सेवाओं,वित्तीय परामर्श और लचीली काम की अवधि जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना चाहिए।

मुंबई में आयोजित फिक्की इनोवेशन समिट 2024 के दौरान पेश की गई रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि थकावट और समावेशन के लिए निरुत्साहित रहने के बीच गहरा संबंध है, अगर किसी कर्मचारी को ऐसा लगता है कि वह अपने कार्यस्थल पर सक्रिय हैं और संस्था भी उसकी मदद के लिए तत्पर रहती है तो उसे काम थकावट महसूस होगी। क्या भारतीय कंपनी/संस्था को इस बारे में अपने कर्मचारियों के बारे में अधिक सोचने और कुछ करने की आवश्यकता नहीं है?

एक नजर

शिक्षक भर्ती: तीन दिन बाद मंत्रियों को घेरेंगे अभ्यर्थी

अमृत विचार,लखनऊ : आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने तीन दिन के लिए आंदोलन को स्थगित कर दिया है। अभ्यर्थियों ने कहा कि मंत्रियों से मिले आश्वासन के बाद हम लोगों ने यह निर्णय लिया है। शुक्रवार को वह कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव करने वाले थे। लेकिन उसको टाल दिया गया है। आंदोलन करने वालों का कहना है कि नेताओं से वार्ता के आश्वासन के बाद यह फैसला लिया गया है। हालांकि 9 सितंबर को दूसरे पक्ष का भी सुप्रीम कोर्ट में डेट लगा है। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि अब अभ्यर्थी कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे है।

यूपी टी-20 मैच में सट्टा लगवाते दो गिरफ्तार

अमृत विचार , लखनऊ : इकाना स्टेडियम में चल रही यूपी टी-20 लीग में गुरुवार को काशी बनाम कानपुर के बीच हुए मैच में सट्टा लगवाते हुए दो युवकों को इवेंट ऑफिसर ने साथियों की मदद से पकड़ा। आरोपियों को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक, आरोपियों की तो पहचान कानपुर शांति नगर निवासी अक्षय गुप्ता और संजय नगर निवासी नरेंद्र गंगवार के तौर पर हुई है। दोनों के मोबाइल जब्त कर लिये गये हैं।

संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष बने प्रयागराज के प्रो.जयंत खोत

संस्कृति विभाग से जुड़ीं पांच संस्थाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य नामित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डॉ. रति शंकर त्रिपाठी को भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष बनाए गए
- वाराणसी के डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा को ललित कला अकादमी के अध्यक्ष का पद

अमृत विचार : संस्कृति विभाग से जुड़ी पांच संस्थाओं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, भारतेंदु नाट्य अकादमी, उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और बिरजू महराज कथक संस्थान में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर सरकारी सदस्य बनाए गए हैं। इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से तीन वर्ष के लिए होगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से आदेश जारी किए गए।

प्रयागराज निवासी प्रोफेसर जयंत खोत को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का अध्यक्ष व लखीमपुर खीरी की विभा सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा वाराणसी के डॉ ज्ञानेश चंद्र, कानपुर की कविता सिंह, अंबेडकरनगर की उपमा पांडेय, जौनपुर की ज्योति सिन्हा, महाराजगंज के अमित जायसवाल, मुरादाबाद के राकेश जायसवाल, प्रयागराज की ज्योति मिश्रा, अयोध्या के प्रभाकर मौर्य, कासगंज के डॉ सुभाष चंद्र दीक्षित, लखनऊ के श्रीकांत शुक्ला, वाराणसी के ललित कुमार व बाराबंकी की सरोज रावत को सदस्य मनोनीत किया गया है।

भारतेंदु नाट्य अकादमी में वाराणसी के डॉ रति शंकर त्रिपाठी को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि वाराणसी के ही दिनेश श्रीवास्तव, फर्रुखाबाद के सुरेंद्र कुमार पांडेय, कानपुर के ओमेंद्र कुमार वर्मा, अलीगढ़ के आलोक शर्मा व गोरखपुर के मानवेंद्र त्रिपाठी को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह, वाराणसी के डॉ सुनील कुमार विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी का अध्यक्ष व सीतापुर के गिरीश चन्द्र को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा मथुरा के अनिल सोनी, गोरखपुर के डॉ संदीप श्रीवास्तव, आगरा की डॉ आभा सिंह, कानपुर के डॉ शुभम शिवा व लखीमपुर के अभिनव दीप को सदस्य मनोनीत किया गया है।

बिरजू महराज कथक संस्थान में लखनऊ की कुमकुम धर को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि गोरखपुर की डॉ मिथिलेश तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। लखनऊ के अनुज मिश्रा, मेरठ की रुचि बलूनी, वाराणसी की सोनी सेठ, लखनऊ की सुरभि सिंह, चित्रकूट के डॉ गोपाल मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सदस्य पद पर गोरखपुर की डॉ कुमुद सिंह, आगरा के नरेंद्र पाठक, महोबा के जग प्रसाद तिवारी व बेनी प्रसाद तिवारी, बलरापुर की ब्रजभान मरावी, लखनऊ के सुरेश प्रसाद कुशवाहा को सदस्य बनाया गया है।

कला व संस्कृति के क्षेत्र में होगा सुधार : जयवीर सिंह

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग के विभिन्न संस्थानों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य नामित किए जाने से कार्य की गुणवत्ता सुधरेगी। इससे संगीत, कला, नृत्य, ललित, नाट्य, गायन, वादन, लोककला, जनजातीय नृत्य समेत अन्य कलाओं व संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश और तेजी से विकास करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उभरते कलाकारों को सरकार की ओर से अधिक से अधिक कार्यक्रमों में सहभागी बनाया जाएगा ताकि कला व संस्कृति का संरक्षण और व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके।

महिला संबंधी मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश देश में अव्वल

अमृत विचार, लखनऊ : महिला संबंधी मामलों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है। वुमेन पॉवर हेल्पलाइन 1090 ने पिछले 19 माह में 6 लाख से अधिक शिकायतों का समय पर निस्तारण किया है।

इसमें वर्ष-2023 में शत-प्रतिशत यानी 4,09,434 में से 4,09,433 शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि एक कॉल को डिफॉल्ट पाया गया है। वहीं, वर्ष 2024 में 30 अगस्त तक हेल्पलाइन पर 83.92 प्रतिशत मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 3,04,481 कॉल रजिस्टर्ड की गईं, जिसमें से 2,55,535 मामलों को निस्तारित किया गया। वुमेन पॉवर हेल्पलाइन की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि प्राथमिकताओं के आधार पर महिला संबंधी शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही उन्हें तत्काल सहायता भी पहुंचायी जा रही है।

इस महीने के अंत में हो सकती है विधानसभा उप चुनाव की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

10 सीटों पर होना है उपचुनाव

अमृत विचार : प्रदेश में विधानसभा की खाली 10 सीटों पर उप चुनाव के लिए तैयारी तेज हो गई है। संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव की समुचित तैयारी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव अधिकारी इस माह के अंत तक चुनाव की घोषणा की उम्मीद जता रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्वाचन अधिकारियों का कहना है कि उप चुनाव के लिए समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। उप चुनाव के लिए सीट रिक्त होने के छह माह के अंदर चुनाव कराने का प्रावधान है। भारत निर्वाचन आयोग से उप चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी होने का इंतजार है। भाजपा के साथ ही सपा, कांग्रेस व बसपा इन सीटों को जीतने के लिए पूरी जुगत लगा रही हैं। जातीय समीकरण साधने के लिए सभी दलों के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पैठ.बनाने में जुटे हैं, पर दलों को भी उप चुनाव की घोषणा का इंतजार है। इसके बाद ही अधिकारिक तौर पर प्रत्याशी घोषित होने की संभावना है। जिन 10 सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें गाजियाबाद, मझवां, मीरापुर, मिल्कीपुर, करहल, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, फूलपुर व सीसामऊ सीटें शामिल हैं। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण समझे जाने वाली अयोध्या की मिल्कीपुर सीट को जीतने के लिए सपा फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारने पर सहमति दे चुकी है। बसपा ने इस सीट से राम गोपाल कोरी को संभावित प्रत्याशी के तौर पर चुनाव प्रभारी बनाया है।

रेलवे की तरह सेतु निगम भी बनाएगा बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 22.86 करोड़ से सीतापुर में शारदा कैनाल पर गार्डर पुल का होगा निर्माण

अमृत विचार : राज्य सरकार ने तय किया है कि सेतु निगम अब रेलवे की तर्ज पर बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज बनाएगा। पहले यह ब्रिज रेलवे की ओर से पटरियों के ऊपर अपने क्षेत्र में ही बनाकर सेतु निगम के सीमेंटेट पुल से जोड़ देती थी। सीतापुर में शारदा कैनाल पर 22.86 करोड़ में पूरा ब्रिज ही अब गार्डर का बनेगा, इससे इसे तैयार करने में मात्र 8 माह जहां लगेगें, वहीं लागत भी काफी कम आएगी।

सीमेंटेड पुल बनाते समय हुए हादसे और लेटलतीफी को ध्यान मे रखकर ही राज्य सरकार ने अब विशिष्ट शैली, उत्तम गुणवत्ता और कम अवधि में निर्माण प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के कारण बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण को तरजीह दी है। अयोध्या व प्रयागराज में भी हाल ही में इसी तकनीक पर आधारित रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया गया।

वहीं, सीतापुर में जिस बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज का निर्माण होना है वह रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) होगा जिसका निर्माण शारदा नहर के ऊपर तम्बौर से महमूदाबाद मार्ग पर होगा। राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने परियोजना पर कार्य शुरू करते हुए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

आय से अधिक संपत्ति मामले में केजीएमयू के डॉ. आमोद निलंबित

अमृत विचार , लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के फार्माकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आमोद कुमार सचान को निलंबित कर दिया गया है। केजीएमयू कार्यपरिषद के फैसले के बाद शनिवार को निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया। निलंबन के दौरान डॉ. सचान डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।

डॉ. आमोद पर बिना इजाजत विदेश यात्रा पर जाने का मामला लंबे समय से चल रहा था। इसके साथ जब ईडी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में डॉ. सचान के खिलाफ सीबीआई जांच करवाने के लिए पत्र लिखा। इसके बाद शासन हरकत में आ गया।

नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बना रही विद्युत सखी योजना

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10,500 से अधिक विद्युत सखियों ने 1120 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल जमा कराकर 14.6 करोड़ रुपये कमीशन प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब तक स्वयं सहायता समूह के जरिये 30 हजार महिलाओं को चयनित किया जा चुका है, जिसमें से 10500 से अधिक विद्युत सखियां ग्रामीण और शहरी इलाकों में मीटर रीडिंग और बिजली के बिल का कलेक्शन कर रही हैं। इसके लिए उन्हे विद्युत सखी ऐप उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वह लॉगिन करके बिजली बिल बनाकर उसका कलेक्शन करती हैं और ऐप के जरिए ही यूपीपीसीएल को बिल का भुगतान करती हैं।

बीमार चीनी मिलों का होगा कायाकल्प

सरकार ने शुरू की बागपत व मुजफ्फरनगर मिलों की क्षमता बढ़ाने की कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने प्रदेश में बीमार चल रही चीनी मिलों का आधुनिकीकरण किए जाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत बागपत व मुजफ्फरनगर की चीनी मिलों की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के गन्ना किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए चीनी मिलों की स्थापना और आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की बागपत और मुजफ्फरनगर में चीनी मिलों के आधुनिकीकरण की योजना है।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस पर विचार किया गया। इसमें किसान सहकारी चीनी मिल बागपत की कार्यक्षमता में सुधार के लिए मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीडी क्रशिंग क्षमता), तकनीकी उच्चीकरण वं आधुनिकीकरण कार्य से संबंधित प्रस्ताव के लिए 84.77 करोड़ की लागत का अनुमान लगाया गया है। इसमें 50 प्रतिशत राज्य सरकार से अंश पूंजी के रूप में तो 50 प्रतिशत ऋण के रूप में लिए जाने की वित्तीय व्यवस्था की जाएगी।

इसी तरह, मुजफ्फरनगर स्थित गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड मोरना की कार्यक्षमता में मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीजी क्रशिंग कैपेसिटी), तकनीकी उच्चीकरण व आधुनिकीकरण कार्य के लिए 88.02 करोड़ की प्रस्तावित लागत का अनुमान लगाया गया है।

समय से हो सकेगी गन्ने की पेराई

शासन के अधिकारियों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के शासकीय बजट में 65 करोड़ के अनुदान के तहत निवेश-ऋण का प्रावधान है। तकनीकी उच्चीकरण व आधुनिकीकरण से इन मिलों को काफी लाभ मिलने की संभावना है। इससे गन्ने की समय से पेराई हो सकेगी। बगास की बचत के साथ ही चीनी परता में वृद्धि होगी।

गुड़ उद्योग से मिला 2.5 लाख लोगों को रोजगार

अमृत विचार, लखनऊ : गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. रसप्पा विश्वनाथ ने बताया कि गुड़ से उप्र में करीब ढाई लाख लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है। स्थानीय स्तर पर गन्ने की पेराई हो, इसके लिए 25 साल बाद पहली बार किसी सरकार ने 100 घंटे के अंदर खांडसारी इकाईयों को ऑनलाइन लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की। मौजूदा समय में 284 से अधिक इकाइयों को लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। इनकी कुल पेराई क्षमता लगभग 15 चीनी मिलों के बराबर है।

सपा का पीडीए करेगा भाजपा का मुकाबला और हराएगा : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा का पीडीए(पिछड़ा,दलित, अल्पसंख्यक) भाजपा का मुकाबला करेगा और उसे हराएगा।

सपा प्रमुख, शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्येक स्तर पर सत्ता का दुरूपयोग करती है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरा है। अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया के माध्यम से आग्रह करते हुए भाजपा पर तंज कसा, उन्होंने कहा कि सौदागरी सोच रखने वाली भाजपा को, लखनऊ के जय नरायण प्रकाश इंटरनेशनल सेंटर(जेपीएनआईसी) को भी उसी तरह बेच देना चाहिए जैसे उन्होंने सपाकाल में बने ' शान-ए-अवध' व ' किसान बाजार मंडी' को बेच दिया है ताकि इन जन-उपयोगी स्थलों का सदुपयोग तो हो सके।

फसल चक्र टूटने से मिट्टी हुई कुपोषित, पोषक तत्व बेअसर

मिट्टी में जीवांश कार्बन, नाइट्रोजन व ह्यूमस की कमी, सुधार के लिए जैविक खाद ही एकमात्र विकल्प

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

0.1 से कम मिला लखनऊ मंडल में जीवांश कार्बन

अमृत विचार : प्रदेश में फसल चक्र के अनुसार खेती न करना और रासायनिक उर्वरकों के आगे जैविक का प्रचलन कम होना मिट्टी को कुपोषित बनाने के साथ पैदावार घटा रहा है।

लखनऊ मंडल की बात करें तो मिट्टी परीक्षण में माल ब्लॉक को छोड़कर अन्य जगहों पर जीवांश कार्बन की भारी कमी है। जबकि इसके बिना खेती संभव नहीं है। हालात यह हैं कि लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव व लखीमपुर खीरी में जीवांश कार्बन .1 से कम है। जबकि मात्रा .2 से अधिक होनी चाहिए। इस वजह से मिट्टी में ह्यूसम नहीं पनप रहे है। जो उर्वरकों के रूप में दिए जाने वाले पोषकतत्वों की पूर्ति आवश्कतानुसार करते हैं। इससे पौधों की बढ़वार होती है। बिना इनके उर्वरकों का इस्तेमाल बेअसर हैं और पौधों की बढ़वार नहीं होती है। साथ ही नाइट्रोजन घटता है। यह स्थिति लगभग सभी जिलों की है।

मिट्टी और फसलों के लिए जीवांश कार्बन एक प्रतिशत तक अच्छा माना जाता है। लेकिन सभी जिलों में मात्रा कम है। पोटाश प्रति हेक्टेयर 120 से 280 किग्रा तक होना फायदेमंद है, लेकिन इससे कम है। वहीं, नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर 280 किग्रा होना चाहिए, जबकि 160-180 किग्रा व कुछ जगहों पर 90 किग्रा तक है। इसी तरह फास्फोरस प्रति हेक्टेयर 10 से 25 क्रिग्रा में .2 व .3 फीसदी से कम है।

फसल चक्र के साथ जैविक खाद जरूरी

जीवांश कार्बन जैविक खाद के बिना नहीं बढ़ सकता है। इसके लिए किसानों को फसल चक्र अपनाकर गोबर व हरी खाद का इस्तेमाल पूर्व की तरह करना होगा। फसल चक्र में धान्य (चावल, गेहूं, मक्का, बाजरा. ज्वार और जौ), दलहन व तिलहन तीन तरह की फसलें होती हैं। लेकिन, ज्यादातर किसान चक्र तोड़कर गन्ना, मक्का, गेहूं धान आदि करते हैं। चक्र इसलिए भी जरूरी है कि तिलहनी, दलहनी फसलें कम पोषकतत्व लेती हैं और शेष को आगे फसल के लिए बचाकर रखती हैं।

एक हजार सैंपल में ज्यादातर में कमी

जिलों पर फसल के पहले सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के तहत किसान निशुल्क मिट्टी परीक्षण कराते हैं। एक ब्लॉक से करीब एक हजार सैंपलों की जांच की जाती है, लेकिन ज्यादातार की मिट्टी में कमी आती है। जहां, फसल चक्र और जैविक का इस्तेमाल हो रहा वहां मिट्टी में कमी नहीं है। कृषि विज्ञानी पशु पालन कम होना भी कारण बताते हैं। इसलिए गोबर की उपलब्धता न होने के कारण किसान जैविक खाद नहीं बना पाते हैं।

> जिलों पर मिट्टी में जीवांश कार्बन की काफी कमी है। इसे बढ़ाने के लिए किसानों को फसल चक्र अपनाते हुए जैविक उर्वरकों का इस्तेमाल करना होगा। बिना इसके पोषकतत्वों की पूर्ति नहीं होती है। जैविक अपनाकर समय-समय पर परीक्षण भी कराएं।
>
> **- डॉ. मनमोहन लाल,**
> सहायक निदेशक मृदा परीक्षण, लखनऊ

वर्ग पहेली-185

बाएं से दाएं

3. धनुष की डोरी, प्रत्यंचा, चिल्ला।
5.1. गले का गहना 2. एक तरह की मछली।
6.1. खींचना 2. तानना।
9. नाम से रहित, जिसका कोई नाम न हो।

ऊपर से नीचे

1. कंटिया में मछली फंसने पर उसे बंसी के द्वारा खींचकर बाहर निकालना।
2.1. सहारे की वस्तु, ठेक 2. ठहरने या रुकने की जगह, अड्डा 3. थपेड़ा, हलका आघात 4. तबला या ढोलक बजाने की वह रीति जिसमें पूरे बोल न निकाले जाएं
4.1. जुड़ना, पकड़ना 2. किसी का गले या छाती से लग जाना, चिपकना 3. मिल जाना, लग जाना, सट जाना 4. किसी के पीछे पड़ जाना 5. गुंथना, लिपटना।
5.1. हलके आघात से भी टूट जाने वाला 2. चुनचुनाने वाला, हलकी खुजली उत्पन्न करने वाला 3. तुनकमिज़ाज, चिड़चिड़ा।
7. सरल, जो कठिन न हो; सहज।
8.1. एक पौधा जिसका तना मज़बूत और बहुत लचीला होता है जिससे कुरसियां बनाई जाती हैं



वर्ग पहेली -184 का हल

1 जु			2 चि		
ग		3 फ	ड़	का	4 ना
त			चि		य
	5 झों	6 प	ड़ा		ब
7 चा		8 ठ	ना	का	
ल		नी			
	9 डा	य	बि	टी	ज

सुडोकू-98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3	1				2	
2					7	1	8	
1	8				6		4	5
	6					2		
	7		9		5		6	
		8					3	
5	9		6				7	8
	3	2	7					1
	1				4	6		

सुडोकू -97 का हल

6	1	3	5	2	4	9	7	8
4	5	8	1	7	9	3	2	6
2	9	7	6	8	3	1	5	4
8	7	9	2	4	5	6	3	1
3	2	1	7	6	8	4	9	5
5	6	4	3	9	1	2	8	7
9	8	6	4	3	7	5	1	2
1	3	2	8	5	6	7	4	9
7	4	5	9	1	2	8	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 19 .58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 15 .31 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज होटल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी। प्रियजनों के साथ अपना सुख-दुख बांटेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन मधुर रहेगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

वृष — आज जिम्मेदारियों से घिरे रहेंगे। जॉब में बदलाव को लेकर मन कुछ शंकित रहेगा। अपनी प्रतिभा पर विश्वास बनाए रखें। रिटेल व्यवसायियों के लिए दिन शुभ है राजनीति से जुड़े मामलों में आप रुचि ले सकते हैं।

मिथुन — आज पैतृक कारोबार में उन्नति होगी। दोपहर के बाद आपके काम अचानक से बनते हुए प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन आपको प्राप्त होने सकता है। आप अपने मित्रों के साथ निजी समस्याओं को शेयर कर सकते हैं।

कर्क — आज कोई भी निर्णय अकेले लेने से बचें। नए काम में कुछ बाधाएं लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से संतुष्ट नहीं रहेंगे। दूसरों की मदद करके आपके मन में प्रसन्नता होगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में आर्थिक लाभ मिल सकते हैं।

सिंह — आज बच्चों को करियर के लिए परामर्श दे सकते हैं। पर्यटन संबंधी व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। दूरसंचार के माध्यम से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पदोन्नति के लिए प्रयास करने के लिए उत्तम समय है।

कन्या — आज घरेलू सामान की ख़रीदारी में धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में उपहास झेलना पड़ सकता है। दिनचर्या प्रारंभ करने से पहले माता-पिता का आशीवार्द अवश्य लें। निजी संबंधों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है।

तुला — आज विवाह की इच्छा रखने वाले जातकों की मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। आपके स्वास्थ्य में आ रही बाधा दूर होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य बुरी तरह बिगड़ सकते हैं। ईश्वर उपासना करने से मन शांत होगा। व्यावसायिक योजनाओं में थोड़ा धीमापन हो सकता है। चुनौतियों का सामना डटकर करें।

धनु — आज आपकी सलाह से दूसरों को बहुत बड़ा लाभ प्राप्त होगा। नव विवाहित जातक फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। आपके संपर्क दायरे में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। परिवार के सदस्य आपका मनोबल बढ़ाएंगे। नया वाहन खरीद सकते हैं।

मकर — आज परिजनों के साथ प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने का विचार बनाएंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे।

कुंभ — आज विद्यार्थी नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। समय पर काम पूरे करने की कोशिश करें। प्रियजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। मित्रों के साथ वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। रिश्तों को अहंकार और ईर्ष्या की भेंट न चढ़ने दें।

मीन — आज अपने कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भर न रहें। कब्ज और बवासीर के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे। यदि आप कोई गलती करते हैं तो उसके परिणाम भविष्य में बहुत खराब हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दीवाना मस्ताना — सुबह : 11 .17
- मुन्ना माइकल — शाम : 06 .35

&pictures
- टॉयलेट-एक प्रेम कथा — सुबह : 10 .56
- ऑपरेशन रोमियो — रात : 08 .00

SONY PIX
- होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — सुबह : 11 .15
- अनचार्टेड — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 10 .04
- कहो ना...प्यार है — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- पोगरू — सुबह : 10 .34
- वेलकम — शाम : 05 .20

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- 1 से 10 तक गिनती सुनाओ।
छात्र-1, 2, 3, 4, 5, 7, 8, 9, 10।
टीचर – 6 कहां है?
छात्र – जी वो तो मर गया।
टीचर – मर गया! कैसे मर गया?
छात्र जी मैडम, आज सुबह टीवी पर न्यूज में बता रहे थे कि स्वाइन फ्लू में 6 की मौत हो गई।

एक शादी में एक लड़का लड़की से बोला-क्या आप डांस करेंगी?
लड़की खुश होकर- हां जरूर ओके,
लड़का- तो फिर आपकी कुर्सी मैं ले जाऊं दीदी।
लड़की-सारा मूड खराब कर दिया।

बुआ की गोली मारकर हत्या

बेटे को भी मारी गोली, गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर

संवाददाता, सरीला

- जरिया में मकान के बंटवारे को लेकर हुआ विवाद
- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शुरू की पूछताछ

अमृत विचार। जरिया में शुक्रवार रात मकान के बंटवारे के विवाद में युवक ने बुआ और उसके बेटे को गोली मारी दी, जिससे बुआ की मौत हो गई, बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है है।

जरिया निवासी मनीष कुमार (18) पुत्र प्रमोद कुमार अनुरागी ने पुलिस को बताया कि बताया कि उसकी मां गायत्री देवी अपने मायके में पिता अंगद अनुरागी के साथ करीब 16 वर्ष से रह रही थीं। शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे वह पढ़ाई कर रहा था। उसकी मां बाथरूम गई थी। जैसे ही वह बाथरूम से बाहर निकली तो मामा का लड़का अमित कुमार उनसे झगड़ने लगा और विरोध करने पर उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर जब वह बाहर दौड़ा तो उसे भी गोली मार दी और मौके से भाग गया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मनीष कुमार व गायत्री को सरीला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टरों ने गायत्री को मृत घोषित कर दिया, जबकि मनीष की हालत गंभीर होने पर कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, एफआईआर दर्ज

- घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया और घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। पुलिस के अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि घायल मनीष कुमार की तहरीर पर धारा 103(1), 109, 333, 352, 351(2), 351(3) के तहत आरोपी अमित कुमार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

डंपर की टक्कर से युवक की मौत, साथी भी घायल

संवाददाता, बिवांर

- पिता ने डंपर चालक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

अमृत विचार। राठ-हमीरपुर मार्ग में न्यूरिया गांव के पास अज्ञात डंपर ने आगे जा रही बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर कुनहेटा चौकी पुलिस घायलों को सीएचसी मौदहा ले गई। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के पिता ने अज्ञात डंपर व चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव निवासी जय सिंह ने बताया कि उसका पुत्र संदीप सिंह(18) कुछेछा निवासी शगुन पुत्र सुरेश कुमार खंगार के साथ बाइक से देर शाम मुस्करा कस्बे जा रहे थे। तभी रात करीब 9:30 बजे राठ हमीरपुर मार्ग में न्यूरिया गांव की पुलिया के पास अज्ञात डंपर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर कुनहेटा चौकी पुलिस ने दोनों को मौदहा कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। बाइक चला रहे शगुन के शरीर में गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर मृतक के पिता जयसिंह ने डंपर सहित चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात डंपर व चालक की तलाश की जा रही है।

कासगंज कांड पर वकील लामबंद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की नृशंस हत्या के विरोध में प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को सौंपा।

प्रोग्रेसिव एण्ड प्रेक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र वीर सिंह चौहान व महामंत्री महेश प्रसाद प्रजापति ने ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था लचर होने से जघन्य अपराध बढ़े हैं। कासगंज में कचहरी परिसर से महिला अधिवक्ता को दिनदहाड़े उठाकर ले जाना और उसकी नृशंस हत्या कर देने से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने इस घटना की न्यायिक जाँच कराकर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने, मृतक अधिवक्ता के परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने, लचर क़ानून व्यवस्था को तत्काल सुधार करने, अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लाकर उसका क़ानून पास करने सहित अधिवक्ता राहत कोष स्थापित करने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

- विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

उधर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित के नेतृत्व में संपन्न हुई बैठक में उत्तर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसके बाद एसडीएम को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दिन प्रतिदिन अधिवक्ताओं के ऊपर जानलेवा हमले एवं हत्याएं हो रहीं है, जो अत्यंत दुःखद व पीड़ादायक है।कहा कि यूपी का अधिवक्ता भय के वातावरण में जीवन जी रहा है। उन्होंने ज्ञापन में मोहिनी तोमर हत्याकांड का खुलासा करने व पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग की है।

दंगल और आल्हा ने लोगों में भरा उत्साह

संवाददाता, सुमेरपुर

- आल्हा गायन में माड़ौ की लड़ाई सुन फड़क उठीं भुजाएं

अमृत विचार। तीजा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को रामलीला मैदान में बुंदेलखंड के मशहूर आल्हा गायकों ने माडौ की लड़ाई का सुंदर वृत्तांत सुना कर जमकर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का शुभारंभ केपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजेश शिवहरे व ईओ दिनेश चंद्र आर्य ने किया। वहीं पशु बाजार मेला मैदान में विशाल दंगल सम्पन्न हुआ। जिसमें नामी गिरामी पहलवानों ने सुंदर दांव पेच दिखाकर एक दूसरे को चित करने का प्रयास किया।

तीजा महोत्सव के दूसरे दिन रामलीला मैदान में बुंदेलखंड के मशहूर आल्हा गायक चंद्रभान यादव भेड़ी, जयसिंह यादव भेड़ी, विनोद यादव भौली, लल्लू सिंह,बबीना,अनुरुद्ध सिंह पतारा, महावीर प्रजापति झलोखर,चरन सिंह तमौरा ने माडौ (बाप का बदला)की लड़ाई का सुंदर वृत्तांत सुनाकर लोगों में जोश भर दिया। खटखट तेगा बोले,चमचम होए तलवार जैसा गायन सुनकर लोगों की भुजाएं फड़क उठी। आल्हा सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

वहीं पशु बाजार मेला मैदान में प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी पशु बाजार मालिक अमर सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, जयकरन सिंह व सौमित्र सिंह ने विशाल दंगल का आयोजन कराया। दंगल में बुंदेलखंड के अलावा कानपुर, फतेहपुर, औरैया, इटावा, आगरा आदि जगहों से आए पहलवानों के मध्य रोचक कुश्ती संपन्न हुई। मोहित बरुआ को मदन बांदा ने पटकनी दी। प्रेमचंद टोलामाफ व संगम मऊ व रोहित मथुरा व मनीष पपरेन्दा बराबरी पर छूटी।

युवकों ने छात्रा के साथ की छेड़खानी

राठ। स्कूल से घर लौट रही 12वीं की छात्रा के साथ दो युवकों ने अश्लील हरकतें कर की छेड़छाड़ी कर दी। छात्रा के विरोध करने पर युवकों ने छात्रा को जमकर पीटा। घायल छात्रा को चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पिता ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।

मझगवां क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री इंटर की छात्रा है। शनिवार सुबह उसकी पुत्री विद्यालय पढ़ने के लिए गई हुई थी। विद्यालय की छुट्टी होने पर वह वापस घर आ रही थी। आरोप लगाते हुए कहा कि गाँव के दो युवकों ने उसकी पुत्री को जबरन रोक लिया और बुरी नियत से पकड़ कर छेड़छाड़ करते हुए जबरन उसे खेत की ओर खींचने लगे। आरोप है कि युवकों ने उसकी पुत्री के साथ अभद्रता शुरू कर दी। बताया कि उसकी पुत्री के विरोध करने पर दोनों युवकों ने उसकी पुत्री को बेहरमी से पीटकर घायल कर दिया। मारपीट से उसकी पुत्री बेहोश हो गई।

खेलकूद में बच्चों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर में विद्या भारती के तत्वाधान में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में संकुल के विद्यालय मौदहा, राठ, कुरारा व हमीरपुर के 106 भैया बहनों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मेजबान विद्यालय के प्रबंधक रामकरन सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिता स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ भाई चारे और सौहार्द की भावना के विकास में भी सहायक होती है। प्रतियोगिता के सभी इवेन्टस(एथलेटिक्स) में दौड़, कूद, आदि मेजबान विद्यालय के शारीरिक आचार्य अमर सिंह के नेतृत्व में संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में 1500 मी दौड़ अंडर 19 में शुभम हमीरपुर प्रथम, अंडर 17 में उत्कर्ष गुप्ता राठ प्रथम, 800 मी दौड़ अंडर 17 में सत्येंद्र कुमार हमीरपुर प्रथम, 600 मी दौड़ अंडर 14 में दीपक मौदहा प्रथम, 400 मी दौड़ अंडर 14 में आदित्य सिंह हमीरपुर प्रथम, अंडर 17 में रेहान हमीरपुर प्रथम रहे।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं। अमृत विचार

इसी प्रकार बालिका वर्ग की 600 अंडर 17 में साक्षी हमीरपुर प्रथम, 400 व 200 मी दौड़ अंडर 14 में आरुषि मौदहा प्रथम पर रही। निर्णायक की भूमिका में कुलदीप राठ, धीरेन्द्र मौदहा व शुभम कुरारा रहे। समापन अवसर पर मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि खेल एक ऐसी चीज है कि जो हमें परेशानियों, चिंताओं और तनाव से मुक्त करती है। खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। संकुल में चयनित खिलाड़ी 15,16,17 सितंबर को प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर की मेजबानी में राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ला ने दी।

89 शिकायतों में 13 का समाधान

संवाददाता, सरीला

अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में 89 शिकायत दर्ज की गई। जिसमें 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शनिवार को तहसील के सभागार में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नागेंद्रनाथ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें में जलालपुर गांव निवासी सद्दीक मोहम्मद ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, उपरंहका के इंद्रपाल ने विद्युत आपूर्ति न पहुंचने के संबंध में शिकायत की है। मसीदान गांव के बाबूराम ने नमामि गंगे द्वारा खुद ही पड़ी सड़क में गड्ढे हो जाने से निकलने में परेशानी होने के संबंध में, हरसुंडी के अशोक ने मकान के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन हटाए जाने की मांग की है।

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते एडीएम। अमृत विचार

खेड़ा शिलाजीत के चंद्रपाल ने प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने, पुरैनी के स्वामीदीन ने अवैध कब्जा का अतिक्रमण हटवाने के शिकायत की है। करौंदी की कुसमा रानी ने राशन कार्ड बनवाए जाने। सरीला की जनक कुमारी ने घरेलू कनेक्शन का अधिक बिजली बिल आने की शिकायत की है। इस दौरान 89 शिकायत दर्ज की गई जिसमें 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम राजकुमार, तहसीलदार रविंदर सिंह पाल, नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा सहित तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बकाया वसूली सूची तहसीलदार को सौंपी

हमीरपुर। सहायक आयुक्त राज्य कर खंड-1 हमीरपुर रामनरेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वाणिज्य कर के बकाया वसूली के संबंध में उन्होंने राज्य कर अधिकारी खण्ड-1 हमीरपुर राजेन्द्र सिंह के साथ तहसीलदार राठ कुमार भूपेन्द्र से मुलाकात की। उन्होंने तहसील राठ में वाणिज्य कर के बकायेदारों में से ऐसे व्यापारी जिन्होंने वाणिज्य कर से जीएसटी में माइग्रेट किया है, कि सूची तहसीलदार को प्राप्त कराई। जिससे बकाया वसूली के लिए व्यापारियों के पते एवं बैंक एकाउंट की अद्यतन जानकारी सुलभ हो सके। साथ ही बकाया धनराशि की वसूली में सहायता मिल सके। उन्होंने तहसीलदार के साथ बकाया वसूली के प्रयासों, बकाया सूची के मिलान व अन्य विषय पर चर्चा की।

मवेशी से भिड़ी बाइक युवक की थम गई सांस

संवाददाता, राठ

- बाइक में पीछे बैठे दो साथी भी गंभीर रूप से घायल

अमृत विचार। मुस्करा थाने के एक पेट्रोल पंप के पास सुबह एक बाइक सवार युवक सड़क पर घूम रहे आवारा जानवर से टकरा गया। बाइक के टकराने से बाइक चला रहे एक युवक की मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार, मुस्करा थाने के बसवारी गांव निवासी अमन (21) पुत्र गयादीन अपने दो दोस्तों प्रदीप और वीरेंद्र के साथ बाइक से किसी दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए राठ जा रहे थे। मुस्करा पेट्रोल पंप के पास एक आवारा जानवर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे अमन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रदीप और वीरेंद्र को गंभीर चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि युवक अपने पिता के साथ खेती में हाथ बंटाता था। इसके अलावा वह वर्तमान में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। हाल ही में उसने पुलिस भर्ती की परीक्षा भी दी थी। बेटे की मौत पर मां कुसुमारानी, बड़े भाई करन, बहनें सुमन और संगीता का रोरोकर बुरा हाल था।

तीजा महोत्सव | सुमेरपुर के पशु बाजार मेला मैदान पर हुआ भक्त पूरनमल नाटक का मंचन

रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, गूंजीं तालियां

संवाददाता, सुमेरपुर

अमृत विचार। कस्बे में तीजा महोत्सव की शुक्रवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। जिसका लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। शोभायात्रा के उपरांत रात में रामलीला मैदान,पशु बाजार मेला मैदान,छोटी बाजार, त्रिवेणी मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

पशु बाजार मेला मैदान में झांसी के मशहूर मास्टर इसरार एंड कंपनी के कलाकारों ने मास्टर इम्तियाज के नेतृत्व में भक्त पूरनमल नाटक का शानदार मंचन किया। मास्टर इमदाद भक्त पूरनमल का किरदार,जोकर मास्टर असफाक, मौसी का किरदार। मास्टर इकरार, मास्टर रफीक ने सम्पत महाराज का अभिनय किया। नाटक देखने के लिए हजारों की भीड़ मौजूद रही।

रामलीला मैदान में चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे व ईओ दिनेश चंद्र आर्य ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कानपुर से आए सुरेंद्र शर्मा की पार्टी के कलाकार अजीत सिंह,प्रतिभा श्रीवास्तव,आमिर खान लकी,कंचन त्रिवेदी, अभिजीत बृजवासी,जयराम जयपुरिया ने भजन,गीत,गजल प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

भक्त पूरनमल नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- झांकियों के साथ कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा

राहुल काली ने राधा कृष्ण,शिव पार्वती, काली माता की झांकियां प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। छोटी बाजार मैदान में वृंदावन के कलाकारों ने रासलीला प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। त्रिवेणी मैदान में विभिन्न प्रांतों से आए कबीरी भजन गायकों ने कबीर दास के अगूढ़ भजनों को सुनाकर जमकर वाहवाही लूटी सभी जगह पर दर्शकों के साथ श्रोताओं के भीड़ रात भर जमी रही।

तीज महोत्सव में सगुण और निर्गुण भक्ति का अनोखा संगम

- **सुमेरपुर।** तीजा महोत्सव में एक और जहां सगुण भक्ति का नजारा देखने को मिला वही दूसरी ओर निर्गुण भक्ति की प्रवाहित रस धारा में लोग गोते लगाते दिखाई दिए। कस्बे के अन्य कार्यक्रम स्थलों में आयोजित कार्यक्रमों जहां सगुण भक्ति से ओतप्रोत रहे। वही कस्बे के त्रिवेणी नामक स्थल पर कबीरी भजनों का बुंदेलखंड स्तरीय कार्यक्रम 6 सितंबर से अनवरत जारी है। जिसमें हमीरपुर, बांदा, महोबा, उरई, कानपुर, फतेहपुर, झांसी आदि क्षेत्रों के कबीरी भजन गायकों ने कबीर के उपदेशों का गुणगान कर रहे हैं और भारी संख्या में श्रोता कबीरी भजनों का लुफ्त उठा रहे हैं। यह कार्यक्रम तीन दिन लगातार चलता रहता है। गायक कलाकारों की इतनी अधिक संख्या कही तीजा मेला के अलावा कहीं देखने को नहीं मिलती।

मामूली विवाद में दंपति ने महिला को पीटा

राठ। कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव में मामूली विवाद के चलते दंपती ने अपने ही परिवार के तीन लोगों को बेरहमी से पीट दिया। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

घायलों ने कोतवाली में तहरीर दी है। रामदेवी पत्नी खूबचंद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह घरेलू कामकाज में व्यस्त थी। तभी उसके परिवार का बारेलाल आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो बारेलाल और उसकी पत्नी रिंकी ने उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी।रामदेवी ने बताया कि जब उसकी पुत्री ज्योति और पति खूबसचंद ने उसे बचाने की कोशिश की, तो दोनों को भी मारपीट का शिकार होना पड़ा। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएघी।

सार-संक्षेप

डेंगू की चपेट में आया युवक, स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची

बिवांर। थाना क्षेत्र के निवादा गांव निवासी संतराम सिंह अपनी रिश्तेदारी में फतेहपुर गया था। दो दिन पहले अपने घर वापस आने पर डेंगू की चपेट में आ गया है। जानकारी होने पर सीएमओ के आदेश पर हमीरपुर से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच कर डेंगू से ग्रसित होने की पुष्टि की है। टीम ने उसका उपचार किया है। इसी तरह जल्ला गांव का 8 माह उमाकांत पुत्र अरविंद प्रजापति अपने ननिहाल बांदा में गया था। दो दिन पहले वापस घर आया था। मामूस डिप्थीरिया की चपेट में आ गया है। जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के डॉ.हरभजन, एलटी श्यामकरण, मनीषा, एएनएम रुचि मिश्रा ने जाकर जांच कर टीकाकरण किया है। एएनएम रुचि मिश्रा ने बताया कि गांव में 10 से 15 साल के बच्चों को डीटी का टीका लगाया गया है।

पति से परेशान पत्नी ने थाने पहुंचकर शिकायत की

सुमेरपुर। शराब पीकर आए दिन पत्नी के साथ मारपीट व प्रताड़ित करने से परेशान होकर पीडिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने महिला को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के पंधरी गांव निवासी प्रतिभा देवी ने बताया है कि उसका पति संदीप आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करता है। शुक्रवार की शाम उसने अवैध तमंचे की बट से उसे मारापीटा। महिला की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 ने भी आरोपी पति को समझाने की कोशिश की लेकिन वह जान से मारने की धमकी देता रहा। शिकायत मिलने पर पुलिस ने महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है।

सुमेरपुर में गणेश महोत्सव की धूम शुरू

सुमेरपुर। श्री गणेश महोत्सव मंडल रामलीला मैदान सुमेरपुर द्वारा सजाए गए भव्य पंडाल में गणेश की प्रतिमा स्थापित कर वेद मंत्रों के साथ पूजा अर्चना कर गणेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। इसी तरह नगर पंचायत कार्यालय के समीप भी पूर्व की भांति गणेश उत्सव मनाने के लिए गणेश की मूर्ति स्थापित की गई है और शाम को पूजा अर्चना के साथ उत्सव की शुरुआत की गई। इसके साथ ही कस्बे की नई बस्ती में भी गणेश प्रतिमा रखकर पूजा अर्चना करते हुए गणेश उत्सव की शुरुआत की गई। शाम को आरती के समय तीनों स्थान गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठे। श्री गणेश महोत्सव मंडल रामलीला मैदान के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता (लालू), प्रवीण निगम आयुष, नवनीत, ओम, सुनील, अमन, नरेंद्र, निखिल, पंकज महाराज, महेंद्र लखेरा, अनिल आदि कार्यक्रम को भव्य बनाने में सक्रिय हैं। वही नगर पंचायत के पास गणेश महोत्सव कमेटी के संरक्षक व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता और अध्यक्ष सुरेश सोनी बाबू टीम के साथ जुटे हैं।

रामलीला मैदान में स्थापित गणेश प्रतिमा।

ई रिक्शा चालक को पीटकर रुपये छीने

सुमेरपुर। बिलहड़ी से सवारी छोड़कर कस्बा आ रहे एक ई रिक्शा चालक को रास्ते में रोक कर पांच लोगों ने जमकर मारा पीटा और गाली गलौज करते हुए उसके रुपए छीन लिए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के बिलहड़ी गांव निवासी ब्रजकिशोर ने बताया कि जब वह अपने ई-रिक्शा से सवारी छोड़कर कस्बे की ओर आ रहा था। तभी बांकी रोड में कांशीराम कॉलोनी के पास भोला, संजय व तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक कर मारपीट की तथा गाली गलौज करते हुए जेब में पड़े 14 सौ रुपए छीन लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित का शिकायती पत्र मिलने पर पुलिस द्वारा बताया गया है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

वृद्ध दंपति को मारपीट कर किया लहूलुहान

सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग गांव में पुलिस के एक वांटेड अपराधी ने तीन लोगों के साथ मिलकर रंगदारी का पैसा न देने पर वृद्ध दंपति के साथ मारपीट की गयी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। सुरौली बुजुर्ग निवासी इंद्ररानी ने बताया है कि गांव निवासी छत्रपाल जो अपराधी किस्म का है, रंगदारी देने से मना कर दिया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही बचाने आए पति को भी मारा पीटा। शोर सुनकर आये पड़ोसियों को देख मौके से भाग निकला। पुन: रात में आरोपी छत्रपाल अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ आया और उसे तथा उसके पति को लाठी डंडों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

राठ। कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहनी सिंह तोमर की बेरहमी से हत्या किए जाने को लेकर अधिवक्ता संघ में रोष व्याप्त हो गया। शनिवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हरिशंकर रावत ने अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम के पास पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि हत्यारे पकड़े नहीं गए संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से 48 घंटे के अंदर हत्यारों की गिरफ्तारी करने, मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता दिए जाने, लखीमपुरखीरी घटना में अधिवक्ता के घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट विधि आयोग से स्वीकृत करा कर लागू करने, महिला अधिवक्ता के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता।

बिजली कटौती से सुमेरपुर की जनता परेशान

सुमेरपुर। कस्बा में सुबह दोपहर और शाम को होने वाली विद्युत कटौती के बाद भी दिन और रात को कटौती किए जाने से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तमाम शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग बेतुकी कटौती बंद करने का प्रयास ही नहीं कर रहा है। कस्बावासियों ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली सप्लाई के नाम पर कोई सुधार नहीं किया गया है। कटौती का सिलसिला पूर्व की भांति चल रहा है, दिन हो या रात बिजली अक्सर आती जाती रहती है।

पौधरोपण करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनकड़।

उप राष्ट्रपति को भेंट किया गया प्रभु कामतानाथ का चित्र। अमृत विचार

उप राष्ट्रपति को चित्र भेंट करते ग्रामोदय विवि के कुलपति। अमृत विचार

निजी स्वार्थ में कुछ लोग राष्ट्रधर्म को भूल जाते हैं

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया दिव्यांग विवि में संगोष्ठी का उद्घाटन, स्व. गीता देवी मिश्रा की प्रतिमा का किया अनावरण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थ में अधाधुंध काम करते हैं, धर्म को भूल जाते हैं, राष्ट्रधर्म को भूल जाते हैं। ऋषि परंपरा इसकी इजाजत नहीं देती। उप राष्ट्रपति शनिवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषयक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि थे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनकड़ भी तीर्थक्षेत्र आईं।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व में जब भी अशांति हुई, अंधकार महसूस किया गया, लोगों ने भारत की ओर रुख किया। हाल के कालखंड में भी बड़ा नाम करने वाले लोगों को रोशनी इसी देश में मिली। इस देश ने ही मार्गदर्शन किया। ऋषि परंपरा की वजह से ही भारत ने जल, थल, आकाश और अंतरिक्ष में छलांग लगाई है। ऋषि परंपरा का मूल मंत्र ही है कि हम वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर विश्वास करते हैं। पूरे विश्व ने भारत का लोहा माना, जब जी 20 में हमारा मोटो था, वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ, राजनीतिक स्वार्थ की वजह से बहुत से लोग समझ नहीं पाते और ऐसे रास्ते पर चल पड़ते हैं जहां वे धर्म और राष्ट्रधर्म को भूल जाते हैं। निजी स्वार्थ को ऊपर कर लेते हैं। राजनीतिक स्वार्थ में अधाधुंध काम करते हैं। ऋषि परंपरा इसकी कभी इजाजत नहीं देती। अपनी हजारों साल की पृष्ठभूमि में देखिए कोई भी शासन व्यवस्था हो, ऋषि के मुखवचन से जो निकल गया वो हमेशा निर्णायक रहा है। बताया कि दस दशक से ऋषि परंपरा का पूरा सम्मान हो रहा है। चारों ओर नजर फैलाइए क्या कोई देश दूर से भी हमारी तरह दिखता है जो हमारी तरह सांस्कृतिक विरासत का धनी हो। पांच हजार साल की संस्कृति आज भी जीवित है, जीवंत है। हम इस संस्कृति को आगे बढ़ाते रहेंगे, यह हमारा जीवन दर्शन होगा।

स्व. नानाजी देशमुख की प्रतिमा को नमन करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

स्व. गीता देवी मिश्रा की प्रतिमा का अनावरण करते उप राष्ट्रपति। अमृत विचार

जगद्गुरु का अभिवादन करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

मंच पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के साथ बैठे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनकड़ और जगद्गुरु व उनके उत्तराधिकारी रामचंद्र दास। अमृत विचार

प्रधानमंत्री के सिद्धांतों का किया उल्लेख

उप राष्ट्रपति ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में प्रधानमंत्री का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे ओजस्वी प्रधानमंत्री ने भी विश्व कूटनीति को दो सिद्धांत दिए हैं। पहला कभी किसी दूसरे की जमीन की ओर नहीं देखो और दूसरा किसी भी संकट का, अंतर्राष्ट्रीय कलह का समाधान युद्ध नहीं बल्कि डायलाग और डिप्लोमेसी है।

राज्यसभा की कार्रवाई का किया जिक्र

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने इस दौरान उप राष्ट्रपति की राज्यसभा के सभापति के रूप में कार्यवाही को भी सराहा। कहा कि जब विपक्षी उच्छृंखलता की सीमा पार कर जाते हैं तो हमारा जगदीप उस अंधकार को चीरता हुआ दैदीप्यमान हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश में इस समय शासन में त्रिवेणी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, जो हमें बड़ा भाई मानती हैं, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। यह भारत के शासन का प्रयाग है।

अंग्रेजी में भी बोले कुछ वाक्य

उप राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन के दौरान अंग्रेजी में कुछ वाक्य बोले, जिनका सार था कि आज विश्व अस्तित्व की चुनौतियों का सामना कर रहा है। हम इनका सामना सिर्फ ऋषि परंपरा के नियमों का पालन करके कर सकते हैं। मानवता की सेवा करने से ही मन, आत्मा और हृदय प्रज्ज्वलित हो जाएंगे। कुछ लोगों के लिए समाज, दोस्त, संबंधों का मतलब नहीं है सिर्फ खुद के हित का मतलब है। यह ऋषि परंपरा के खिलाफ है। ऋषि परंपरा का अमृत है, सबको अपने साथ लो। उप राष्ट्रपति ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य के दीर्घायु की कामना की, कि वह इसी तरह हमारा मार्गदर्शन करते रहें। उन्होंने खुद को रामभद्राचार्य का एकलव्य बताया।

कार्यक्रम की झलकियां

नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर चढ़ाए पुष्प

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी पत्नी डा. सुदेश धनखड़ का दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद प्रधान सचिव अतुल जैन एवं मध्य प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्वागत किया। उप राष्ट्रपति ने आरोग्यधाम परिसर में स्थित भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। उपाध्यक्ष उत्तम बनर्जी ने श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर उनको श्री गणेश प्रतिमा भेंट की। उनको नानाजी के जीवन दर्शन पर आधारित साहित्य और रानी दुर्गावती जी का साहित्य के साथ आरोग्यधाम में तैयार हर्बल उत्पादों की किट भी भेंट की। इस पर राष्ट्रपति अपने चिर परिचित हंसी के लहजे में बोले कि ऐसे हर्बल प्रोडक्ट देंगे तो हमें लत लग जाएगी और हम बार-बार मंगाते रहेंगे। इस मौके पर उप राष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने आरोग्यधाम में पारिजात का पौधा रोपा।

जगद्गुरु की याददाश्त की दी दाद

उप राष्ट्रपति ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य की याददाश्त की भी सराहना की। बताया कि वह पहली बार जगद्गुरु से अपनी पत्नी के साथ मिले थे। इस बार भी जगद्गुरु ने एक माइक्रोसेकेंड भी नहीं लगाया और पत्नी का नाम बता दिया। यह बताता है कि आज भी हमारे बीच में ऋषि मुनि विद्यमान हैं। उनकी उपस्थिति ही नया पथ दिखाने लायक है।

जगद्गुरु ने किया गीता बहन को याद

इस मौके पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य अपनी दिवंगत बहन डा. गीता देवी मिश्रा को याद करके भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज वह जो भी हैं उनकी वजह से हैं। उन्होंने ही उनको शून्य से शिखर तक पहुंचाया। उप राष्ट्रपति ने परिसर में स्व. गीता मिश्रा की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

मां की याद में रोपा पौधा

उप राष्ट्रपति ने इस मौके पर अपनी मां केसरी देवी की याद में पौधरोपण भी किया। उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनकड़ ने भी मां भगवती देवी के सम्मान में पौधा रोपा।

ग्रामोदय विवि के कुलपति ने भेंट किया चित्र

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने ललित कला के विद्यार्थियों का बनाया उनका चित्र और अंगवस्त्रम भेंट किया। कुलपति ने आरोग्य धाम स्थित हेलीपैड पर उनको विदाई दी।

जगद्गुरु बोले, लोगों ने किया विरोध

इस मौके पर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उप राष्ट्रपति का आगमन हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी से विश्वविद्यालय बनाने में पैसा नहीं लिया। 23 वर्षों से इसे चला रहे हैं। कुछ लोगों ने विरोध किया तो मैंने विश्वविद्यालय को शासन को दे दिया। जगद्गुरु के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने भी उप राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस मौके पर उप्र और मप्र के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

खेल से शरीर एवं मस्तिष्क का विकास

मऊ (चित्रकूट)। क्षेत्र के युवा समाजसेवी भाजपा नेता अजय मिश्रा ने शनिवार को बड़े भाई विजय मिश्रा के साथ पिपरौंद ग्राम पंचायत में दंगल का उद्घाटन किया। हौसला अफजाई किया। इस दौरान दोनों भाइयों ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। अजय ने कहा कि खेल से शरीर का ही नहीं बल्कि मस्तिष्क का भी विकास होता है। खेल स्वस्थ रहने का एकमात्र माध्यम है।

प्रभारी मंत्री ने किया अस्पताल का मुआयना

चित्रकूट। जिला प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को एमसीएच विंग खोह अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑडिटोरियम का लोकार्पण भी किया। मंत्री ने अधीक्षक डा. भास्कर से दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी की और मरीजों का इलाज ठीक से करने के निर्देश दिए।

महिला अधिवक्ता की हत्या पर प्रदर्शन कर जताया रोष

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या से आक्रोशित वकीलों ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। कासगंज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं ने शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर एसडीएम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इनमें इस बात को लेकर नाराजगी थी कि घटना के कई दिन बीतने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। वकीलों पर आयेदिन घटनाएं हो रही हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार करवरिया ने बताया कि चार सितंबर को कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या कर दी गई। पुलिस ने अभी तक इस संबंध में एक भी गिरफ्तारी नहीं की। सचिव मनोज कुमार कंचनी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ की मांग है कि हत्यारों की गिरफ्तारी हो और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। इसके अलावा मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। बाद में उप जिलाधिकारी पूजा साहू को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय, रुद्र प्रसाद मिश्रा, आनंद मिश्रा, अमित यादव, दमयंती केशरवानी, राकेश शुक्ला, नीरू गुप्ता, रामकृष्ण सोनी, आलोक त्रिपाठी, उमेश सिंह, कुशल पांडेय, अनूप सिंह बघेल, विकास निगम, अरुण टाइगर, विनय पाल, दीपिका पाल, अलौकिकानंद, रामआसरे विश्वकर्मा, लक्ष्मण कुशवाहा, आशीष त्रिपाठी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

उप जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

● **विरोध-प्रदर्शन, नारेबाजी कर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन**

पटरी से उतरा मालगाड़ी का इंजन। अमृत विचार

मालगाड़ी का इंजन फेल, पटरी से उतरा

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। एक मालगाड़ी का इंजन शंटिंग करते हुए शनिवार सुबह पटरी से उतर गया। इससे अफरातफरी मच गई। प्रभु का शुक्र रहा कि किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह एक मालगाड़ी का इंजन शंटिंग करते हुए मानिकपुर जंक्शन से प्रयागराज आउटर की ओर जा रहा था। अचानक इंजन के ब्रेक फेल हो गए और यह पटरी से उतरकर लगभग 15 फीट आगे चला और जमीन में धंसकर रुक गया। इससे रेलकर्मियों में अफरातफरी मच गई। स्टेशन प्रबंधक शिवेश मालवीय ने बताया कि ब्रेक फेल होने से इंजन पटरी से उतरा।

रेलवे के आपरेटिंग और एसएनटी विभाग प्रेशर मशीन से इंजन को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इस घटना को लेकर रेलवे में हड़कंप की स्थिति है और आला अफसर मामले की पड़ताल में जुटे हैं। इस घटना को लेकर कई रेलकर्मियों पर गाज भी गिर सकती है।

परेशान किसान ने दी जान

पहाड़ी (चित्रकूट)। थानांतर्गत ग्राम पंचायत बकटा बुजुर्ग में एक किसान ने फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि बिजली विभाग से आरसी जारी होने के बाद से वह परेशान और सदमे में था।

बकटा बुजुर्ग निवासी किसान भालेंद्र सिंह ने बीते दिन घर में फांसी लगा ली।परिजनों ने बताया कि बिजली विभाग ने करीब 36 लाख रुपये की दो बिजली बिलों की आरसी जारी की थी। इसके बाद से वह सदमे में था। थानाध्यक्ष रीता सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

आम आदमी पार्टी की बैठक

चित्रकूट। आम आदमी पार्टी कार्यालय में बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक कुमार जैन ने संगठन की समीक्षा बैठक की। इसमें जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला, प्रांत महासचिव अंकित सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन विस्तार के लिए रणनीति बनाई रामकिशोर सिंह खंगार को पार्टी की सदस्यता दी गई।

कार्यालय नगर पंचायत राजापुर चित्रकूट

पत्रांक– 363/नंपं0राजापुर/2024–25, दिनांक– 06/09/2024

भवन स्वामित्व नामान्तरण सम्बन्धी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने उनके नाम के सामने अकिंत भवन/स्वामित्व, नामान्तरण के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में दिया है, उक्त नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में दे सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।

क0 सं0	नामान्तरण के लिए प्रार्थी/आवेदन का नाम	मकान नं0/प्लाट	नगर पालिका परिषद अभिलेखों में दर्ज भवन स्वामी/अध्यासी का नाम	भवन सं0 एवं मुहल्ला एवं नामान्तरण के लिए आवेदन किया गया है।	नामान्तरण का आधार
1	सुनीता देवी पत्नी स्व0 रामबाबू, अजीत कुमार पुत्र स्व0 रामबाबू, रोशन पुत्र स्व0 रामबाबू	304	सुनीता देवी पत्नी रामबाबू	304/दक्षिणनाका पश्चिमी भाग वार्ड नं0 05 राजापुर	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
2	राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पुत्र शिवनाथ गुप्ता	114	शिवनाथ गुप्ता पुत्र बैजनाथ गुप्ता	114/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग राजापुर	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
3	अरुण कुमार पुत्र स्व0 रामआसरे	119	रामआसरे पुत्र शीतल	119/माधौगंज धोबीगज राजापुर	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
4	रुपा देवी त्रिपाठी पत्नी रामबाबू त्रिपाठी	112	मन्नीलाल पुत्र जगदेव	112/वार्ड नं0 07 रुपौलिहा टोला	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
5	दिनेश पुत्र बेला प्रसाद	प्लाट	–	माधौगंज राजापुर	इकरार नामा के आधार पर
6	गुडड़ी देवी पत्नी कमलेश	प्लाट	–	माधौगंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
7	राम राज्य पाण्डेय पुत्र जगमोहन पाण्डेय	प्लाट	–	वार्ड नं0 04 बाइपास रोड़ कारखाना	रजिस्ट्री के आधार पर
8	सत्यवान शुक्ला आदि पुत्र स्व0 जगदीश शुक्ला	33,34,35,40,89	जगदीश शुक्ला पुत्र बाबूलाल	रुपौलिहा टोला दक्षिणी भाग	वारिश के आधार पर
9	मुन्नी देवी पत्नी स्व0 रजवन्त सिंह	186	रजवन्त सिंह पुत्र मुन्नू सिंह	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	वारिश के आधार पर
10	मैना देवी पत्नी कपेश सोनकर	–	–	वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर	हलफनामा के आधार पर
11	सुन्ता देवी पत्नी उमेश सोनकर	–	–	वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर	हलफनामा के आधार पर
12	मोहनलाल पुत्र शिवप्रसाद	प्लाट	–	वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
13	ममता गोस्वामी पत्नी सिकन्दर गोस्वामी	216	अकुंश कुमार पुत्र सन्तोष कुमार	वार्ड नं0 06 गयागंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
14	लक्ष्मीनारायण मिश्र पुत्र स्व सत्यदेव मिश्रा	104	कुलदीप पुत्र राजेन्द्र	104/वार्ड नं0 09 अंजहाई राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
15	श्रीमती मधुकला पत्नी श्री राजू	135	मो0 शब्बीर पुत्र रमजान अली	135/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	रजिस्ट्री के आधार पर
16	श्रीमती चुनकी देवी उर्फ अर्चना पत्नी शैलेश	–	–	वार्ड नं0 06 गयागंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
17	रमेश गुप्ता, राकेश पुत्र स्व0 छोटेलाल, दिब्याशं पुत्र स्व0 राजेश	51	छोटेलाल पुत्र बल्देव	51/ माधौगंज राजापुर	वारिश के आधार पर
18	उमेश कुमार सोनी पुत्र शंकर लाल सोनी	11	श्री शिवा पुत्र शिवपूजन	11/ वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	रजिस्ट्री के आधार पर
19	नीरज शिवहरे पुत्र स्व0 शंकर लाल शिवहरे, मोहिनी जायसवाल पत्नी स्व0 रामदास शिवहरे	108	श्रीमती हंसवती पत्नी स्व0 शंकर लाल	108/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	दान रजिस्ट्री के आधार पर
20	मालती देवी पत्नी वंशीलाल	–	–	वार्ड नं0 08 कटरा पश्चिम भाग राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
21	दिलीप सोनी पुत्र उजागर सोनी	–	निर्मल चन्द्र पुत्र भूपेन्द्र नाथ	रुपौलिहा टोला दक्षिणी भाग राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
22	उरगेश पुत्र मंगल सोनकर	–	–	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	खतौनी के आधार पर
23	रामसखी पुत्री स्व0 रामभरोसा	–	–	वार्ड नं0 14 मानसनगर राजापुर	हलनामा के आधार पर
24	लक्ष्मी देवी पत्नी प्रताप चन्द्र	83	प्रताप चन्द्र पुत्र शिवमंगल	83/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	हलनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर
25	उमाशंकर केशरवानी पुत्र रामनरेश	191	स्व0 रामनेरश पुत्र हनुमानप्रसाद	191/वार्ड नं0 14 मानस नगर राजापुर	वारिस के आधर पर
26	गया प्रसाद पुत्र सुन्दर लाल	–	सुन्दरलाल पुत्र तुलसी	चिल्लीमल, तह0 राजापुर चित्रकूट।	वारिस के आधर पर
27	सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र सुन्दर लाल	86	सुन्दरलाल पुत्र कन्हैला लाल	86/वार्ड नं0 10 रुपौलिहा टोला राजापुर	आपसी बटवारा के आधार
28	हुब्बलाल सोनी पुत्र वंश गोपाल	–	लक्ष्मनदत्त पुत्र रामआसरे	कर्वी राजापुर पुरानी प्रेट्रोल पम्प के पास	रजिस्ट्री के आधार पर
29	शिवमूरत पुत्र रामशरन	135	रामचरन उर्फ लाला	सोनरहटी गली, मानस नगर राजापुर	हलफनामा के अनुसार
30	सन्तोष कुमार निषाद पुत्र कन्धई निषाद	–	राममिलन वर्मा	माधवगंज राजापुर जनपद चित्रकूट।	इकरार नामा के आधार पर
31	शीतल प्रसाद सोनकर पुत्र गोपी	67	–	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	इकरार नामा के आधार पर
32	भगवानदास पुत्र बच्चनराम	–	सुनिता निषाद पत्नी महेश	रुपौलिहा टोला राजापुर	शपथ पत्र के आधार पर
33	श्रीमती सुनीता देवी पत्नी रामू वर्मा	–	कामिनी देवी पत्नी अखिलेश	माधौगंज धोबीगंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
34	सुषमा जायसवाल पत्नी ज्ञानप्रकाश जायसवाल	–	शेखकालू पुत्र शेखनूर मुहम्मद	गयागंज राजापुर चित्रकूट	रजिस्ट्री के आधार पर
35	श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी अरबिन्द गुप्ता	–	उमेश कुमार केशरवानी पुत्र जमुना प्रसाद	वार्ड नं0 05 दक्षिणी नाका पश्चिमी भाग राजापुर चित्रकूट।	रजिस्ट्री के आधार पर
36	पंकज,नीरज, धीरज पुत्रगण सुरेश चन्द्र कुशवाहा	–	मनीष कुमार पुत्र सीताराम	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
37	मंजू देवी पत्नी राजेश, राकेश, जितेन्द्र पुत्रगण बिन्देश्वरी	130	श्रीमती कंचन पत्नी बिन्देश्वरी	130/वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका, राजापुर जनपद चित्रकूट।	वारिस के आधार पर
38	गोपाल जी अग्रवाल पुत्र स्व0 गोपेश्वर नाथ अग्रवाल	15, 16	गोपेश्वर नाथ पुत्र रेवती लाल	वार्ड नं0 10 रुपौलिहा टोला दक्षिणी नाका	वारिस के आधार पर

अधिषाशी अधिकारी
नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट।

अध्यक्ष
नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट।

शिकायतों के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

कुलपहाड़ तहसील में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं, 76 फरियादें आईं, 6 का किया गया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। कुलपहाड़ तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस के मौके पर 76 फरियादियों ने अपना अपना शिकायती पत्र जिला स्तरीय अधिकारियों को सौंपा, जिस पर अधिकारियों ने शिकायतों का संज्ञान लेते हुए छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष 70 शिकायतें संबन्धित अधिकारियों को सौंपा निस्तारण करने के लिए सौंपा गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से समस्या के बावत अवश्य बात की जाए और शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें क्योंकि इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा पाय गया तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। इसलिए जो भी फरियादें आई हैं, इनका जिम्मेदार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाए तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद और पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने भी फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया।

चरखारी में 21 समस्याएं आईं

- महोबा। तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया, जहां पर आई 21 शिकायतों में से मात्र दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करने के लिए सौंपा गया। उधर तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें आई 77 शिकायतों में से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए अधिकारियों को सौंपा गया। इस मौके पर फरियादियों की सुबह से भी नजर आने से तहसीले लोगों से पहले की अपेक्षा ज्यादा गुलजार नजर आई।

छात्राओं को जानकारी देतीं आशा संस्थान की काउंसलर परवीन। अमृत विचार

छात्राओं को दी एचआईवी की जानकारी

कार्यालय संवाददाता महोबा

- काशी प्रसाद इंटर कालेज खरेला में किया जागरूक

अमृत विचार। नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन लखनऊ द्वारा संचालित प्रोजेक्ट के अंतर्गत आशा ग्रामोथान संस्थान महोबा द्वारा शनिवार को काशी प्रसाद इंटर कॉलेज खरेला में एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

गोष्ठी में पीडीटीआईपी राजेंद्र सिंह ने एचआईवी एड्स से बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि एंटी-रेट्रोवायरल रेजीम (एआरवी) का सख्ती के साथ पालन करने से काफी हद तक एड्स रोग का बढ़ना कम हो जाता है और अतिरिक्त संक्रमण और जटिलताओं की भी रोकथाम होती है। कहा कि लीन प्रोटीन आपकी मांसपेशियों को सहारा देता है और दाल, अंडे, नट्स, बीन्स और पोल्ट्री जैसे विकल्प आपको मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाए रखने में मदद करेंगे। इस दौरान आशा संस्थान की काउंसलर परवीन, ओआरडब्ल्यू अंजना, और ओआरडब्ल्यू सोनम चौरसिया मौजूद रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूक बनाना और उनकी जिम्मेदारियों को समझने में सहायता करना था, ताकि वे समझदारी से कदम उठाकर सुरक्षित रहे।

मंदिर में भजन गातीं महिलाएं। अमृत विचार

हरितालिका व्रत रख महिलाओं ने किया रात्रि जागरण

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रख हरितालिका तीज मनाई। यह दिन महिलाओं के बहुत ही खास होता है। महापर्व हरतालिका तीज (तीजा) के अत्यंत कठोर उपवास को रख सुहागिन महिलाओं ने श्री उमंगेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवालय महोबा में महादेव और शक्ति की आराध्य देवी पार्वती की विधान पूर्वक अराधना कर अपने सुहाग और खुशहाली की कामना की। महिलाओं को मंदिर के पुजारी ने कथा सुनाई। पूजन अर्चन के बाद सभी देव विग्रहों की आरती की और व्रत की कथा का श्रवण किया साथ ही मंत्रों के साथ हवन कर भजन गाए। देर रात तक चले इस कार्यक्रम के समापन के बाद महिलाओं ने घर जाकर रात्रि जागरण भी किया।

17 तक किए जा सकेंगे मुफ्त विद्युत योजना के आवेदन

महोबा। शासन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (विद्युत विभाग) द्वारा दिनांक एक अप्रैल से निजी नलकूप कृषकों को मुफ्त विद्युत आपूर्ति योजना के तहत निशुल्क विद्युत आपूर्ति दिए जाने का निर्णय लिया गया था जिसके तहत 31 अगस्त तक मुफ्त बिजली आपूर्ति करने की अंतिम तिथि थी, लेकिन शासन द्वारा इस तिथि को बढ़ाते हुए 17 सितम्बर तक कर दिया गया है।

अधीक्षण अभियंता आरएस गौतम ने बताया कि किश्तों में भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर कर दी गई है। बी-3 किश्तों की प्रथम किश्त का भुगतान 31 अक्टूबर 2024, द्वितीय किश्त 30 नवम्बर व तृतीय किश्त का भुगतान 31 दिसम्बर 2024 तक करना है।

घर और पंडालों में विराजे गणपति बप्पा, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। गणेश चतुर्थी पर्व आते ही शहर के अलावा समूचा जिला गणेश महोत्सव के रंग में रंग गया। मुहुर्त अनुसार जगह-जगह वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडालों और घरों में विनायक विराजे। सजाए गए पंड़लों में धूप, दीप और अगरबत्ती की सुंगध के बीच गणेशजी की आरती उतारी गई साथ ही गणपति को देशी घी से निर्मित मोदकों का भोग लगाया गया। इससे पूर्व गाजे-बाजे के साथ दुकानों से मूर्तियां लाईं गईं और शुभ मुहूर्त में स्थापना की गई। इस दौरान सारा दिन गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते रहे।

शनिवार को दोपहर बाद से ही लोग ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों में गणेश प्रतिमा रखकर गाजे-बाजे के साथ गणपति को पंडालों में विराजमान करने के लिए निकले। गणेशजी को ले जाते समय श्रद्धालु गुलाल उड़ाते और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते चल रहे थे, जिससे शहर का वातावरण भक्ति मय नजर आया। शहर के माथुरनपुरा, तमराई बाजार, पुराना बस स्टैंड, मगरिया सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भक्त गणेशजी को विराजमान करते हैं, जहां छोटे से बड़ी तमाम प्रकार की गणेश प्रतिमाओं को बिजली की आकर्षक सजावट से सजे पंडाल पर विराजमान किया गया। गणेशजी के विराजमान करते समय पूरा माहौल भक्तिमय हो गया तथा जयकारों से गूंज उठा। शाम को आरती के बाद श्रद्धालुओं को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। बच्चे व युवाओं के साथ साथ महिलाओं में गणेश उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री उमंगेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवालय के पुजारी शिवकिशोर पांडेय बताते हैं कि गणेश उत्सव भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर अनंत चतुर्दशी तक चलता है। 10 दिन तक चलने वाला यह उत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाता है। गणपति महोत्सव शनिवार को मूर्तियों की स्थापना के साथ शुरू हुआ है। अगले दस दिनों तक रोजाना सुबह व शाम को आरती व प्रसाद वितरण होगा। साथ ही श्रद्धालु भक्ति से ओतप्रोत रहेंगे।

गणेश प्रतिमा ले जाते भक्त। अमृत विचार

- गाजे-बाजे के साथ लाई गईं मूर्तियां, शुभ मुहूर्त में की स्थापना

पंडालों में हुई सजावट

- जिले में विभिन्न समितियों ने गणपति की एक से बढ़कर एक मूर्तियां रखी है। अपने पंडाल में गणपति की सुंदर व अलग मूर्तियां रखने के लिए समिति के सदस्यों ने एक माह पहले से ही मूर्तियों की बुकिंग कर ली थी। यहां किसी समिति में मुशक में विराजमान गणपति तो किसी ने डमरू में बैठे गणेशजी की मूर्ति रखी है। कमल पर विराजित, त्रिशूल धारी गणपति, आराम मुद्रा में गणपति, रिद्धि-सद्धि के साथ गणपति, खड़े गणपति व हाथ में लड्डू लेकर बैठे गणपति की आकर्षक मूर्तियां भी पंडालों में देखी जा सकती हैं। वहीं गणेश पंडालों को भी भव्य और सुंदर बनाने के लिए समिति द्वारा टेंट लगाए गए और रंग बिरंगी सजावट और लाइटे लाकर पंडाल में चार चाद लगाए गए हैं।

3 माह बाद सही हुआ खराब हैंडपंप

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। शहर के तहसील से पुराने बस स्टाप रोड पर स्थित हैंडपंप तीन माह बाद शनिवार को सही हुआ। इससे राहगीरों के साथ ही स्थानीय दुकानदारों ने राहत की सांस ली। कईबार शिकायत के बाद विभाग अधिकारियों ने इसकी सुध ली है।

शहर में जहां एक तरफ पाइप लाइन द्वारा की जाने वाली जलापूर्ति व्यवस्था गड़बड़ चल रही है, वहीं शहर के अधिकांश हैंडपंप रीबोर की कगार पर पहुंच गए है या फिर कुछेक ये गंदा पानी आ रहा है तो वहीं कुछ हैंडपंपों ने पानी देना ही बंद कर दिया। जो हैंडपंप पानी दे रहे हैं उनके पाइप गल जाने के कारण काफी देर तक हैंडपंप का डंडा ऊपर नीचे करने पर थोड़ा बहुत पानी लोगों मयस्स हो रहा है। कुछ यही हाल शहर के तहसील रोड के पशु बाजार के समीप लगे हैंडपंप का था, जिसे काफी देर तक चलाने के बाद थोड़ा बहुत पानी आता था और वह भी गंदा, जिससे यहां के दुकानदार और निवास करने वाले लोगों को पानी के लिए खासा परेशान होना पड़ता है। यहां के लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब नल सप्लाई बाधित हो जाती है और हैंडपंप को काफी देर तक चलाने के बाद गंदा पानी निकलता है, जिससे यहां के लोगों को नहाने से लेकर खाना बनाने व अन्य कार्य के लिएमिनरल वाटर खरीद कर काम चलाना पड़ता है। दुकानदार जानू, राहत रजा, हलीम, अजय, छुट्टन, हरिश्चंद्र, लाला आदि का कहना है कि पिछले तीन माह पहले हैंडपंप खराब होने पर विभागीय कर्मचारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद तमाम बार तहरीर देकर खराब हैंडपंप दुरुस्त कराए जाने की गुहार लगाई गई, लेकिन हैंडपंप सही हुई, जिस पर उपरोक्त लोगों ने तहसील दिवस पर तहरीर दी गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारी हैंडपंप शुक्रवार को मौके पर पहुंचे और हैंडपंप सही करने में जुट गए और शाम तक हैंडपंप सुधारने के बाद सही कर सके। कर्मचारियों ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर हैंडपंप दुरुस्त करने के लिए टीम पहुंची, लेकिन हैंडपंप के पाइप पानी के कारण खराब हो जाने के कारण गंदा पानी आ रहा था।

खराब हैंडपंप को दुरुस्त करते कर्मचारी। अमृत विचार

- दुकानदार और मोहल्लेवासी हो रहे थे परेशान

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी बाजरा की खरीद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत कृषकों से ज्वार, बाजरा व धान खरीदा जाएगा। एक अक्टूबर से 31 दिसंबर ज्वार, बाजरा व 1 नवंबर से 29 फरवरी तक धान की खरीद होगी।

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) जिला खरीद अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि कृषकों को खाद्य विभाग के पोर्टल www.fes.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। ज्वार का न्यूनतम समर्थन मूल्य (हाइब्रिड) 3371 रुपये प्रति क्विंटल एवं ज्वार (मालदांडी) 3421 रुपये प्रति क्विंटल एवं बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2625 रुपये क्विंटल तथा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य धान (सामान्य) 2300 प्रति रुपये क्विंटल, (कामन) का 2320 रुपये, प्रति क्विंटल (ग्रेड ए) प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

किसान ऑनलाइन पंजीयन स्वयं मोबाइल के माध्यम से अथवा जन सुविधा केन्द्र / साइबर कैफे के माध्यम से करें। कृषकों का पंजीकरण उनके आधार संख्या तथा पंजीकरण के समय कृषक द्वारा दर्ज मोबाइल नंबर पर प्रेषित ओटीपी के आधार पर किया जाना है। जिसके लिए कृषक पंजीकरण के समय अपना वर्तमान मोबाइल नंबर ही अंकित कराएं। ताकि एसएमएस द्वारा प्रेषित ओटीपी को भरकर पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्ण कर सके। पंजीकरण के समय आधार कार्ड में दिए गए मोबाइल व बैंक खाते में दर्ज नंबर एक होने चाहिए। क्योंकि भुगतान शत प्रतिशत आधार बेस्ड व आधार लिंक बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से किया जाना है। आधार व बैंक खाता व मोबाइल नम्बर व कृषक के नाम, उपनाम दोनों की स्पेलिंग व मात्राओं में कोई भिन्नता न हो।

- 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक ज्वार, बाजरा की खरीद
- 1 नवंबर से 29 फरवरी तक धान खरीदा जाएगा

उर्स का समापन, चादर जुलूस निकाला

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। हजरत शेख मखदूम शाह रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स शनिवार को कुल की फातिहा के साथ सपन्न हुआ। दो दिन चले संदल व उर्स मुबारक में अकीदतमंदों ने चादर जूलूस निकालकर मजार पर चादरपोशी की और फातिहा के बाद लोगों में आपसी भाईचारा और मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। उर्स मुबारक पर मजार परिसर में कव्वाली के साथ साथ नातिया कलाम और तकरीर की भी महफिल सजाई गई।

शहर के मोहल्ला शेखनपुरा स्थित हजरत मखदूम शाह की दरगाह का सालाना उर्स के मौके पर शुक्रवार की रात साढ़े नौ बजे मोहल्ला कत्तीपुरा निवासी हसीब लम्बरदार के अलावा अन्य लोगों ने चादर जुलूस निकाला, जो ऊदल चौक, सुभाष चौक होते हुए मजार-ए-अकदस पर पहुंचा। जुलूस दौरान लोग सिर पर बड़ी बडी थाली में चादर रखकर चल रहे थे, तो वहीं अकीदतमंदों की भीड़ खामोशी के साथ जुलूस में शामिल हुई। चादर जुलूस के मजार पर पहुंचे ही आतीशबाजी का बेहतरीन नराजा पेश किया गया और इसके बाद मजार पर चादर के बाद संदल शरीफ का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने शामिल होकर दुआएं मांगी।

उर्स के मौके पर एहसान निजामी ने सूफियाना कव्वालियों से लोगों को देर रात तक बांधे रखा। कव्वाली सुन लोग झूम उठे और कव्वाल से मुसाफा करते हुए उन्हें नजराना भी पेश किया।

मजार के मुतबल्ली हाफिज हनीफ साहब के घर से भी चादर उठाई गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मजार में संदल शरीफ की रस्म अदायेगी के बाद संदल को आम जायरीन के लिए तकसीम किया गया।



कुल की फातिहा में मौजूद अकीदतमंद। अमृत विचार

सफाई कर्मचारी का पेरोल बनाने से सचिव नाराज

जैतपुर महोबा

अमृत विचार। ग्राम पंचायत महेवा में सफाई कर्मी की तैनाती न होने के बाद भी ग्राम प्रधान द्वारा सफाई कर्मी का पैरोल अपने हस्ताक्षर करके जिले में भेज दिया है। जिससे बिना काम के ही उसका भुगतान होने की संभावना से सचिव नाराज हो गए तथा सचिव ने ग्राम प्रधान को खरी-खोटी सुनाई। विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत महेवा में नए सफाई कर्मी जगभान की नियुक्ति हो गई है, लेकिन ग्राम में न जाने के बाद भी ग्राम प्रधान कट्टू के पति सत्यदीन ने उसका पैरोल बनाकर जिले में भेज दिया है। जिससे बिना काम के ही वेतन भुगतान की संभावना बन जाने से नाराज सचिव दयाशंकर ने ग्राम प्रधान पति को जमकर खरी खोटी सुनाई और हियादत देते हुए कहा बिना उनके सूचना के ही सफाई कर्मी का बिना काम के ही अपने हस्ताक्षर से पैरोल बना दिया है यह गंभीर अनिमितता है, इसकी अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

साफ-सफाई के अभाव में गंदी पड़ी गांव की सड़क।

अव्यवस्था सवारी वाहन से ले जाते हैं सरिये और एंगल, पीछे लाल कपड़ा तक नहीं बांधते

नियम ताक पर, हादसे को दे रहे आमंत्रण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शहर में ईरिक्शा, आटो और टेंपो जैसे सवारी गाड़ी पर लोहे के लम्बे-लम्बे एंगल और सरिए ढोने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सवारी वाहनों में लदे लोहे के एंगल व सरिया किसी भी समय दुर्घटना करवा सकते हैं। क्योंकि इनमें लाल कपड़ा तक नहीं बांधा जाता, जिससे लोगों को यह दूर से दिखाई दें।

एक दशक पहले चार पहिया ठेलिया में सरिए लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजे जाते थे। ठेलिया चालक धीमी गति से ठेलिया ठेल कर ले जाता था, जिससे कभी कभार किसी व्यक्ति को सरिया हल्का फुलका टच होने पर भी थोड़ी बहुत चोट आती थी, लेकिन अब ईरिशा और डग्गा आटो में सरिए लादकर तीस से चालीस की स्पीड से ले जाए जाते हैं, जिससे सामने आने वाले या वाहन के पीछे चलने वाले बाइक सवार ईरिक्शा, आपे चालक के ब्रेक लगाने पर कभी भी भिड़ सकते हैं, इससे दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

गौरतलब है कि ज्यादातर लोडर व ईरिक्शा के रजिस्ट्रेशन तक नहीं हैं और वह धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं सवारी गाड़ी पर सरिया व अन्य बड़ा सामान ढोने की मनाही के बाद भी ईरिक्शा चालकों ने ईरिक्शों को सवारी गाड़ी की बजाय लोडर समझकर सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। साथ ही यह लोग सरिया और लोहे के एंगल में लाल कपड़ा तक नहीं बांधते जिससे दूर से दिखने वाला लाल कपड़ा पीछे चलने वाले को खतरे का संकेत दे दे और लोग दुर्घटना से बच सकें।

लोहे के सरिए लादे खड़ा ई-रिक्शा। अमृत विचार

विश्वास से ही पैदा होता है प्रेम : धीरेन्द्र आचार्य

संवाददाता, राठ

अमृत विचार। कस्बे के जलविहार मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के तहत रविवार को रामकथा की शुरुआत हुई। चित्रकूट से आए हनुमत द्वार के पीठाश्वर रामानन्दाचार्य धीरेन्द्र आचार्य महाराज ने पहले दिन कहा कि मानस में लिखा है कि किसी से प्रेम स्थापित करना हो तो सर्वप्रथम उसके बारे में जानना आवश्यक है। क्योंकि जब तक सामने वाले पर आपको विश्वास नहीं होगा तब तक प्रेम नहीं होता। तुलसीदासजी ने मानस में लिखा है कि जाने बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती... जब तक जानेंगे नहीं तब तक परतीति यानी विश्वास नहीं होगा और जब तक विश्वास नहीं होगा प्रेम होने वाला नहीं है।

वेदों में लिखा है कि मानस की कथा चार स्थानों पर सुनाई गयी है। सबसे प्रथम स्थान है काशी का अस्सी घाट, तो आप लोग जानते होंगे, ये वही मोक्ष दायिनी काशी है जो प्रभु शिव के त्रिशूल पर स्थित नगरी है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष केजी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, अपर जिलाधिकारी नागेंद्र, नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राजेश कुमार, रमेश सर्राफ, रविन्द्र अग्रवाल, मनोज सोनी, राकेश मिश्रा, काशी प्रसाद गुप्ता, कैलाश चन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

लूट व हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

संवाददाता, उरई

- 25 वर्ष बाद आया फैसला, 70 हजार रुपये का लगाया जुर्माना
- दोस्तों ने ही लूटपाट कर की थी हत्या, एक दोषी को पहले हो चुकी है उम्रकैद

अमृत विचार। स्पेशल न्यायालय डकैती कोर्ट में करीब 25 वर्ष चले ट्रायल के बाद एक दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायाधीश ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया। साथ ही 70 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में एक दोषी को पहले ही उम्रकैद हो चुकी है।

अपर शासकीय अधिवक्ता महेंद्र विक्रम ने बताया कि कोंच कोतवाली क्षेत्र में एट-कोंच रोड स्थित ग्राम अंडा के पास 26 मार्च 1999 को मुश्ताक, सलीम और अयोध्या प्रसाद कोंच जा रहे थे। तभी अयोध्या प्रसाद और सलीम ने अपने ही साथी मुश्ताक के ऊपर हथौड़े से हमला करते हुए पीट-पीटकर घायल कर दिया था। साथ ही उसकी घड़ी, बाइक, जंजीर व दो हजार रुपये लूट लिए थे। मुश्ताक को घायल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया था। जहां पर हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रेफर कर दिया गया था।

जहां मुश्ताक को मृत घोषित किया गया था। 27 मार्च को अज्ञात लोगों के खिलाफ मृतक के भाई ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। विवेचना के बाद इसमें मृतक के साथी अयोध्या प्रसाद, सलीम उर्फ डब्लू और सलीम ड्राइवर का नाम सामने आया था। पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस द्वारा सभी लोगों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से 12 गवाह पेश किए गए। जिसमें 16 जनवरी 2012 को एक अभियुक्त अयोध्या प्रसाद दोषी सिद्ध हुआ और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जबकि इस मामले में एक अन्य अभियुक्त सलीम ड्राइवर को दोष मुक्त कर दिया गया था। वहीं एक अभियुक्त सलीम उर्फ डब्लू ने 313 के बयानों के समय अपने आपको नाबालिग बताया था। जिसकी पत्रावली पेश की गई थी, जो वाद सुनवाई के दौरान निरस्त कर दिया गया। इस मामले में अभियुक्त सलीम की निशानदेही पर मृतक की घड़ी व हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद हुआ था। शनिवार को इस मामले में सुनवाई पूरी हुई। जिसमें सलीम उर्फ डब्लू को साक्ष्य और गवाहों के आधार पर स्पेशल न्यायालय डकैती कोर्ट के न्यायाधीश डॉक्टर अवनीश कुमार ने बालिग साबित होने पर दोषी सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं 70 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बेटियों को बनाएं स्वावलंबी

जालौन। नगर के आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज में माता-बेटी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं की शिक्षा और उन्हें स्वावलंबी व निर्भीक बनाने पर बल दिया गया।

आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज में माता पुत्री संगोष्ठी का आयोजन विद्या भारती कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र के मुख्य आतिथ्य एवं नैना साहनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई। बालिका शिक्षा प्रमुख अर्चना अवस्थी ने उदबोधन में बालिका शिक्षा की आवश्यकता, उद्देश्य एवं सार्थकता के बारे में बताया। प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

महिला अधिवक्ता की हत्या पर रोष

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। कालपी के सिविल बार एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार को सौंप कर कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि 48 घंटें में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो आंदोलन करेंगे। महिला अधिवक्ता के आश्रित व्यक्ति को सरकारी नौकरी व 1 करोड़ मुआवजा दिलवाने की मांग की। इस मौके पर प्रमुख रूप से बार संघ अध्यक्ष गयादीन अहिरवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि नारायण शुक्ला, महासचिव श्रवण कुमार निगम, कनिष्क उपाध्यक्ष संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

वकीलों ने किया प्रदर्शन

जालौन। बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन व मुंसिफ कोर्ट, नवीन बार एसोसिएशन तहसील के अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कासगंज में हुई महिला वकील की हत्या के दोषियों की 48 घंटे में गिरफ्तार की मांग की। इस दौरान बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार लिटोरिया व नवीन बार एसोसिएशन तहसील के अध्यक्ष उदयभान सिंह सेंगर के नेतृत्व में अधिवक्ता ओंकार दीक्षित, उमेश दीक्षित, मनोज गुप्ता, नौशाद खान, अमित श्रीवास्तव, नौशाद खान, श्याम बाबू, विजयकृष्ण सक्सेना, मुलायम सिंह यादव, हर्षित राय, जंगबहादुर सिंह सेंगर, राघवेंद्र मोहन चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

आज 9 घंटे बंद रहेगी बिजली

कालपी। विद्युत सब स्टेशन में मेंटिनेश कार्यों के कारण रविवार को कालपी नगर की बिजली दिनभर गुल रहेगी, शाम 6 बजे के बाद विद्युत आपूर्ति शुरू होगी। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि विद्युत सब स्टेशन कालपी में 10-10 एमबीए के दो ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोनों हैवी ट्रांसफार्मरों के वैक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाए जाने का काम रविवार को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। जिस कारण सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी।

विज्ञान मेले में दिखा हुनर

कालपी। संकुल स्तरीय विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर कोंच में आयोजित हुआ। जिसमें विद्या मदिर इंटर कालेज कालपी के 12 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्र सिद्धान्त प्रजापति ने सोलर ट्रैकर पर नवाचारित प्रयोग में प्रथम स्थान व अर्पित राठौर व प्रशान्त चौहान ने संवेदक पर आधारित प्रयोग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सफल छात्रों को विद्यालय के प्रबंधक हरभूषण सिंह चौहान तथा शिक्षाविदों के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में मूर्तिकला में छात्र तनिष्क निषाद प्रथम रहे। वैदिक गणित में आदित्य कोष्टा, आशीष मिश्रा, शतरुध्न राजपूत, नीरज यादव, पारस गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे।

शिकायतों के निस्तारण में बरती लापरवाही तो होगी कड़ी कार्रवाई

मंडला आयुक्त झांसी मंडल व पुलिस उप महानिरीक्षक ने कोंच तहसील में सुनीं फरियादें

संवाददाता उरई

अमृत विचार। मंडलायुक्त झांसी मण्डल विमल दुबे व पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने कोंच तहसील के विकास खण्ड सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याएं सुनी। उनके समक्ष कुल 42 शिकायती पत्र इाए। जिसमें से राजस्व के 10, पुलिस के 06, विकास के 04, विद्युत के 06 और 16 अन्य विभागों से सम्बंधित थे। मौके पर कुल 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी व बिना पक्षपात के निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मंडलायुक्त ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। जिससे फरियादियों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि आज जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं उन शिकायतों के निस्तारण के लिए एक जांच कमेटी गठित की जाए। साथ ही गंभीरता से मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण किया जाए। जिससे फरियादियों को अपनी समस्या का निदान मिल सके।

शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भूमि से सम्बंधित मामलों में राजस्व की टीम व पुलिस की टीम आपस में समन्वय स्थापित कर शिकायतों का निस्तारण करे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह, क्षेत्राधिकारी कोंच अर्चना सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र गुप्ता, नायाब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

28 शिकायतें आईं, 3 का मौके पर निस्तारण

कालपी। क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों द्वारा 28 शिकायतें प्रस्तुत की गईं। मौके पर 3 मामलों का निपटारा हुआ। समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक राम भुवन सिंह, पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार राजपूत, खंड विकास अधिकारी कदौरा प्रतिभा शिल्प, खंड विकास अधिकारी महेवा संदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

माइनर ओवरफ्लो होने से खेतों में भरा पानी

जालौन। तरसौर रजबहा के ओवर फ्लो होने के कारण माइनर के दोनों ओर के खेतों में पानी भर गया है। पानी भरने के कारण लगभग 100 बीघा में खेतों में खड़ी तिल की फसल खराब हो गई है। किसानों ने समस्या का समाधन कराने एवं मुआवजे की मांग जिलाधिकारी से की है।

कैंथवा करतलापुर से निकला तरसौर रजबहा इस समय ओवर फ्लो होकर चल रहा है। ओवर फ्लो के कारण माइनर की पटरी को पार करके पानी दोनों ओर के खेत में भर रहा है। माइनर का पानी खेतों में पहुंचने के कारण आसपास के खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं। खेतों में पानी भरने के कारण खेतों में खड़ी तिल की फसल खराब हो गयी है। एक सैकड़ा बीघा से अधिक खेतों में खड़ी तिल के खराब होने के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। किसान राजेंद्र भास्कर, छोटेलाल दोहरे, पंकज भास्कर, संतोष दोहरे, जगमोहन, अजगर राजावत, कृष्णकांत अवस्थी पुत्तीलाल अवस्थी, लाखन राजावत, राजू विश्वकर्मा, जगराम सेंगर, अरविंद भास्कर पीड़ा बताई।

एसओजी ने मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी को पकड़ा

संवाददाता उरई

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर महिला के हत्यारोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस द्वारा की गई फायरिंग से उसके पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ऊसरगांव में बीते दिन 3 सितम्बर को गौशाला के पीछे एक खेत में महिला का शव नग्न हालत में बरामद हुआ था। जिसकी हत्या सिर में गहरी चोट मारकर की गई थी। महिला मानसिक रोगी थी, जो अपने पति से अलग मायके में रह रही थी। इस हत्या को लेकर उसके पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने घटना से जल्द पर्दा उठाने के लिए कालपी और आटा पुलिस के साथ एसओजी टीम को लगाया था। जांच पड़ताल में पता चला कि महिला की हत्या के बाद से गांव का एक युवक चंद्रपाल उर्फ रणविजेंद्र पाल अहिरवार फरार है, जो अक्सर महिला के इर्द गिर्द ही रहता था। शुक्रवार देर रात मुखबिर द्वारा आरोपी के घर आने की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने सरसेला रोड पर घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस से घिरता देख आरोपी ने पुलिस पार्टी पर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसकी एक गोली चंद्रपाल के पैर में लगी। जिससे वह घायल हो गया, और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से तमंचा कारतूस बाइक बरामद की है। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया आरोपी ने कबूला है कि मानसिक रोगी महिला की हत्या उसने की है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ नशा मुक्ति केंद्र

संवाददाता, उरई

अमृत विचार। राजकीय मेडिकल कालेज में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की गई हैं। इससे यहां नशे से पीड़ित व्यक्ति के इलाज में सहायता मिलेगी। प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी व प्रभारी सीएमएस प्रशांत निरंजन ने केंद्र का फीता काटकर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि जिले के मेडिकल कॉलेज में नशा मुक्ति केंद्र न होने से इससे पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। केंद्र खुलने से यहां नशा से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के साथ-साथ उनकी काउंसलिंग भी कराई जाएगी। इससे वह नशे की आदत से बाहर आ सकें और समाज में एक अच्छा नागरिक का जीवन जी सकें।

केंद्र का उद्घाटन करते प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी व प्रभारी सीएमएस प्रशांत निरंजन।

10 बेड से किया शुरू

- बताया कि फिलहाल कालेज में एक वार्ड रूम की व्यवस्था है, जिसमें 10 बेड रहेंगे। उसमें एक डॉक्टर, नर्स और स्टाफ की तैनाती रहेगी और आगे जरूरत पड़ने पर इसमें वृद्धि की जाएगी। वहीं प्रभारी सीएमएस ने बताया कि ऐसे लोग जो नशा के काफी आदि हो चुके हैं और वह नशा छोड़ना चाहते हैं लेकिन छोड़ नहीं पा रहे हैं वे लोगों आएं जिससे उनको इलाज के साथ-साथ काउंसलिंग भी दी जाएगी। कार्यक्रम में कई डॉक्टर मौजूद रहे।

2 वर्ष पुरानी घेंघा की गांठ का हुआ सफल ऑपरेशन

उरई,जालौन। राजकीय मेडिकल कालेज के ईएनटी विभाग के चिकित्सकों ने 2 वर्ष पुराने घेंघा रोग से पीड़ित महिला का सफल ऑपरेशन कर तकलीफ भरी जिंदगी से निजात दिलाई।

प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद्र त्रिवेदी के निर्देशन में ईएनटी विभाग के चिकित्सकों नें सफल ऑपरेशन किया। सोशल मीडिया प्रभारी डॉ अरुण अहिरवार ने बताया कि जनपद हमीरपुर के निवासी मीरा देवी 45 वर्षीय के गले में थायरॉयड के घेघा (गोएटर) की गांठ थी। इस गांठ को बने 2 साल बीत गए थे। उन्होंने कही बड़े अस्पतालों में भी दिखाया। फिर भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रहे आयुष्मान कार्ड से इलाज कराया गया।

गणपति बप्पा के गूंजे जयकारे

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। गणेश चतुर्थी के तहत शनिवार को श्रद्धालुओं ने धूमधाम से शुभ मुहूर्त में प्रतिमाओं की स्थापना की। लोग ढोल और गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाएं लाए और उनकी स्थापना की। इससे सारा दिन गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे।

कालपी के एक गेस्ट हाउस में गजानन का आगमन आचार्यों द्वारा कराया गया। यहां स्व. श्याम किशोर गुप्ता एवं जयंती देवी गुप्ता की स्मृति में आयोजित 7वां पांच दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हुआ। आगमन तथा आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ पूजन अर्चन कर प्रथम पूज्य गजानन की प्रतिमा स्थापित की। सिद्ध योग सत्संग मण्डल द्वारा भजन व आरती सम्पन्न हुई। पांच दिन तक चलने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसीतरह वेदव्यास कालीन गणेश मन्दिर में कार्यक्रम शुरू हुआ।

पुजारी अनिल ने बताया कि गणेश चतुर्थी के तहत विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान दीपक धवन, सन्दीप गुप्ता, डाक्टर राजेन्द्र गुप्ता, शिव कुमार कनौडिया, अरविन्द शर्मा, अनुराग सुहाने, रामदत्त मोनस, पारस पुरवार, यश गुप्ता, सफल धवन, उज्जवल गुप्ता, मंगल पाल, अंकित गुप्ता, तरुण गुप्ता, वैभव मित्तल, अरविन्द गुप्ता, लल्लू राम गुप्ता, अनिल गहोई, सौरभ गुप्ता, रत्नेश गुप्ता, रवि गुप्ता, अतुल गुप्ता, ममता धवन, सुमन गुप्ता, नीतू मिश्रा, अपेक्षा गुप्ता, स्विटी गुप्ता, सुबरा सिंह, शारदा मिश्रा, अर्चना मिश्रा आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

पंडाल में गणेश प्रतिमा को ले जाते भक्त।

- शुभ मुहूर्त में मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हुआ गणेशोत्सव

मेधावी छात्रों को टैबलेट व स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

जालौन। टॉपर्स प्वाइंट कोचिंग क्लासेज के तत्वचावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में मेधावियों को टैबलेट व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

टॉपर्स प्वाइंट कोचिंग क्लासेज द्वारा वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विशिष्ट अतिथि अशोक राठौर, धीरज बाथम, अभय सिंह राजावत, डॉ. नितिन मित्तल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक अपने शिष्य को तराशने का काम करता है।

किया जागरूक | कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत कार्यशाला

थाली में व्यंजन के साथ हों पौष्टिकता के रंग

संवाददाता, बांदा

अमृत विचार । कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह में भोजन की पौष्टिकता पर चर्चा के साथ बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में विशेषज्ञों ने अपनी राय व सुझाव दिए। भोजन में अधिक से अधिक रंगों के समावेश की बात कही। रंगों का तात्यपर्य पोषण से है यानी थाली जितनी रंगीली होगी, उसमें सजे व्यंजन उतने ही स्वादिष्ट व पौष्टिक होंगे। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक से सात सितंबर तक मनाए गए राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतिम दिन शनिवार को विश्वविद्यालय के कुपलति डा. नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस वर्ष पोषण माह का विषय 'सभी के लिए पौष्टिक आहार' रखा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एसके सिंह ने कहा कि हमें स्थानीय क्षेत्र में उपलब्ध खाद्य-पदार्थों को अपने दैनिक आहार में शामिल करना चाहिए। मानव भोजन में पोषकतत्वों को बढ़ाने के लिये हमें अधिक से अधिक मात्रा में फलों एवं सब्जियों का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में डा. प्रिया अवस्थी, डा. वंदना कुमारी, डा. दीप्ती भार्गव, डा. दीक्षा गौतम आदि उपस्थित रहे ।

कृषि विश्वविद्यालय बांदा में आयोजित प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर दिखातीं प्रतिभागी।

विजेताओं को दिए प्रमाण पत्र

- इस दौरान पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यायक डा. पूर्वी निषाद ने छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया। सभी के लिए पौष्टिक व्यजंन विषय पर प्रतियोगिता आयोजित हुई। समापन समारोह कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

कूड़ा निस्तारण प्लांट को लेकर आंदोलन शुरू

संवाददाता, झांसी

- गाड़ियों पर पत्थर चलाकर तोड़े कांच
- महिलाएं बोलीं, कचरा होने से आती है बदबू

अमृत विचार। बिजौली में स्थापित कूड़ा निस्तारण प्लांट का जोरदार विरोध हो रहा है। महिलाओं ने आंदोलन शुरू किया है। प्लांट का घेराव कर, गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इससे 6 गाड़ियों के शीशे टूट गए। आंदोलन की वजह से कचरा लदी गाड़ियां प्लांट पर नहीं पहुंच पाईं। कंपनी ने पथराव करने वाली महिलाओं के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

इधर, सपा और कांग्रेस ने भी विरोध किया है। पूर्व सांसद चंद्रपाल सिंह यादव और पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने मंडलायुक्त से मिलकर समाधान निकालने की मांग की है। बिजौली में कूड़ा प्लांट के खिलाफ दो दिन से आंदोलन चल रहा है। शुक्रवार को महिलाओं ने प्लांट को घेर लिया और कचरे की गाड़ियों को प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बाद एक-एक कर लगभग दो दर्जन गाड़ियां मेन रोड के किनारे खड़ी कर दी गईं। इन्हें दूसरे रास्ते से प्लांट पर लाने का प्रयास किया गया, लेकिन वहां भी महिलाओं ने रास्ता रोक दिया और गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इससे करीब 6 गाड़ियों के शीशे टूट गए। सूचना पर अपर नगर आयुक्त मोहम्मद कमर, एसडीएम परमानन्द समेत कई अधिकारी पहुंचे। महिलाओं का कहना है कि प्लांट में सड़ रहे कूड़े की बदबू से घरों में रहना दूभर हो गया है। मच्छर मक्खी भी पनप रहे हैं, इससे लोग बीमार हो रहे है। हम लोग चाहते हैं कि इस प्लांट को हटाया जाए। जब तक प्लांट हट नहीं जाता, हम लोग आंदोलन करेंगे।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, हत्या का आरोप

झांसी। एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने परिजनों ने पत्नी और दो ठेकेदारों पर हत्या का आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि युवक को सरिया से पीटा गया, फिर आरोपी मरणासन हाल में उसे घर के बाहर फेंककर भाग गए। आरोप लगाया कि युवक की मौत होने के बावजूद पत्नी रातभर पानी पिलाने का नाटक करती रही। पत्नी से सख्ती से पूछा गया तो उसने मारपीट के बारे में बता दिया। पुलिस पत्नी और दोनों ठेकेदारों से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के शंकरसिंह का बगीचा निवासी दीपक अहिरवार (28) घायलावस्था में घर के बाहर पड़ा था। बाद में उसकी मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई चंद्रशेखर अहिरवार का कहना है कि दीपक ठेकेदार के पास मार्बल घिसाई का काम करता था। वह ठेकेदार के मकान में ही पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। दीपक के ठेकेदार पर 4 हजार रुपये बकाया थे, वह दो दिनों से अपने पैसे मांग रहा था। शुक्रवार को दोनों के बीच तू-तू मैं-मैं हो गई। तब ठेकेदार और उसके बेटे ने दीपक के साथ मारपीट कर दी। आरोप है शुक्रवार शाम लगभग 7:30 बजे आरोपी उसे मरणासन हालत में घर के बाहर फेंककर भाग गए। आरोप है कि इसमें दीपक की पत्नी भी आरोपियों के साथ मिली थी। जानकारी होने पर घर वालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

यू.पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि.
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) CIN : U15209UP1976SGC004285
कार्यालय महाप्रबन्धक, जोन-5, बॉया तट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ-226010
दूरभाष: 0522-2307883, ई-मेल: gmzone5@gmail.com, gm_5@upprojects.org
पत्र सं0: 576/पी.सी.एल./महा.प्र./जोन-5/Tender-27 दिनांक: 04.09.2024
अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
जनपद झाँसी स्थित एम.एल.बी. मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन कार्य हेतु इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना सं0 27/GM-5/UPPCL/2024-25 दिनांक 04.09.2024 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 07.09.2024 से दिनांक 14.09.2024 के अपराह्न 15:00 बजे तक डाउनलोड/ अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की वेबसाइट www.uppprojects.org पर दिनांक 07.09.2024 से देखी जा सकती है।
महाप्रबन्धक जोन-5

एक नजर

कार से घसीटने की घटना में व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली। कनॉट प्लेस में कार से कथित तौर पर टक्कर मारने और 10 मीटर तक घसीटे जाने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बुधवार को घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया था, जिसे अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया। कार की चपेट में आने के बाद लेखराज (45) को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से 28 वर्षीय चालक शिवम दुबे का पता लगाया गया। मध्यप्रदेश के मूल निवासी दुबे ने दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर में रहने वाले दोस्त से कार ली थी और कनॉट प्लेस गया था। अपराह्न 3 .25 बजे दुबे ने कार से लेखराज को टक्कर मार दी।

विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले नौ गिरफ्तार

नोएडा (उप्र)। गौतमबुद्ध नगर के थाना सेक्टर 63 पुलिस ने विदेशों में नौकरी लगवाने और वर्क वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन पुरुष और छह महिलाएं हैं। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने सेक्टर 63 के ई-ब्लॉक में कॉल सेंटर पर छापा मारा। यहां पर लोगों को वर्क वीजा दिलाने और दुबई, सर्बिया, कनाडा में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की जा रही थी।

आंध्र प्रदेश में बाढ़, बारिश से 33 लोगों की मौत

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश में सात दिनों से जारी बारिश और बाढ़ से 33 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति लापता हैं। शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य में बाढ़ और बारिश से अब तक 33 लोगों की जान गई है, जिनमें से एनटीआर में 25, गुंटूर में सात और पलनाडु में एक की मौत हो गयी। इस आपदा में 106 बड़े और 356 छोटे सहित 462 मवेशी मारे गए। इसके अलावा 61,974 पक्षी भी मारे गए हैं।

ट्रेन की चपेट में आने से करीब 11 गायों की मौत

सोनीपत। दिल्ली से सटे सोनीपत में शनिवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 11 गायों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) अधिकारी ने बताया कि जाहरी गांव रेलवे फाटक के पास पटरी पर गायों का झुंड आ गया, तभी वहां से गुजर रही ट्रेन ने सबको चपेट में ले लिया। सूचना पर सोनीपत पुलिस, आरपीएफ, आरपीएफ और गोरक्षा दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और अवशेष को पटरी से हटाया गया।

जम्मू-कश्मीर में एक झंडा, एक संविधान और एक पीएम वाला पहला चुनाव : शाह

चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल किए जाने का गृहमंत्री ने दिया आश्वासन

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का शनिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के तहत होने वाला पहला चुनाव है। शाह ने कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) गठबंधन पर पुरानी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने और जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार में धकेलने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार आतंकवाद को फिर से सिर नहीं उठाने देगी और गुर्जर, पहाड़ी, बक्करवाल तथा दलित समेत किसी भी समुदाय के साथ अन्याय नहीं होने देगी, जिन्हें भाजपा सरकार ने आरक्षण दिया है। शाह 18 सितंबर से तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान को मजबूती देने के वास्ते जम्मू के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह।

- **गठबंधन पर पुरानी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने, आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार के प्रयास का लगाया आरोप**

गृह मंत्री ने दिल्ली रवाना होने से पहले शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की रैली में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आगामी चुनाव ऐतिहासिक हैं, क्योंकि आजादी के बाद यहां पहली बार हमारे राष्ट्र ध्वज व संविधान के तहत चुनाव हो रहे हैं, जबकि पहले दो ध्वज और दो संविधान के तहत चुनाव होते थे। हमारे पास कश्मीर से कन्याकुमारी तक केवल एक प्रधानमंत्री है और वह नरेन्द्र मोदी हैं।

नेकां-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए शाह ने आरोप लगाया कि वे एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को ऐसे वक्त में आतंकवाद की आग में धकेलने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी ला दी है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि नेकां और कांग्रेस कभी जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पाएंगी, इसे लेकर आश्वस्त रहें। शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अगली सरकार बनाने में पार्टी उम्मीदवारों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। शाह ने आधे घंटे से अधिक के भाषण की शुरुआत भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित प्रेम नाथ डोगरा और बाबा दलीप सिंह मन्हास को श्रद्धांजलि अर्पित करके की।

पॉक्सो मामले को रद करने की शिक्षक की याचिका खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने शिक्षक के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद करने से इनकार कर दिया है। उस पर आरोप है कि उसने छात्राओं के कपड़े बदलते समय वीडियो बनाया था। कोलार जिले में पिछड़े समुदायों के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय में कार्यरत आरोपी के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने हाल ही में दिए फैसले में शिक्षक के कृत्य को भयावह बताया तथा आरोपों की गंभीरता पर प्रकाश डाला। शिक्षक को दिसंबर 2023 में गिरफ्तार किया गया था, जब अधिकारियों को पता चला कि उसने छात्राओं की गुप्त रिकॉर्डिंग के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था।

प्रतिभाशाली शिक्षकों को पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नवोन्मेषी तरीकों को अपनाने वाले प्रतिभाशाली शिक्षकों को पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि वे युवा छात्रों को विकसित भारत के लिए तैयार कर सकते हैं। यह बातचीत शुक्रवार को हुई थी जबकि इसका वीडियो शनिवार को साझा किया गया।

मोदी ने कहा कि शिक्षक चाहें तो शिक्षा पर्यटन के तहत छात्रों को उन स्थानों के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं, जहां वे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करके शिक्षक देश के शीर्ष 100 पर्यटन स्थलों का चयन करने में छात्रों की मदद ले सकते हैं। मोदी ने कहा कि सम्मानित किए गए शिक्षकों का चयन लंबी प्रक्रिया के बाद किया गया क्योंकि उनके प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उपयोगी हो सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे अपने छात्रों को पास के विश्वविद्यालयों में ले जाकर खेल प्रतियोगिताएं दिखाएं क्योंकि यह अनुभव उनके सपनों को साकार करने में मदद कर सकता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस पुरस्कार के लिए देशभर से 82 शिक्षकों का चयन किया गया। बयान के अनुसार इनमें स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के 50, उच्च शिक्षा विभाग के 16 और केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षक शामिल हैं।

- **राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री ने की बातचीत**

सीबीआई का दावा- आपराधिक गिरोह चला रहा था घोष

कोलकाता,एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के गिरफ्तार पूर्व प्राचार्य संदीप घोष अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर अनुचित लाभ के लिए आपराधिक गिरोह चला रहे थे। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी सीबीआई जांच के शुरुआती निष्कर्षों में यह बात सामने आई है।

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस सप्ताह की शुरुआत में विशेष अदालत के समक्ष भी सुनवाई के दौरान अपने ये निष्कर्ष पेश किए थे। सीबीआई ने घोष, उनके सुरक्षा गार्ड और दो वेंडर को वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था। आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर से हुई दरिंदगी के बाद देश भर में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए थे। अधिकारी ने कहा कि दोनों वेंडर घोष को तब से जानते थे, जब वह मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में थे। घोष के साथ निकटता के कारण उन्हें आरजी कर अस्पताल के ठेके दिए थे। घोष 2016 से 2018 के बीच मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तैनात थे।

- **आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य का अनुचित लाभ के लिए सह-आरोपियों से था गठजोड़**

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी के साथ बीएसएफ के डीजी ने की बैठक

श्रीनगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नवनियुक्त प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने केंद्र शासित प्रदेश में घुसपैठ रोधी उपायों पर चर्चा करने के लिए श्रीनगर में बैठक की। जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन और अन्य शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष डीजी और डीजीपी नलिन प्रभात भी मौजूद थे। प्रवक्ता ने कहा कि बातचीत के दौरान अधिकारियों ने सीमा और अंदरूनी इलाकों में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित किया और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घुसपैठ रोधी उपायों पर जोर दिया।

- **चुनौतियों से निपटने में खुफिया जानकारी और बीएसएफ-पुलिस के बीच सहयोग के महत्व पर डाला प्रकाश**

भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए थी बूस्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा पार्टी के लिए एक बड़ी बूस्टर खुराक थी और इसने देश की राजनीति में बदलाव की शुरुआत की। रमेश ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए।

राहुल गांधी के नेतृत्व में 200 से अधिक भारत यात्रियों ने 145 दिनों में 12 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 4,000 किलोमीटर यात्रा की, जिनमें अधिकांश पैदल यात्री थे। इस यात्रा से अभूतपूर्व संपर्क और सामूहिकता की भावना पैदा हुई और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए एक बड़ी बूस्टर खुराक थी। इसने हमारे देश की राजनीति में भी बदलाव की शुरुआत की। रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता ने जनवरी-मार्च 2024 के दौरान मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया।

बच्चे से छेड़छाड़ में उप्र का व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने आठ वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकार ने बताया कि यह घटना 19 अगस्त को कल्याण के नांदिवली गांव में घटी और पीड़िता के परिजनों ने 48 वर्षीय आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी रमेश मुरलीधर यादव है।

बैंक धोखाधड़ी : गौतम थापर की 78 करोड़ की जमीन कुर्क

नई दिल्ली। येस बैंक में 466 करोड़ से अधिक की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच के तहत व्यवसायी गौतम थापर के स्वामित्व वाली कंपनी की 78 करोड़ से अधिक मूल्य की जमीन कुर्क की गई है। ईडी ने शनिवार को बताया कि हरियाणा के गुरुग्राम जिले में 52.11 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। यह जांच ऑयस्टर बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड (ओबीपीएल) से संबंधित है, जिसमें इसके मालिक गौतम थापर लाभान्वित हुए हैं। ईडी द्वारा दर्ज मामला थापर, ओबीपीएल और व्यवसायी की अन्य कंपनी अवंता रियल्टी लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। आरोप है कि उन्होंने 2017 और 2019 के बीच धन की हेराफेरी की और येस बैंक को 466.51 करोड़ का नुकसान पहुंचाया।

नोएडा में बारिश से घर की छत गिरी, सात दबे

नोएडा (उप्र)। नोयडा के छोलस गांव में शनिवार को बारिश से घर की छत गिरने से सात लोग मलबे में दब गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक सिंह ने बताया कि छोलस गांव के सैफ अली के घर की छत बारिश से शनिवार को गिर गई। छत गिरने से सैफ अली, शकीला, अली खान, सोहन, शाहिद, शान और तैमूर मलबे में दब गए। उन्हें मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर चार की हालत गंभीर बनी हुई है।

राज्यसभा में छह नामांकित सदस्यों के साथ राजग के पास मामूली बहुमत

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास छह नामांकित सदस्यों के समर्थन के साथ राज्यसभा में मामूली बहुमत है, जिससे पार्टी को वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे विधेयकों को पारित कराने में मदद मिल सकती है। हाल में हुए राज्यसभा उपचुनाव के बाद संसद के ऊपरी सदन में सदस्यों की संख्या 234 हो गई है, जिसमें भाजपा के 96 सदस्य हैं।

राजग के सदस्यों की संख्या 113 है। सरकार के पक्ष में वोट डालने वाले छह नामांकित सदस्यों के साथ राजग की संख्या 119 हो गई है, जो बहुमत के मौजूदा आंकड़े 117 से दो अधिक है। ऊपरी सदन में कांग्रेस के 27 और उसके सहयोगी दलों के 58 सदस्य हैं, जिससे राज्यसभा में विपक्षी गठबंधन के कुल सदस्यों की संख्या 85 है। राज्यसभा में सदस्यों की बड़ी संख्या वाली अन्य पार्टियों में वाईएसआर कांग्रेस के पास नौ और बीजू जनता दल (बीजद) के पास सात सदस्य हैं। अन्नाद्रमुक के पास चार तीन निर्दलीय और अन्य सांसद उन छोटे दलों के हैं, जो कांग्रेस या भाजपा किसी के गठबंधन में नहीं हैं। ऊपरी सदन में जम्मू-कश्मीर की चार सीट रिक्त हैं, क्योंकि केंद्र-शासित प्रदेश को अभी तक अपनी पहली विधानसभा नहीं मिली है। सदन में 11 सीट रिक्त हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर की 4, आंध्र प्रदेश की 4, 4 नामांकित सदस्य और ओडिशा की एक सीट शामिल है।

- **गठबंधन को वक्फ (संशोधन) जैसे प्रमुख विधेयकों को पारित कराने में मिल सकती है मदद**

ट्रक से टकराया एसयूवी चार लोगों की मौत

विदिशा। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में शनिवार तड़के एक एसयूवी के ट्रक से टकराने से उसमें सवार राजस्थान के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना लातेरी थाना क्षेत्र में ब्यावरा-बीना राजमार्ग पर तड़के चार बजे हुई। राजस्थान के झालावाड़ से सात महिलाओं समेत 10 लोगों का समूह तीर्थयात्रा से लौट रहा था, तभी उनकी एसयूवी ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई।

कारोबार/कृषि

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21. 2725-2750 गेहूंफ़ारम 2850-2900 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400-2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300-7400 अरहर 8500-9000 मसूर 5500-5600 मटर 3600-3700 उड़दहरा 11500-12000 उड़दकाला 7500-8500 मूंग 7500-8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 9000-9100 मटरदाल 4575-4675 मसूरमलका 7150-7200 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500-9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5500-5600 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना षिवपुरी 9200- 11200 बटाली 8600-10500 सेहुआं 4000 - 4500 तेल सरसों कोल्हू 13100-13200 अलसी 10500-10600 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1580-1596 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5100-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1605-1606 मयूर 1605-1606 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलड्डू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4100-4160

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	83900
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73325
गिन्नी (प्रति नग)	54650-54850

कृषि कच्चे माल में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना जरूरी : इनोशी

फसलों, फलों और मसालों में एमआरएल लागू करना चुनौती

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शनिवार को कहा कि खाद्य उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कृषि कच्चे माल में रासायनिक संदूषण को नियंत्रित करना आवश्यक है। एफएसएसएआई की कार्यकारी निदेशक इनोशी शर्मा ने कहा कि फसलों, फलों और मसालों में अधिकतम अवशेष स्तर (एमआरएल) लागू करना चुनौती है।

भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में उन्होंने नियमित ऑडिट और खेतों में गैर-अनुपालन वाली उपज को नकारने पर जोर दिया। शर्मा ने अत्यधिक कीटनाशकों के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के महत्व पर भी जोर दिया, जिससे कच्चे माल में संदूषण होता है। उन्होंने इसको हल करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समिति बनाने की योजना की घोषणा की। शर्मा ने सटीक लेबलिंग की जरूरत और खाद्य व्यापार संगठनों (एफबीओ) द्वारा भ्रामक दावों से बचने पर जोर दिया। उन्होंने एफबीओ के बीच स्व-अनुपालन की संस्कृति की वकालत की और सुझाव दिया कि वे मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणित तीसरे पक्ष को नियुक्त करें। भारत चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश पचीसिया ने बताया कि फसल उत्पादन के दौरान इस्तेमाल किए रासायनिक अवशेषों का पता लगने पर अक्सर खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं पर जुर्माना लगाया जाता है और कई मामलों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की निर्यात खेप को रद कर दिया जाता है। उन्होंने कृषि-बागवानी और कटाई के बाद की प्रक्रियाओं में प्रयुक्त रसायनों के संबंध में जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने का आह्वान किया।

- **एफएसएसएआई की कार्यकारी निदेशक बोलीं- विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधियों को लेकर समिति बनाने की योजना**

एमआरएल क्या है.....

एमआरएल का मतलब मैक्सिमम रिज़ीडुअल लेवल है। यह विशेष रूप से कृषि, खाद्य और चिकित्सा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण होता है।

कृषि और खाद्य पदार्थों में : एमआरएल एक तय सीमा है जो यह दर्शाती है कि किसी विशेष कीटनाशक, हर्बीसाइड, या अन्य रसायन की खाद्य पदार्थों में कितनी मात्रा सुरक्षित मानी जाती है। यह सीमा यह सुनिश्चित करती है कि उपभोक्ताओं के लिए खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और इसमें मौजूद रसायन की मात्रा निर्धारित मानकों के भीतर है।

डीएसटी निधि योजना की मदद से 1,200 से उत्पाद बाजार में आए

नई दिल्ली। ज्ञान आधारित और प्रौद्योगिकी संचालित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकारी पहल डीएसटी निधि योजना की मदद से 1,200 से अधिक उत्पादों और प्रोटोटाइप का विकास किया गया है और 233 पेटेंट हुए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने नवाचारों के विकास और राष्ट्रीय पहल के तहत 1,074 उद्यमियों को सहायता दी, जिन्होंने 571 कंपनियां स्थापित कीं और 3,693 नौकरियां दीं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी सचिव अभय करंदीकर की जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

कौशल विकास मंत्रालय ने स्विगी के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और ऑनलाइन मंच स्विगी ने शनिवार को साझेदारी करने की घोषणा की। इसके तहत स्विगी के खाद्य वितरण और वाणिज्य नेटवर्क के तहत कौशल और रोजगार देने के लिए पहल शुरू की जाएगी। इस साझेदारी से स्विगी से जुड़े 2.4 लाख डिलीवरी साझेदार और रेस्तरां साझेदार के कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इससे रेस्तरां संचालन और खुदरा प्रबंधन से जुड़े लोगों को रोजगार, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे।

जीएसटी : एक संपूर्ण कर प्रणाली

जीएसटी (माल एवं सेवा कर) देश में लागू अप्रत्यक्ष कर है जो वस्तुओं और सेवाओं पर एक समान कर लगाने की प्रणाली को स्थापित करता है। 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था, इसका उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और एकीकृत कर बाजार बनाना है। यह कर केंद्र और राज्यों को समान रूप से राजस्व देता है और वस्त्रों व सेवाओं पर अलग-अलग दरों के साथ लागू होता है। इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा से व्यवसायों को कर के बोझ को कम करने में मदद मिलती है। आईए इसके बारे में जानते हैं...

जीएसटी की श्रेणियां

सीजीएसटी (केंद्रीय माल एवं सेवा कर) : यह केंद्रीय सरकार द्वारा लगाया जाता है और राज्य सरकारों के साथ साझा किया जाता है।

एसजीएसटी (राज्य माल एवं सेवा कर) : यह राज्य सरकार की ओर से लगाया जाता है।

आईजीएसटी (एकिकृत माल एवं सेवा कर) : यह अंतर-राज्यीय आपूर्ति पर लगाया जाता है और केंद्र सरकार को प्राप्त होता है।

नेट जीएसटी देय = बिक्री पर जीएसटी - इनपुट टैक्स क्रेडिट

इनवॉइस : सुनिश्चित करें कि आपके पास सही इनवॉइस है और इसे सही से रिकॉर्ड किया गया है।

रिटर्न : रिटर्न दाखिल करने के दौरान, आपको बिक्री और खरीदारी की पूरी जानकारी देनी होती है।

नेटवर्क: जीएसटीएन पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की जानकारी अपने रिटर्न में भरनी होती है।

अनिवार्य पंजीकरण: व्यवसायों को जीएसटी के तहत पंजीकरण कराना होता है अगर टर्नओवर तय राशि से अधिक है।

स्वैच्छिक पंजीकरण: यदि कोई व्यवसाय न्यूनतम सीमा से कम है, फिर भी जीएसटी के तहत पंजीकरण कर सकता है, जिससे उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ मिल सकता है।

रिटर्न फाइलिंग: जीएसटी रिटर्न नियमित दाखिल करनी होती है। इसमें बिक्री-खरीदारी और जीएसटी की गणना होती है।

जीएसटी ऑडिट: सरकार द्वारा जीएसटी अनुपालन की जाँच के लिए नियमित ऑडिट किए जा सकते हैं।

जीएसटी की गणना: इसकी गणना इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अवधारणा पर होती है। इसका मतलब है कि आपको बिक्री पर जीएसटी चुकाना होता है, आपने जो वस्तुएं या सेवाएं ली हैं, उन पर जो जीएसटी चुकाया है, उसे बिक्री के जीएसटी से घटा सकते हैं।

गणना का तरीका

इनपुट टैक्स क्रेडिट : आपने 1,00,000 रुपये की बिक्री की, उस पर 18% जीएसटी (18,000) लगा, आपने खरीदारी पर 10,000 का जीएसटी दिया, आप 10,000 को 18,000 से घटा सकते हैं।

जीएसटी की दरें

- **0% जीएसटी: अनपैक्ड खाद्य पदार्थ :** गेहूं, चावल, दालें, अनाज, फल, सब्जियां, दूध व दूध उत्पाद, सरकारी स्कूलों में शिक्षा सेवाएं।
- **5% जीएसटी : फूड पैकिंग :** अनब्रांडेड खाद्य पदार्थ, आटा, चीनी, चाय, खाद्य तेल, रेलवे, सरकारी हॉस्पिटल (विशेष परिस्थिति में)।
- **12% जीएसटी:** पैक्ड खाद्य पदार्थ, प्रोसेस्ड फूड, पैक्ड स्नैक्स, कुछ मिठाइयां, होटल के कमरों की दरें (1000 रुपये से अधिक प्रति दिन), और कुछ अन्य सेवाए, सीमेंट।
- **18% जीएसटी: प्रोसेस्ड वस्तुएं :** डिटर्जेंट, शैंपू, साबुन। ब्यूटी पार्लर सेवाएं, इनसोरेंश, लॉजिस्टिक्स और शिपिंग। फूड और पेय : कुछ पैक्ड और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ। रियल एस्टेट में निर्माणाधीन प्रॉपर्टी।
- **28% जीएसटी: लग्जरी वस्तुएं :** कार, बाइक, यॉट्स, विलासिता की वस्तुएं, महंगे कास्मेटिक्स, हाई-एंड गहने और घड़ियां, कुछ विशिष्ट सेवाएं जैसे कि कैसीनो, लक्ज़री होटल के कमरे।

वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट, 18 महीनों में सबसे खराब सप्ताह

न्यूयॉर्क। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में एक बार फिर भारी गिरावट दिखी। अमेरिकी रोजगार बाजार के बारे में बहुप्रतीक्षित अपडेट इतना कमजोर आया। ऐसे में पहले ऊंची छलांग लगाने वाले प्रौद्योगिकी शेयरों को फिर से नुकसान उठाना पड़ा। इससे अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

एसएंडपी 500 में 1.7% की गिरावट आई और यह मार्च, 2023 के बाद से इसका सबसे खराब सप्ताह रहा। ब्रॉडकॉम, एनवीडिया और प्रौद्योगिकी कंपनियों ने बाजार को गिरा दिया, क्योंकि इसकी चिंता बनी हुई थी कि एआई के इर्द-गिर्द उछाल में उनकी कीमतें बढ़ गई थीं, और उन्होंने नैस्डैक कंपोजिट को बाजार में 2.6% तक नीचे खींच लिया। सुबह की 250 अंकों की बढ़त को खत्म करने के बाद डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 410 अंक या 1% की गिरावट आई।

- **अमेरिकी रोजगार बाजार के बारे में बहुप्रतीक्षित अपडेट आया कमजोर**

एयर इंडिया का घाटा पिछले वर्ष 60% घटकर 4,444 करोड़ रहा : टाटा समूह

मुंबई, एजेंसी

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने वित्त वर्ष (2023-24) में घाटा सालाना आधार पर 60% घटाकर 4,444.10 करोड़ कर लिया है। टाटा संस की 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त 2022-23 में एयरलाइन को 11,387.96 करोड़ का घाटा हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के दौरान कारोबार 23.69% बढ़कर 38,812 करोड़ हो गया, जो 2022-23 में 31,377 करोड़ था। समूह एयरएशिया इंडिया (एईएक्स कनेक्ट) के एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय और विस्तारा के एयर इंडिया में विलय के साथ अपनी विमानन उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। एयर इंडिया ने 51,365 करोड़ की उच्चतम एकीकृत वार्षिक परिचालन आय दर्ज की है, जो 2022-23 की तुलना में 24.5% अधिक है।

टाटा पावर ने आपूर्तिकर्ताओं को 11,481 करोड़ के ठेके दिए

भुवनेश्वर। टाटा पावर के नेतृत्व वाली ओडिशा डिस्कॉम ने ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को 11,481 करोड़ के ठेके दिए हैं। अधिकारी ने कहा कि टाटा पावर और ओडिशा सरकार के बीच संयुक्त उपक्रम ने राज्य के बिजली वितरण परिचालन को हाथ में लेने के बाद से तीन वर्षों में एमएसएमई को 8,690 करोड़ रुपये और डिस्कॉम द्वारा गैर-एमएसएमई को 2,791 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए हैं।

पेरिस पैरालंपिक 2024

खेल डायरी

गोल्फ में अंशुल नौवें और जारा 10वें स्थान पर रहे

मनीला (फिलीपींस)। भारत की जारा आनंद ने एशिया पैसिफिक जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई। जारा 74-74-71 का कार्ड खेलकर संयुक्त 10वें स्थान पर रही जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी कीर्तना राजीव नायर (81-75-72) ने संयुक्त 20वां स्थान हासिल किया। लड़कों के वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अंशुल मिश्रा ने 72-74-73 का स्कोर किया और वह संयुक्त नौवें स्थान पर रहे। रणवीर मित्रू (74-75-71) ने संयुक्त 11वां स्थान हासिल किया। मिश्रित टीम के रूप में जारा और मित्रू संयुक्त दसवें जबकि मिश्रा और कीर्तना 17वें स्थान पर रहे।

चोटिल मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

लंदन। दाहिनी कोहनी में चोट के चलते इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के आगामी दौरों में नहीं खेलेंगे। वुड ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा पहले से परेशानी वाली कोहनी की नियमित जांच के दौरान मुझे यह जानकर झटका लगा कि मेरी दाहिनी कोहनी की हड्डी में कुछ तनाव है। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में मामूली कमर की चोट के बाद, मुझे और मेडिकल टीम को लगा कि यह मेरी कोहनी की जांच कराने का एक अच्छा समय है क्योंकि इसमें थोड़ी जलन थी। मैं इसे हर तेज गेंदबाज को होने वाली सामान्य चोट के बराबर रखूंगा और जिसके माध्यम से मैं खेल रहा था। मैं विशेष रूप से आश्चर्यचकित हूं क्योंकि मैं टेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं और मैंने अपनी गति बढ़ा रखी है। इस साल जुलाई में वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के दौरान वुड को अपनी कोहनी में बढ़ती परेशानी का अनुभव हुआ था। हालाँकि, उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भाग लिया और दो विकेट लिए। इसके बाद उन्हें दूसरे और तीसरे टेस्ट से अंतिम एकादश से आराम दिया गया। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरे टेस्ट में उनकी जगह ओली स्टोन को लिया गया और तीसरे टेस्ट में अनकैप्ड तेज गेंदबाज जोश हल ने पदार्पण किया।

अजमेर में छह दिवसीय खेल स्पैक्ट्रम का उद्घाटन

अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने कहा है कि अपने पेशे में व्यस्तता के कारण तनावग्रस्त रहने वाले चिकित्सकों के जीवन में खेलकूद की अहम भूमिका है, जिसके जरिए वे रिलैक्स रह सकते हैं। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डा. भीमराव आंबेडकर सभागार में रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन की ओर से छह दिवसीय खेल स्पैक्ट्रम के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि चिकित्सक रिलैक्स रहेगा तो उसके जीवन में स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ मस्तिष्क सक्रिय रहेगा, जिससे वह चिकित्सक के रूप में समाज की ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकेगा। उन्होंने कहा कि सर्व संस्कारित व्यक्ति के जीवन में अनुशासन भी आता है। समारोह के बाद पहले दिन कैरम एवं चेस खेलों का श्री देवनानी ने फीता काटकर उद्घाटन किया और शतरंज भी खेला।

निकिता ने रजत और नेहा ने जीता कांस्य

पोंटेवेद्रा (स्पेन)। भारतीय पहलवान निकिता ने यहां अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा ने 57 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया, जिससे भारत इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर पांच पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पिछले साल अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता निकिता फाइनल में यूक्रेन की पहलवान इरीना बोंदर से 1-4 से हार गईं। महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में हंगरी की गेरडा टेरेक को 10-8 से हराकर कांस्य जीता। भारत ने इस तरह से पांच पदकों (एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य) के साथ अपने अभियान का समापन किया। ज्योति बेरवाल ने 76 किलोग्राम स्पर्धा में स्वर्ण जीता था जबकि कोमल (59 किग्रा) और सृष्टि (68 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किए थे।

पोप के 154 रन, इंग्लैंड 325 रन पर सिमटी

लंदन। ओली पोप की 154 रन की शतकीय पारी के बावजूद इंग्लैंड की टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 325 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड का निचला क्रम चरमरा गया जिससे सुबह तीन विकेट पर 221 रन से खेलने उतरी टीम स्कोर में महज 104 रन ही जोड़ सकी। श्रीलंका के लिए मिलन रत्नायके ने तीन जबकि विश्व फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और धनंजय डि सिल्वा ने दो दो विकेट झटके। लंच तक श्रीलंका ने एक ओवर में एक रन बना लिया था। चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स की जगह टीम की अगुआई कर रहे पोप ने ओल्ड ट्रैफर्ड और लार्ड्स की जीत में भी टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी। पोप ने शुक्रवार को 103 रन बनाये थे और इसमें 51 रन जोड़कर आउट हो गए। विश्व फर्नांडो ने उनका विकेट झटका जिससे टीम का स्कोर आठ विकेट पर 307 रन हो गया। इंग्लैंड के खिलाड़ी लंच तक भी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके।

गुरुग्राम में निशानेबाजों के लिए नई रेंज की शुरुआत

नई दिल्ली। उच्च गुणवत्ता वाले निशानेबाजी प्रशिक्षण केंद्रों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 'टॉपगन निशानेबाजी अकादमी ने गुरुग्राम के सेक्टर 50 में एक नयी शाखा शुरू की है। इस अकादमी ने इससे पहले शहर के सेक्टर 38 में 2022 में अपनी अकादमी की शाखा शुरू की थी। उसकी सफलता से उत्साहित इस अकादमी ने नयी शाखा की शुरुआत की है। टॉपगन निशानेबाजी अकादमी पहले से ही दिल्ली, रायपुर और जयपुर में मौजूद है। अकादमी की स्थापना 2006 में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज शिमोन शरीफ ने की थी। पेरिस ओलंपिक में असाधारण प्रदर्शन सहित वैश्विक निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में भारत की लगातार सफलता के बाद भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने में अकादमी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

शरद ने पैरा एथलेटिक्स में भरी ऊंची उड़ान

ऊंची कूद टी63 में रजत पदक हासिल कर उपलब्धियों में किया इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पैरा-एथलीट शरद कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी63 में रजत पदक हासिल कर अपनी उपलब्धि में एक और इजाफा किया। एक मार्च 1992 को बिहार के मोतीपुर में जन्मे शरद को दो साल की उम्र में ही पोलियो हो गया था। उनका बचपन स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से भरा हुआ था, जिससे उन्हें ठीक करने के लिए अस्पतालों के दौरे के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुष्ठानों की आवश्यकता पड़ी।

4 साल की उम्र में, शरद को एक बोर्डिंग स्कूल में भेज दिया गया जहाँ उन्हें खेलकूद से बाहर रखा गया। ऐसी स्थिति ने उसे बहुत निराश किया। इन सीमाओं से मुक्त होने की इच्छा ने खेल, विशेषकर ऊंची कूद में उनकी रुचि जगाई। अपने बड़े भाई, जो एक स्कूल रिकॉर्ड धारक था, से प्रेरित होकर, शरद ने ऊंची कूद पर अपना ध्यान केंद्रित किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शरद कुमार के एथलेटिक करियर की उड़ान तब शुरू हुई जब उन्होंने 2009 में छठी जूनियर नेशनल पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इस शुरुआती जीत के कारण 2010 में चीन के गुआंगजौ में एशियाई पैरा खेलों में उनका अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण हुआ। इन वर्षों में, शरद ने व्यक्तिगत और शारीरिक दोनों बाधाओं को पार करते हुए अपने कौशल को निखारा। उनकी कुछ प्रमुख उपलब्धियों में पुरुषों की ऊंची कूद टी42 में टोक्यो पैरालिंपिक 2020 में कांस्य पदक, 2019 और 2017 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक और 2018 और 2014 में एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक शामिल हैं।

उन्होंने मलेशिया ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे भारत के प्रमुख पैरा-एथलीटों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई। पैरा-एथलेटिक्स में शरद कुमार की सफलता को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जरिये काफी बढ़ावा मिला है। उनके प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और विशेषज्ञ कोचिंग के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जो उनके विकास और प्रदर्शन के लिए आवश्यक है।

पदक तालिका

देश				कुल
चीन	90	67	46	203
ब्रिटेन	45	39	28	112
अमेरिका	34	39	23	96
नीदरलैंड्स	26	15	11	52
इटली	22	15	30	67
ब्राजील	21	25	35	81
यूक्रेन	19	23	31	73
फ्रांस	18	26	28	72
ऑस्ट्रेलिया	18	15	27	60
भारत	6	9	12	27



सेमा ने तय किया जंग के मैदान से कांस्य पदक तक का सफर

पेरिस, एजेंसी

वह अक्टूबर 2002 की बात है जब जम्मू कश्मीर के चौकीबल के अशांत इलाके में एक अप्रत्याशित विस्फोट ने हवलदार होकाटो होतोजे सेमा का स्पेशल फोर्स में शामिल होने का सपना तोड़ दिया। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हुए बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण उन्होंने अपने बाएं पैर के घुटने के नीचे का हिस्सा गंवा दिया, जिससे उन्हें अत्यधिक शारीरिक दर्द और मानसिक आघात पहुंचा। लोगों को लगा कि सेमा की दुनिया अंधकारमय हो गई, लेकिन इस जवान ने हिम्मत नहीं हारी। इसी का परिणाम है कि 40 वर्षीय सेमा ने पेरिस पैरालंपिक खेलों के गोला फेंक (शॉट पुट) में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 14.65 मीटर थ्रो करके पुरुषों की एफ57 श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया।

यह श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए है जिनका कोई अंग नहीं होता है या जिनकी मांसपेशियां कमजोर होती हैं। भारतीय खिलाड़ी सेमा ने खुद को इस श्रेणी के लिए तैयार किया। पुणे स्थित कृत्रिम अंग केंद्र मे सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सेमा की फिटनेस को देखकर उन्हें शॉट पुट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस तरह से उन्होंने 2016 में 32 साल की उम्र में इस खेल को अपनाया था। सेमा ने उसी वर्ष राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया। उन्होंने 2022 में मोरक्को ग्रां प्री में रजत और हांग्झोऊ एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता।

प्राची फाइनल में, यश हुए बाहर

पेरिस। भारतीय कैनो स्प्रिंटर प्राची यादव ने शनिवार को पैरालंपिक की महिलाओं की वीएल2 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। प्राची (29 वर्ष) ने दूसरे सेमीफाइनल 2 में 1:05.66 का समय निकाला। इससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली उज्बेकिस्तान की इरोडाखोन रुस्तमोवा (1:04.39) और ब्रिटेन की जीनेट चिपिंगटन (1:02.65) से पीछे रहीं। शुक्रवार को उन्होंने हीट में चौथा स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। शीर्ष स्थान पर रहने वाली कैनो स्प्रिंटर सीधे फाइनल में प्रवेश करती है। प्राची तोक्यो पैरालंपिक में महिलाओं की वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रही थीं। भारत के एकमात्र पुरुष कैनो स्प्रिंटर यश कुमार का अभियान पुरुषों की केएल1 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में पांचवें (1:02.03) स्थान पर रहने के बाद समाप्त हो गया। सेमीफाइनल में शीर्ष तीन ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। शुक्रवार को वह हीट में छठे स्थान पर रहे थे।

साइकिलिंग में हाथ लगी निराशा

पेरिस। भारत के पैरा साइकिलिस्ट अरशद शेख और ज्योति गडेरिया ने शनिवार को यहां पुरुष और महिला रोड रेस सी1-3 स्पर्धा में शीर्ष खिलाड़ियों से एक लैप से पीछे रहकर बिना किसी पदक के पेरिस पैरालंपिक में अपना अभियान खत्म किया। महिलाओं की रेस में ज्योति गडेरिया 15वें स्थान पर रहीं। जापान की कीको सुगिउरा ने स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिग्लिंग ने रजत और अमेरिका की क्लारा ब्राउन ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की रेस में अरशद शेख 28वें स्थान पर रहे। ब्रिटेन के फिनले ग्राहम ने स्वर्ण जीता जबकि फ्रांस के थॉमस पेरोटन डार्टेट और एलेक्जेंडर लेउटे ने क्रमशः रजत और कांस्य जीता। ज्योति और शेख दोनों पहले रोड टाइम ट्रायल सी2 स्पर्धा में संघर्ष करते हुए क्रमशः 16वें और 11वें स्थान पर रहे। दोनों ही फाइनल में नहीं पहुंच पाए। ज्योति सी1-3 टाइम ट्रायल और परस्यूट क्वालीफायर में 11वें और 10वें स्थान पर रहीं।

तैराकी के फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे सुयश

पेरिस। पैरा तैराक सुयश जाधव शनिवार को पैरालंपिक की पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 के फाइनल में प्रवेश करने में विफल रहे जिससे इस खेल में भारत का अभियान समाप्त हो गया। हीट 1 में प्रतिस्पर्धा करते हुए 30 वर्षीय सुयश 33.47 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे जो कुल मिलाकर 10वां स्थान था। दो हीट से शीर्ष चार तैराक फाइनल में पहुंचते हैं। जाधव एशियाई पैरा खेलों, विंटर ओपन पोलिश चैंपियनशिप और आईडब्ल्यूएएस विश्व खेलों में स्वर्ण पदक विजेता हैं। महाराष्ट्र के सोलापुर के रहने वाले जाधव जब छठी कक्षा में थे तो लोहे की छड़ से खेलते समय गलती से यह बिजली की लाइन से छू गई थी। इसके बाद उनके दोनों हाथ कोहनी के नीचे से काटने पड़े। वह लगातार तीन पैरालंपिक- रियो 2016, तोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में ए क्वालीफाइंग मार्क हासिल करने वाले पहले भारतीय पैरा तैराक बने।

अमेरिकी ओपन के फाइनल में फ्रिट्ज और सिनर

टेलर फ्रिट्ज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- महिला युगल फाइनल में झांग शुआई और क्रिस्टीना सातवीं वरीयता वाली ल्यूडमिला और जेलेना से हारीं

शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन गए, जबकि टेलर फ्रिट्ज ने पांच सेटों के कठिन मैच के बाद फाइलज में अपनी जगह बनाई। सिनर ने ब्रिटिश उभरते सितारे जैक ड्रेपर को सीधे सेटों में 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराया।

मैच के बाद उन्होने कहा यह एक बहुत ही कठिन मैच था। मैं बस मानसिक रूप से वहां रहने की कोशिश कर रहा था। ड्रेपर को हराना आसान नहीं था। यदि सिनर फाइनल जीतते हैं, तो वह एक ही सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन दोनों जीतने वाले इतिहास के चौथे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल में, 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने साथी अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो को रोमांचक मुकाबले में 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराया। इसके लिए उन्होने तीन घंटे और 18 मिनट तक संघर्ष किया और वापसी की। 2006 के बाद से यूएस ओपन पुरुष फ़ाइनल में जगह बनाने वाले पहले स्थानीय खिलाड़ी थे। फ्रिट्ज ने कहा यही कारण है कि मैं इतनी कड़ी मेहनत करता हूं। मैं यूएस ओपन के फाइनल में हूं। यह एक सपने के सच होने जैसा है, और मैं इसमें अपना सब कुछ देने जा रहा हूं।

महिला युगल फाइनल में, चीन की अनुभवी झांग शुआई और उनकी फ्रांसीसी जोड़ीदार क्रिस्टीना म्लादेनोविक सातवीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको से 6-4, 6-3 से हार गईं। झांग ने कहा किकी के बिना, निश्चित रूप से मैं आज सेंट्रल कोर्ट में खड़ी नहीं रह सकती थी। मैं किचेनोक और जेलेना को बधाई देना चाहती हूं, आपका प्रदर्शन इस ट्रॉफी का हकदार है।

यानिक सिनर

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में नई शुरुआत करेगा भारत

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी

- भारतीय हॉकी टीम का पहला मुकाबला आज चीन से होगा

लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक जीत कर उत्साह से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को यहां जब मेजबान चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी तो उसका पहला लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। भारत इस टूर्नामेंट में चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा जहां उसका सामना चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया जैसी एशिया के शीर्ष टीमों से होगा।

भारत ने पिछले साल घरेलू मैदान पर खिताब जीता था, जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई। पेरिस ओलंपिक के बाद कुछ दिन का विश्राम लेने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना दबदबा जारी रखना चाहते हैं। खेल के नजरिये से हमारा आक्रामक खेल और पेनाल्टी कॉर्नर हमारे मजबूत पक्ष हैं लेकिन हम विशेष रूप से जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ मजबूत रक्षापंक्ति के साथ खेलना चाहेंगे। चीन के बाद, भारत अपने दूसरे मैच में नौ सितंबर को जापान से भिड़ेगा।

बॉलीवुड हलचल

अक्षय ने दिखाई नई फिल्म की झलक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपनी नयी फिल्म की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। 9 सितंबर को अक्षय कुमार जन्मदिन है। अक्षय कुमार ने इससे पूर्व अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसमें एक दानव का चेहरा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार ने इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, गणपति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए।

काम का प्रत्येक दिन मुझे नई सीख देता है : अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि काम का प्रत्येक दिन उनके लिए सीख है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर लिखा, काम का प्रत्येक दिन मेरे लिए सीख है... सिर्फ काम ही नहीं, बल्कि एक और दिन ऐसे तत्वों से भरा है जो हमें जीवन और जीने की वास्तविकता के करीब लाता है। अमिताभ बच्चन ने लिखा, प्रत्येक दिन हम जीवन को देखते हैं और जानते हैं और कभी-कभी हमारी आंखों में आश्चर्य होता है... देखें कि आप कहां हैं, और आपके भीतर क्या है। किसी नुकसान पर विलाप करने का कोई मतलब नहीं है। इसे स्वीकार करें और अपने और अपने ऊपर निर्भर लोगों के लिए बेहतर जीवन जीने के लिए मेहनत करें। आपकी ताकत आपके भीतर है और केवल आप ही अपनी जरूरत के हिसाब से इसका उपयोग कर सकते हैं।

गणेश चतुर्थी पर कुबेर का नया पोस्टर जारी

मुंबई। गणेश चतुर्थी के अवसर पर फिल्म कुबेर का नया पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में सुपरस्टार धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी एक ही दिशा में देखते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पोस्टर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, टीम की ओर से सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। बेहतरीन फिल्म कुबेर को देखने के लिए तैयार हो जाइए। पोस्टर में धनुष पूरी दाढ़ी, लंबे बाल के साथ एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, जो उनके किरदार की यात्रा के बारे में जिज्ञासा को जगाता है, वहीं नागार्जुन अक्किनेनी अपनी उपस्थिति के जरिये चौंकाते हैं। उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति कथानक के इर्द-गिर्द रहस्य को और गहरा कर देती है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर एक सामाजिक-ड्रामा है और इसे तमिल और तेलुगु दोनों में बड़े पैमाने पर फिल्माया गया है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



दलीप ट्रॉफी में भारत सी ने डी को हराया

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

युवा वामहस्त स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में मिली लय को दूसरी पारी में जारी रखते हुए सात विकेट झटके जिससे दलीप ट्रॉफी मैच में शनिवार को यहां भारत डी की पारी लड़खड़ा गई और भारत सी ने चार विकेट से मैच अपने नाम किया। मैच के तीसरे दिन जीत के लिए 232 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत सी के शीर्ष क्रम ने बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (36), आर्यन जुयाल (47) और रजत पाटीदार (44) की महत्वपूर्ण पारियों से टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया तो वही अभिषेक पोरेल ने दबाव के क्षणों में नाबाद 35 रन की पारी खेल टीम को जीत दिलाई। भारत डी ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 206 रन से की, अक्षर पटेल और हर्षित राणा क्रीज पर थे। इस जोड़ी की 30 रन की साझेदारी को सुथार ने अक्षर (28) को आउट कर तोड़ा। उन्होंने इसके बाद आदित्य ठाकरे (0) को आउट किया, जिससे इंडिया डी की दूसरी पारी 236 रन पर समाप्त हुई। लक्ष्य का पीछा करते हुए गायकवाड़ और साई सुदर्शन (22) ने 64 रन की साझेदारी के साथ भारत सी को अच्छी शुरूआत दिलायी। सारांश जैन से सुदर्शन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ने के बाद गायकवाड़ को भी चलता किया। जुयाल और पाटीदार ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जैन ने मैच में एक बाद फिर साझेदारी को तोड़ने का काम किया।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाते खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंत के खेल से इंडिया बी को 240 रन की बढ़त

बेंगलुरु। रिषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों की मदद से भारत बी ने दलीप ट्राफी के रोमांचक मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को भारत ए के खिलाफ छह विकेट पर 150 रन बना कर 240 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गेंदबाज़ों के लिए मददगार पिच पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया बी के वशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की पारी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत की 47 गेंदों पर 61 रन की विस्फोटक पारी रही। सरफराज खान ने 36 गेंदों में 46 रनों की जोरदार पारी खेली। दिन के अंतिम ओवरों में भारत बी ने आखिरी 10 ओवरों में केवल 27 रन बनाए और इस बीच दो विकेट खो दिए। इससे पहले, भारत ए पहली पारी में 90 रन से पिछड़ते हुए 231 रन पर आउट हो गई। तनुश कोटियन (32) और आकाश दीप (11) ने हालांकि कुछ देर तक संघर्ष किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 15 तक नामांकन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। इस पुरस्कार के लिए बच्चा भारतीय नागरिक को और भारत में रहता हो। आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

किर्गिजस्तान ने तालिबान से प्रतिबंध हटाया

बिश्केक। किर्गिज़स्तान ने तालिबान को प्रतिबंधित संगठनों की सूची से हटा दिया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि तालिबान आंदोलन को किर्गिज़स्तान के क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठनों की सूची से हटा दिया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करना और संवाद बनाए रखना है। मंत्रालय ने कहा कि किर्गिज़स्तान ,अफ़गानिस्तान और पूरे क्षेत्र में एक स्थिर तथा शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

फ्रांस में पेंशन सुधार पर फिर से होगा विचार

पेरिस। फ्रांस के नवनियुक्त प्रधान मंत्री मिशेल बार्नियर ने विवादास्पद पेंशन सुधार पर चर्चा फिर से शुरू करने के अपने इरादे की घोषणा की। फ्रांस में पेंशन सुधार के ख़िलाफ़ जनवरी से जून 2023 तक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। सामूहिक कार्रवाइयों में देश भर में दस लाख से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। लेकिन सितंबर में सेवानिवृत्ति की आयु 62 से 64 वर्ष तक क्रमिक वृद्धि पर एक कानून लागू हुआ।

विमान में आई खराबी से सात यात्री हुए घायल

सिंगापुर। सिंगापुर से चीन के ग्वांगझाऊ शहर जा रहा एक विमान तकनीकी खराबी के कारण बीच हवा में लहराने लगा, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। घायलों में से एक को अस्पताल ले जाया गया है। विमानन कंपनी स्कूट ने कहा कि शुक्रवार सुबह जब विमान ग्वांगझाऊ के पास पहुंचा, तो उसमें कुछ खराबी आ गई। कंपनी ने कहा कि बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 9 .10 बजे अपने गंतव्य पर उतरा।

विस्फोटक उपकरण में धमाके के बाद इमरजेंसी

मॉस्को। रूस के वोरोनेज़ क्षेत्र के ओस्ट्रोगोज़्स्की जिले में विस्फोटक उपकरणों के विस्फोट होने के कारण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई है। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने शनिवार को यह जानकारी दी। गुसेव ने कहा कि विस्फोट वोरोनिश क्षेत्र में एक ड्रोन को निष्क्रिय करने के बाद लगी आग के कारण हुआ। जिले में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है। यहां से निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

975 किलो विदेशी पॉपकॉर्न जब्त, महिला गिरफ्तार

नक्सलबाड़ी। भारत-नेपाल सीमा पर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिला अंतर्गत रहा नक्सलबाड़ी क्षेत्र से सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने 975 किलो विदेशी ब्रांड ब्रावो पॉपकॉर्न जब्त किया है। शुक्रवार देर रात को बोडोमोनी रामजोत की विशेष गश्त के दौरान सीमा स्तंभ संख्या-8 से सटे नक्सलवाड़ी टोल प्लाजा के पास एक सदिग्ध महिला तस्कर को पकड़ा गया और उसके कब्जे से 975 किलोग्राम विदेशी पॉपकॉर्न से भरे 39 बैग बरामद किए गए।

कनाडा से पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

वाशिंगटन। कनाडा में रहने वाले 20 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक पर आईएसआईएस का समर्थन करने के लिए न्यूयॉर्क शहर में आतंकवादी हमले की योजना बनाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से शुक्रवार जारी बयान में कहा गया कि कनाडा में रहने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक 20 वर्षीय मुहम्मद शाहजेब खान उर्फ शाहजेब जादून को न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में दायर एक शिकायत के सिलसिले में 4 सितंबर को कनाडा में गिरफ्तार किया गया था।

चीतों की मौत पर मांगी थी रिलायंस केंद्र से मदद

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पिछले साल महज एक महीने में तीन चीतों की मौत के बाद, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने मई 2023 में स्वास्थ्य निगरानी प्रोटोकॉल की समीक्षा के लिए गुजरात स्थित रिलायंस के वन्यजीव केंद्र के विशेषज्ञों की मदद मांगी थी। एनटीसीए के सहायक वन महानिरीक्षक अभिषेक कुमार ने पत्र लिखकर विशेषज्ञों की एक टीम कूनो भेजने का अनुरोध किया था।

एमटेक समूह की 5,000 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की कार्रवाई

दिवालिया मोटरवाहन उपकरण विनिर्माण कंपनी (एमटेक समूह) के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन निरोधक कानून के तहत फार्म हाउस, राज्यों में सैकड़ों एकड़ कृषि और औद्योगिक भूमि तथा 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के शेयर और डिबेंचर जब्त किए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह कार्रवाई संघीय एजेंसी द्वारा जुलाई में एमटेक समूह के प्रवर्तकों अरविंद धाम को गिरफ्तार किए जाने के बाद की गई है। कंपनी दिवाला प्रक्रिया के दौर से गुजर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की प्राथमिकी और मामले की जांच के लिए फरवरी में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देश का संज्ञान लेते हुए कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। ईडी ने कहा कि आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आरोपियों के खिलाफ बैंक ऋणों को अवैध रूप से दूसरे मद में खर्च करने और इन ऋणदाताओं को नुकसान पहुंचाने के लिए सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी। बैंक धोखाधड़ी का अनुमान लगभग 27,000 करोड़ रुपये है।

नकली मोबाइल चार्जर से हो सकता है बड़ा नुकसान

फर्जी मोबाइल चार्जर एक गंभीर समस्या है जो आपके फोन को नुकसान पहुंचा सकती है। ये चार्जर असली चार्जर की तरह दिखते हैं, लेकिन इनकी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इनका उपयोग करने से आपके फोन की बैटरी खराब हो सकती है, शॉर्ट सर्किट हो सकता है और आग लगने का खतरा भी होता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप असली चार्जर का ही उपयोग करें और फर्जी चार्जर से बचें। आइए जानते हैं फर्जी चार्जर के नुकसान और उनसे बचने के उपायों के बारे में...।

नकली चार्जर से नुकसान

- **ओवरचार्जिंग :** फर्जी चार्जर आपके फोन को अधिक चार्ज कर सकता है, जिससे बैटरी की क्षमता कम हो सकती है या वह खराब हो सकती है।
- **शॉर्ट सर्किट :** फर्जी चार्जर में शॉर्ट सर्किट होने का खतरा होता है, जिससे आपके फोन के इलेक्ट्रॉनिक घटकों को नुकसान पहुंच सकता है।
- **आग लगने का खतरा :** फर्जी चार्जर में आग लगने का खतरा होता है, जिससे आपके फोन और अन्य सामान को नुकसान पहुंच सकता है।

फर्जी चार्जर से बचने के उपाय

असली चार्जर खरीदें : हमेशा असली चार्जर खरीदें जो फोन के साथ आता है या फोन के निर्माता की वेबसाइट से खरीदा जाता है। **गुणवत्ता की जांच करें :** चार्जर की गुणवत्ता की जांच करें और सुनिश्चित करें कि यह सुरक्षा मानकों को पूरा करता है। **अनधिकृत विक्रेताओं से बचें :** अनधिकृत विक्रेताओं से चार्जर न खरीदें और हमेशा विश्वसनीय स्रोतों से खरीदारी करें। **चार्जर की समीक्षा करें :** चार्जर की समीक्षा करें और देखें कि अन्य उपयोगकर्ताओं को इसके साथ कोई समस्या तो नहीं हुई है।

ले सकते हैं इन एप की मदद

- **चार्जर टेस्टर (एंड्रॉयड) :** यह एप आपके चार्जर की गुणवत्ता की जांच करता है और आपको बताता है कि यह सुरक्षित है या नहीं।
- **एम्पीयर (एंड्रॉयड, आईओएस) :** यह एप आपके फोन की बैटरी की स्थिति की जांच करता है और आपको बताता है कि आपका चार्जर सुरक्षित है या नहीं।
- **बैटरी डॉक्टर (एंड्रॉयड, आईओएस) :** यह एप आपके फोन की बैटरी की स्थिति की जांच करता है और आपको बताता है कि आपका चार्जर सुरक्षित है या नहीं।
- **यूएसबी सेफ्टी चेकर (एंड्रॉयड) :** यह एप आपके यूएसबी चार्जर की सुरक्षा की जांच करता है और आपको बताता है कि यह सुरक्षित है या नहीं।

विलियम्स और विल्मोर के बिना धरती पर लौटा बोइंग का यान

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर पहुंचने में लग गए छह घंटे

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

बोइंग का पहला अंतरिक्ष यात्री मिशन शुक्रवार की रात अंतरिक्ष यात्रियों को लाए बिना यान के धरती पर लौटने के साथ ही समाप्त हो गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अब भी अंतरिक्ष में हैं और उन्हें अगले साल तक वहीं रहना होगा क्योंकि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने उनकी वापसी को बहुत जोखिमपूर्ण बताया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के छह घंटे बाद स्टारलाइनर यान मेक्सिको के व्हाइट सैंड्स मिसाइल रेंज पर उतरा। यान के लौटने के बाद ह्यूस्टन में हुई प्रेस वार्ता में बोइंग शामिल नहीं हुआ, हालांकि कंपनी के अंतरिक्ष और रक्षा विभाग के दो शीर्ष अधिकारियों टेड कॉल्बर्ट और केय सियर्स ने कहा कि वे नासा के फैसले का समर्थन करते हैं।। 'स्टारलाइनर' ने लंबे इंतजार के बाद जून में अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। हालांकि, यान के 'थ्रस्टर' में समस्या आने और हीलियम लीक होने के कारण वह अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने में नाकाम रहा।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो पायलट अब अगले साल तक आईएसएस पर ही रहेंगे। महीनों तक विल्मोर और विलियम्स की वापसी को लेकर सवाल उठते रहे।

- मेक्सिको के व्हाइट सैंड्स मिसाइल रेंज पर उतरा स्टारलाइनर यान

जून में होनी थी अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी

'स्टारलाइनर' के अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के बाद सुनीता विलियम्स ने रेडियो संदेश में कहा कि वह अपने घर जा रहा है। विलियम्स और विल्मोर को 'स्टारलाइनर' के अंतरिक्ष की उड़ान भरने के एक सप्ताह बाद जून में पृथ्वी पर लौटना था, लेकिन यान के 'थ्रस्टर' में समस्या आने और हीलियम लीक होने के कारण दोनों अंतरिक्ष में ही फंस गए। नासा ने बताया था कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को 'स्टारलाइनर' से वापस लाना बहुत जोखिम भरा है।

आठ दिन का मिशन आठ महीने में बदला

अब 'स्पेसएक्स' यान दोनों अंतरिक्षयात्रियों को अगले साल फरवरी में वापस लेकर आएगा, जिससे उनका आठ दिन का यह मिशन आठ महीने से अधिक समय का हो जाएगा। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और नौसेना के सेवानिवृत्त कैप्टन विल्मोर और विलियम्स अंतरिक्ष में अपने आप को व्यस्त रख रहे हैं और मरम्मत-रखरखाव कार्य एवं प्रयोगों में मदद कर रहे हैं। वे अब अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद सात अन्य यात्रियों के साथ काम कर रहे हैं। नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने इस सप्ताह के शुरुआत में कहा था कि अंतरिक्ष दल का ध्यान 'स्टारलाइनर' की वापसी पर इस कदर केंद्रित रहा है कि उनके पास बोइंग की अगली परियोजना के बारे में सोचने का वक्त ही नहीं था।

मोदी की जगह जयशंकर करेंगे संरा महासभा को संबोधित

संयुक्त राष्ट्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सितंबर के अंत में यहां प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान वार्षिक आम बहस में वक्तव्य नहीं देंगे। उनके जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर के बहस में वक्तव्य देने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची से यह बात सामने आई है। प्रधानमंत्री इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क की यात्रा करने वाले हैं। उनके 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड में 16,000 सीट वाले नासाउ वेटरंस मेमोरियल कोलेजियम में एक भव्य सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने की योजना है।

विदेश मंत्री कई देशों की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को सऊदी अरब, जर्मनी और स्विट्जरलैंड की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय तथा वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना है। वह सबसे पहले सऊदी अरब की राजधानी रियाद की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह मुख्य रूप से भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में भाग लेंगे।

पासिंग आउट परेड के बाद खुशी जताते कैडेट। ● एजेंसी

पासिंग आउट परेड के बाद 297 अधिकारी भारतीय सेना में शामिल

चेन्नई, एजेंसी

- चेन्नई की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में आयोजित किया गया समारोह, सेना में शामिल हुए 258 पुरुष और 39 महिला कैडेट

चेन्नई की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में शनिवार को एक समारोह में 258 कैडेट अधिकारी और 39 महिला कैडेट अधिकारी को भारतीय सेना की विभिन्न इकाइयों और सेवाओं में शामिल किया गया।

ओटीए के परमेश्वरन ड्रिल स्क्वायर में आयोजित 'पासिंग आउट परेड' की समीक्षा सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राज सुब्रमणि ने की। ओटीए ने कहा कि मित्रवत देशों के दस कैडेट अधिकारी और पांच कैडेट अधिकारी (महिला) ने भी सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया।

मित्रवत देशों के कैडेट के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने से अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सौहार्द और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला है।

कैडेट अधिकारी संस्थान में 'शॉर्ट सर्विस कमीशन कोर्स' के 118वें बैच तथा शॉर्ट सर्विस कमीशन कोर्स (महिला) के 32वें बैच और अन्य समकक्ष पाठ्यक्रमों से संबंधित थे। थल सेना उपप्रमुख ने अपने संबोधन में कैडेट अधिकारी और ओटीए कर्मियों की सराहना की। कहा कि आपको जल्द ही दुनिया के कुछ बेहतरीन सैनिकों की कमान संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ होगा। ये सैनिक आपकी सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं। अब आपको उनके जीवन और कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन करेगा हिंदू संगठन

वाशिंगटन। नवगठित संगठन 'हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट' ने घोषणा की है कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करेगा और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ अभियान शुरू करेगा। 'हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट' के अध्यक्ष और संस्थापक उत्सव संदूजा ने गुरुवार को इस निर्णय की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत के समर्थक हैं उनके विपरीत हैरिस ने भारत और भारत के लोगों के लिए अपमानजनक बयान दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाइडन-हैरिस प्रशासन ने सीमा को सुरक्षित नहीं रखा। हैरिस राष्ट्रपति जो बाइडन के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर नेता हैं लेकिन उन्होंने अमेरिका में अवैध प्रवासियों को आने से रोकने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से लोगों के आने पर अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है और इसका असर अल्पसंख्यक समुदायों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बेहतरीन संबंध हैं।

- कमला हैरिस के खिलाफ चलाएगा अभियान

रेल ड्राइवरों ने की खटमलों गंदे रनिंग रूम की शिकायत

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलवे रनिंग रूम में रखी कंप्लेन बुक में शिकायतों का अंबार, रेलवे बोर्ड ने दिया कार्रवाई का आदेश

खटमल और मच्छर किसी की भी नींद खराब कर सकते हैं, लेकिन वे सुरक्षित रेल परिचालन के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं, यह बात रेलवे रनिंग रूम में रखी शिकायत पुस्तिकाओं में की गई प्रविष्टियों से पता चलती है। रनिंग रूम वह कक्ष होता है जहां लोको पायलट अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद आराम करते हैं। इन शिकायतों की संख्या काफी अधिक है। इन पर कार्रवाई करते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को तुरंत इनका समाधान करने का निर्देश दिया है। अन्य आम शिकायतें अस्वास्थ्यकर भोजन, गंदे कमरे और खराब एसी से संबंधित थीं।

एक लोको पायलट और उसके सहायक ने 28 अगस्त को उत्तर पश्चिम रेलवे जोन के अजमेर मंडल में एक रनिंग रूम की शिकायत पुस्तिका में लिखा मैं कमरा नंबर 10 में खटमलों के कारण रात 12.30 बजे से जाग रहा हूं। अधूरे आराम के कारण मैं असहज महसूस कर रहा हूं। इससे ट्रेन संचालन को नुकसान हो सकता है। मध्य रेलवे जोन के अंतर्गत नागपुर मंडल के बल्हारशाह रनिंग रूम में एक सहायक लोको पायलट ने इसी तरह का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि खटमलों के बारे में उसकी पिछली शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

तुर्किये में फंसे यात्रियों को लाने को विस्तारा ने भेजा विमान

मुंबई। विमानन कंपनी विस्तारा ने शनिवार को कहा कि वह मुंबई-फ्रैंकफर्ट की अपनी उड़ान के यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक वैकल्पिक विमान और चालक दल के नए सदस्यों को भेज रही है। दरअसल, शुक्रवार को कथित बम धमकी के कारण इस उड़ान को तुर्किये के एरजुरम हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया था। विस्तारा ने 'एक्स' पर बयान में कहा कि विमान के तुर्किये के हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुमार 12.25 बजे पहुंचने और 14.30 बजे (स्थानीय समय) तक सभी यात्रियों को लेकर फ्रैंकफर्ट के लिए प्रस्थान करने की उम्मीद है। मुंबई से फ्रैंकफर्ट जा रही विस्तारा की उड़ान संख्या यूके-27 को शुक्रवार को बम की धमकी के कारण तुर्किये की ओर मोड़ दिया गया था। यह विमान शुक्रवार को एक घंटे की देरी से दोपहर 1.01 बजे मुंबई से रवाना हुआ था और इसे शाम 5.30 बजे फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) पहुंचना था। विस्तारा एयरलाइन के सूत्रों ने बताया कि ड्रीमलाइनर 787-9 विमान के चालक दल को कागज पर संदेश लिखा मिला था कि विमान में बम है। इस विमान में कुल 247 लोग सवार थे। विस्तारा ने बयान में कहा कि चूंकि, चालक दल ने ड्यूटी की समयसीमा पार कर ली है।

हाईकोर्ट में 30 वर्ष पुराने 62,000 मामले लंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- इनमें से तीन मामलों को है 1952 से निपटारे की प्रतीक्षा
- चार मामले 1954 से और नौ मामले 1955 से हैं लंबित

विभिन्न उच्च न्यायालयों में लगभग 62 हजार ऐसे मामले लंबित हैं, जो 30 वर्ष से अधिक पुराने हैं और इनमें से तीन मामले 1952 से ही निपटारे की प्रतीक्षा में हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उच्च न्यायालयों में 1954 से चार मामले और 1955 से नौ मामले लंबित हैं। वर्ष 1952 से लंबित तीन मामलों में से दो कलकत्ता उच्च न्यायालय में और एक मद्रास उच्च न्यायालय का है। इस सप्ताह की शुरुआत में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायपालिका में स्थगन मांगने की संस्कृति में बदलाव का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि लम्बे समय से लंबित मामले न्यायपालिका के समक्ष एक बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को इस समस्या को प्राथमिकता देकर इसका समाधान ढूंढना होगा।

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार, उच्च न्यायालयों में लगभग 2.45 लाख मामले लंबित हैं, जो 20 से 30 वर्ष पुराने हैं। इसी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस धारणा को तोड़ने का आह्वान किया था कि भारतीय अदालतें तारीख पे तारीख संस्कृति का पालन करती हैं।

बीरेन ने बुलाई सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक

इंफाल, एजेंसी

- मणिपुर में कानून-व्यवस्था की ताजा स्थिति पर होगी चर्चा

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करने के लिए शनिवार शाम को भाजपा, नगा पीपुल्स फ्रंट और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की एक आपात बैठक बुलाई है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री के बंगले पर होने वाली बैठक में ऊंचे पहाड़ी इलाकों से हथियारबंद व्यक्तियों द्वारा आम लोगों पर हाल में किए हमलों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेने के बारे में चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा विधायक सिंह के साथ राज्यपाल से भी मुलाकात कर सकते हैं, हालांकि अभी पुष्टि नहीं हुई है। शनिवार सुबह जिरीबाम जिले में हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई।

सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के तीन बंकर नष्ट किए

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के तीन बंकर नष्ट कर दिए। पुलिस ने एक बयान में बताया कि बिष्णुपुर में उग्रवादियों के रॉकेट हमले में एक व्यक्ति की मौत और छह अन्य के घायल होने के बाद सुरक्षा बलों ने यह कार्रवाई की। यह अभियान शुक्रवार को चुराचांदपुर जिले के मुआलसांग और लाइका मुआलसौ गांव में चलाया गया। उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में दो जगहों पर लंबी दूरी के रॉकेट दागे थे।

पाकिस्तान की समुद्री सीमा में मिला तेल-गैस का बड़ा भंडार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का एक बड़ा भंडार मिला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह भंडार इतना बड़ा है कि इसके दोहन से पड़ोसी देश की किस्मत बदल सकती है। डॉन न्यूज टीवी ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि तेल और गैस भंडार की मौजूदगी की पुष्टि के लिए एक मित्र देश के सहयोग से तीन साल तक भौगोलिक सर्वेक्षण किया गया था। संबंधित विभागों ने सरकार को पाकिस्तानी समुद्री सीमा में तेल संसाधनों के बारे में जानकारी दी है। अधिकारी ने कहा कि इन संसाधनों से लाभ उठाने के लिए बोली और अन्वेषण प्रस्तावों का अध्ययन किया जा रहा है, निकट भविष्य में अन्वेषण कार्य शुरू किया जा सकता है।

बृहस्पति के चांद का हुआ था क्षुद्रग्रह से भीषण टकराव

संवाददाता, नैनीताल

- विशाल क्षुद्रग्रह की अपनी धुरी बदलने के दौरान हुई थी विनाशकारी घटना

अमृत विचार : भले ही दूर अंतरिक्ष हमारी कोरी आंखों से ओझल रहता हो, लेकिन भयानक घटनाओं का विशाल मैदान रहा है। आए दिन ग्रह नक्षत्रों व निहारिकाओं के बीच मुठभेड़ अंतरिक्ष की सामान्य प्रक्रिया रही है और अब बृहस्पति के चंद्रमा ग्यानीमेड व एक क्षुद्रग्रह के बीच हुई भीषण टकराव की घटना का खुलासा खगोलविदों ने किया है।

यह घटना लगभग 4 अरब साल पहले हुई थी। एक विशाल क्षुद्रग्रह अपनी धुरी बदल रहा था, तभी वह बृहस्पति के चंद्रमा ग्यानीमेड से टकराया गया था। ग्यानीमेड बृहस्पति के चंद्रमाओं समेत हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह एक प्राचीन क्षुद्रग्रह था। पृथ्वी से भी एक विशाल क्षुद्रग्रह टकराया था। जिसने संभवतः पृथ्वी के डायनासोरों का सफाया कर दिया था। पृथ्वी के साथ हुई घटना का काल करीब साढ़े छः करोड़ वर्ष पहले माना जाता है। कोबे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के शोध से पता चला कि ग्यानीमेड भी अपनी धुरी पर स्थानांतरित हो गया। 3 सितंबर को यह शोध जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ है। ग्यानीमेड बुध ग्रह से भी बड़ा चंद्रमा है।ग्यानीमेड की बर्फीली सतह के नीचे तरल पानी का विशाल महासागर है। ग्यानीमेड भी हमारे चंद्रमा के समान परिक्रमा करता है। जिस कारण उसका सिर्फ एक हिस्सा दिखाई देता है, जैसा कि पृथ्वी से चंद्रमा नजर आता है। बृहस्पति के इस उपग्रह पर पानी के सागर होने के कारण आकर्षण बना हुआ है। यह संभव है कि भविष्य में इस पर जीवन के संकेत मिल सके या फिर किसी अन्य रूप मे जीवन मौजूद हो, यह जानकारी निरंतर अध्ययन के बाद ही पता चल सकेगी। बृहस्पति के चांद आयो, यूरोपा, ग्यानीमेड व कैलिस्टो वैज्ञानिकों के आकर्षण में रहे हैं, लेकिन ग्यानीमेड पर बनी खाइयां शोध के लिए मजबूर करती है।

बृहस्पति के साथ उसका चंद्रमा ग्यानीमेड।

ईसा का अंतरिक्ष मिशन जूस ग्यानीमेड के सफर पर

ग्यानीमेड बर्फ व चट्टान का गोला है। यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का जूस अंतरिक्ष मिशन वर्तमान में बृहस्पति और उसके चंद्रमाओं की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसे बृहस्पति तक पहुंचने के लिए अभी एक दशक का समय और लगेगा। इस मिशन के जरिए ग्यानीमेड के बारे में और अधिक जान सकेंगे।